
तिरुक्कुरळ
திருக்குறள்
THIRUKKURAL



तमिल वेद के नाम से, तिरुक्कुरळ विख्यात ।
वल्लुव-वाणी सब ओर, नादित हो दिनरात ॥

नर-नारी सब के लिए, कुरळ सदा पठनीय ।
ग्रंथालय में कुरळ की, शोभा है कमनीय ॥

कुरळ पढ़े बिनु मनुज का, जीवन हो बेकार ।
धर्म अर्थ औ काम का, उसमें प्रकटित सार ॥

बस-विमान औ रेल में, कुरळगीत उत्कीर्ण ।
आम स्थान में कुरळ के, गाने हैं उत्कीर्ण ॥

पुत्र, मित्र, गृहिणी, अधिप, आदि कुरळ में ज्ञेय ।
राजनीति, धन, कामना, प्रभृति कुरळ में ज्ञेय ॥

विद्यालय कॉलेज में, कुरळ-पाठ हो गेय ।
जीवन के हर क्षेत्र में, कुरळ-विषय विज्ञेय ॥

... कुरळ गीत मशहूर ।
...खती कुरळ-वाक् मशहूर ॥

... : विद्वान टी.ई.एस. राघवन, एम.ए.

तिरुक्कुरल
திருக்குறள்
THIRUKKURAL

लेखक व गीतकार:
विद्वान टी.ई.एस. राघवन, एम.ए.

VASANTHA BOOK PUBLISHER
1, Hanumantharayan Koil Street,
Triplicane, Chennai - 5.
Phone : 28442126

Edition : 2003

Price Rs. **100.00**

Available at :

VASANTHA BOOK PUBLISHER
1, Hanumantharayan Koil Street,
Triplicane, Chennai - 600 005.
Phone : 28442126

Printed at :

Sri Maruthy Laser Printers
173, Peters Road,
Chennai - 600 014. ✆ 28524256

This book was released
at the function "**Manjari**"
of the Dept. of Hindi,
M.O.P. Vaishnav College
for Woman, Chennai
on 11th August 2003
by
His Holiness Jagadguru
Sri Mathureshwarji Maharaj
of Vadodara.

The first copy was
received by
Sri. P. Haridas,
Secretary of the College.

BIO-DATA

Name	:	T.E.S. RAGHAVAN
Address	:	1, H.R. Kovil Street, Triplicane, Madras - 600 005. Phone : 28442126
Age	:	70 Years
Qualifications	:	Well-versed in Tamil, Sanskrit, Hindi and English Languages. Meemamsa Siromani, Vidwan, M.A. from Mysore University, (Hindi). Hindi Pandit (Retd.) S.M.B. Jain Hr. Sec. School. Madras - 600 005. Honorary principle, Triplicane Hindi Vidyalaya, Madras - 600 005.
Award	:	"RATNA DEEPA" by Basha Sangam, Madras - 600 017. Also honoured by D.B.H.P. Sabha, Madras - 600 017.

मडल - रीति - दोहा - 1131

प्रियतमा के घरवालों और गाँववालों पर दवाब डालने का प्रियतम द्वारा अपनाया जानेवाला एक विशेष कष्टदायक उपाय। ताड के नुकीले पत्तों से बने घोडे की नंगी पीठ पर बैठकर प्रियतम गाँव की वीथियों में घूमता हुआ अपने प्यार को ज्ञापित करता था। उसके सच्चे दृढ प्यार के आगे लोगों को झुकना पड़ता और लडकी की शादी लडके से कर दी जाती थी ॥

SYNOPSIS OF THE BOOK ENTITLED

Saint Thiruvalluvar is the author of the ancient Tamil Classic known as THIRUKURAL. It consists of three part containing in all 1330 verses.

The first part deals with righteous conduct (Arathupal) of Dharma, the second part deals with wealth (polity), Porutpal or Artha and the third with Love (Kamathupal) or Kama which are the three of the four Purusharthas that mankind should strive for in life.

The fourth Purushartha viz. Moksha is not separately dealt with by the author in the treatise. However, if a person should steadfastly adheres inlife to the code of moral and ethical coduct elaborately dealt with in the first part he can, surely expect (Moksha) liberation from the cycle of birth and death. The second part extensively deals with the rights and duties of sovereigns, ministers and citizens and also the ways and means to be accepted for ensuring economic prosperity of the people. The third part shows the ways and methods for obtaining the maximum good in conjugal life.

It may be stated that the author's ideas and ideals propagated in his work are quite in conformity with the essential fundamental moral ethical, philosophical truths and tenets enshrined in the ancient religious and secular Treasures like the Manu and other Smrithis, Kautilyas's Artha Sastra Vatsayana's Kama Sutras.

·The topics dealt with in the Kural such as the classification of people in four castes, the four ashramas, the law of Karma, rebirth, destiny or fate, free wills, heaven, hell etc. lend credence to the view that Thirukkural is a pleasing blend of all that is good in the various religious like Hinduism, Budhism, Jainism. etc. and the moral and ethical principle Centaned in Kural are intended for Universal application.

I shall feel happy if all the govt. Depts State and Central make available to their employees copies of Tirukkural So that they may be benifited by the ethical and moral messages contained therein.

Chennai **T.E.S. RAGHAVAN, M.A.**

28-1-2003 *Author*

तमिलवेद तिरुक्कुरळ

हमारे राष्ट्रीय चिंतन, दर्शन, धर्म, विचार व्यवहार की सुदीर्घ परंपरा की एक महत्वपूर्ण इकाई तिरुवळ्ळुवर है। तमिलनाडु में जन जन के हृदय पर इस मुनि के काव्य और विचार की छाप है। वे आदर्शोन्मुख तथा व्यावहारिक ज्ञान के आधार हैं। इस तरह के विद्वान की विचार-धारा को राष्ट्रभाषा हिन्दी के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाने का यह छोटा प्रयास है। जिन्दकी की व्याख्या अर्थात् गार्हस्थ्य, सन्यास, राजनीति, मान- इन सब के लक्षणों को तिरुक्कुरळ में प्रतिपादित किया गया है। वल्लुवर का साहित्य मानव-जीवन का विवेचन है। तिरुवळ्ळुवर का काव्य मुस्तक है। यह क्रमबद्ध रचना है। यह मुक्ति-प्राप्ति के लिए एक प्रशस्त सोपान है। तिरुक्कुरळ मनुष्य समाज के हित के लिए एक आदर्श रचना है। इस रचना के अद्भुत सौन्दर्य तथा गहन विचारों के कारण इसे "तमिल वेद" कहा जाता है।

टी.ई.एस. राघव



The Simple, unassuming scholars have been the inspiration and strength of our country, Bharat. Valluvar, a great scholar who lived about 2000 years ago has contributed to the rich literary heritage of our country "Bharat", more particularly in the southern India, by his Magnum Opus "Thirukural". Written in simple language, the poetry touches the heart of the most common man. Kural has answers for all the questions of a questioning mind, even in todays context a compendium of wisdom, it is, indeed.

I congratulate Sri T.E.S. Raghavan for undertaking the task of translating "Thirukural" into Hindi. Knowledge can have no limits. It is appropriate that the wisdom of Thirukural reaches the Hindi speaking multitudes of people in the country. Mr. Raghavan has several books and translations to his credit including "Tees Din me sikho Tamil" which was reprinted 33 times. Yet he is a very simple, unassuming person, does not have the knack of pushing himself up. It is a tragedy that scholars are very rarely recognised during their life times but encomiums are paid after the life times.

As proud Indians, let us recognise, appreciate and applaud the efforts of scholars like these during their life times and make our country proud.

Yours in the cause of Bharat.

P. HARIDAS

वाङ्मय - जगत्

हैदराबाद

तिरुक्कुरळ: वंदनीय प्रयास ''दक्षिण समाचार''

तिरुक्कुरळ तमिल साहित्य का सर्वश्रेष्ठ नीतिग्रंथ माना जाता है । जिसका रचनाकाल ई. प्रथम शताब्दी में पड़ता है । इस काव्य के रचियता सुप्रसिद्ध संत तिरुवल्लुवरजी हैं ।

तिरुक्कुरळ के तीन भाग हैं - धर्म, अर्थ तथा काम । धर्मकांड में 38, अर्थकांड में 70 तथा कामकांड में 25 अध्याय हैं । प्रत्येक अध्याय में 10 कुरळ के हिसाब से संपूर्ण रचना में 1330 कुरळ हैं । 'तिरु' आदर सूचक विशेषण है । जैसे हिंदी में 'श्री' कहते हैं 'कुरळ' तमिल के एक छंद का नाम है। जैसे हिंदी में 'दोहा' । तिरुक्कुरळ में वर्णित विषय सर्वकालीन तथा सर्वदेशीय है । हाल में श्री टी.ई.एस. राघवन द्वारा हिंदी में प्रस्तुत तिरुक्कुरळ ग्रंथ पढ़कर व्यक्ति ज्ञानवान और सुशीलता के लक्षणों को ग्रहण कर सकता है ।

जो शिक्षा कंठस्थ हो जाए तो वह चिरकाल तक अधिक उपयोगी सिद्ध होती है । अत एव पद्य शैली में यह ग्रंथ अनूदित है । इस सुंदर कार्य को हिंदी के माध्यम से प्रचारित और प्रसारित करने के लिए वास्तव में लेखक व गीतकार श्री टी.एस. राघवन बधाई के पात्र हैं । इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने एक स्मरणीय योगदान हिंदी को दिया है । इसका प्रचार-प्रसार सभी प्रदेशों में होना चाहिए ।

''दक्षिण समाचार'' पत्रिका 23-4-2003 - हैदराबाद

ஹிந்தி குறள் பயனுள்ளது

'வள்ளுவன் தன்னை உலகினுக்கே தந்து வான் புகழ் கொண்ட தமிழ்நாடு' என்றான் பாரதி. அந்த வள்ளுவப் பெருந்தகையின் 1330 குறட்பாக்களையும் ஹிந்தி மொழிக் காரர்களுக்கு அறிமுகப்படுத்த பகீரத முயற்சி செய்திருக்கிறார். சமஸ்கிருதம், தமிழ், ஹிந்தி ஆகிய மூன்று மொழிகளிலும் புலமை பெற்ற ஹிந்தி ஆசிரியராக பணிபுரிந்த இந்நூலாசிரியர் தி.ஈஎஸ். இராகவன்.

கடுரகந் துளைந்து ஏழ்கடலைப் புகுத்திய திருக்குறளின் கருத்துக்களை பிறமொழிகளில் விரிந்துரைக்கத்தான் முடியுமே தவிர, குறளைப் போலவே ஈரடி வெண்பாக்களாக அமைப்பது மிகவும் கடினம். இந்நூலாசிரியர் துளஸிதாஸ், கபீர்தாஸ், நானக், சூர்தாஸ் ரஹீம் போன்ற ஹிந்தி கவிஞர்களின் ஈரடி வெண்பா முறையான 'தோஹா' பாணியைக் கையாண்டு எளிய ஹிந்தியில் சிறப்பாக மொழி பெயர்த்திருக்கிறார். கருத்துக்கள் சிதையாமல் ஓசை நயமும் கெடாமல் புதுமையான முறையில் குறள் பாக்களை மொழி பெயர்த்திருப்பது போற்றத்தக்கது. சமஸ்கிருதம், ஹிந்தி, ஹிந்துஸ்தானி சொற்களை தாராளமாகக் கையாண்டு பொருத்த மாகச் சேர்த்து ஈரடியின் அழகு நடையைக் கொண்டு வந்திருக் கிறார். குறிப்பாக ஊடலுக்கு 'பிரணய கலஹம்' என்றும், 'நோய் நோக்கு', 'மருந்தாகும் நோக்கு' என்பதற்கு 'ரோக்கா முல்' 'ரோக்ஹரன் காமூல்' என்றும், 'இல்லாள்', மனையாள் என்பதற்கு பத்தினி, 'கிரஹினி' என்று பொருத்தமான சொற்களை கருத்தாழம் சிதையாமல் கையாண்டிருக்கிறார். 'அணிச்சம்' என்பதை குறிப்பிலாவது விளக்கியிருக்கலாம்.

ஹிந்தி அறிஞர்கள் இப்புத்தகத்தைப் படித்து ஆக்கபூர்வ மான யோசனைகளைக் கூறி தமிழரின் ஹிந்தி ஆர்வத்திற்கு ஊக்கமளிப்பதுடன், கேந்திரீய வித்தியாலங்களும் கல்வி நிறுவனங்களும், நூலகங்களும் இந்நூலை வாங்கி உற்சாகமூட்ட வேண்டும். பரிசுகள் வழங்குவதற்கும் பயனுள்ள நூல் இது.

மதிப்புரை : தினமணி - **ஹரி**

धर्म काण्ड में वर्णित विषय

1. देव स्तुति, बरसात औ सन्यासी-गुण गान ।
किया गया है खूब ही, तथैव धर्म-बयान ।।

2. गृहस्थ, गृहिणी, सुत तथा, प्रेम, अतिथि सत्कार ।
मीठीबात, कृतज्ञता, तटस्थ का आचार ।

3. संयम, शिष्टाचार, औ, परदाराननुराग ।
सह्यय-भाव, अनसूयता, उत्कठ ही अनुराग ।।

4. अपिशुनगुण, बकवाद के, निराकरण का वाद ।
पाप-भीरूता और की, सहायता का वाद ।।

5. दानी का गुण-गान, यश, दयालु का आचार ।
आमिष-वर्जन, तप तथा, मिथ्या का आचार ।।

6. स्तेयरहितता, सत्य, औ अमन्यु, अवध्य भाव ।
हनन-रोध, चिरहीनता, सन्यासी का भाव ।।

7. तत्व ज्ञान, तृष्णामयी गुण का निरसन वाद ।
भाग्यवाद का जिक्र भी, धर्मकाण्ड में ज्ञात ।।

अर्थ काण्ड में वर्णित विषय

8. नृप-गरिमा, शिक्षा तथा, अनध्ययन का भाव ।
श्रवण, बुद्धिसमवेतता, दोष-निवारण भाव ।।

9. सज्जन-संगति श्रेष्ठता, दुर्जन संगनिषेध ।
सुविचारित कृति निपुणता, अविमर्शन प्रतिषेध ।।

10. अपना बल का बोध, औ, सुसमय का उद्बोध ।
स्थान-बोध, विश्वास दृढ, रखना करके शोध ।।

11. कार्य सौंपना परख कर, बांधव का परिपाल ।
अप्रमाद, शासन उचित, कटु शासन विकराल ।।

12. ना करना कृति भयकरी, दया-दृष्टि, चर गुप्त ।
उत्साही की भावना, आलस गुण, अरि गुप्त ।।

13. उद्यम, दुख में बिन व्यथा, रहना, अमात्यभाव ।
वच पटुता कृति-दक्षता, कर्म-शुद्धि का भाव ।।

14. दृढ रहना है कर्म में, कार्य-करण की रीति ।
दूत तथा भूनाथ से सदाचार की रीति ।।

15. इंगितविद की भावना, जनसंसद का ज्ञान ।
संसद में निर्भीकता, राष्ट्र, दुर्ग का ज्ञान ।।

16. वित्त, सैन्य की श्रेष्ठता, सैनिक का धृति भाव ।
मैत्री, मैत्री की परख, चिर मैत्री का भाव ।।

17. बुरी मित्रता, नेह छल, मूढ भाव अभिमान ।
विभेद, रिपु को श्रेष्ठता, शत्रु शक्ति का ज्ञान ।।

18. अन्तर रिपुता, वृद्ध का, ना करना अपचार ।
वश होना है रमणि का, वेश्या का आचार ।।

19. सुरा पान वर्जित सदा, जुआ, चिकित्सा भाव ।
कुलीनना, गौरव तथा, महानता का भाव ।।

20. सभी गुणों की पूर्णता, सभ्यों का आचार ।
निष्फल धन, लज्जा तथा, कुल गौरव आचार ।।

21. कृषि, निर्धनता, याचना, भीख माँग की भीति ।
ओछापन ये विषय सब, वर्णित विस्तृत रीति ।।

22. अर्थकाण्ड में राज्यके, सभी अंग निर्णीत ।
अर्थ विषय इस काण्ड में, सर्वोपरि निर्णीत ।।

काम काण्ड में वर्णित-विषय

23. सुन्दरता की वेदना, इंगित का पटु-ज्ञान ।
सुयोग का आनन्द औ, शुभ लावण्य-बयान ।।

24. प्रेम-प्रशँसा, लाज के, उत्सर्जन की उक्ति ।
प्रवाद कहना, विरह की, पीडा सुजनित उक्ति ।।

25. विरह-निशा की कटु व्यथा, दृग के आतुर भाव ।
पीलापन की वेदना, विरह जनित दुख-भाव ।।

26. सुमिरण में एकान्तता, पीडा स्वप्न विभाव ।
संध्या दर्शन से व्यथित, होना विवर्ण भाव ।।

27. मनसे कहना, धैर्य का, भंजन, उत्कट चाह ।
इंगित से उद्‌बोध औ, पुनर्मिलन की चाह ।।

28. अपने दिल से रूठना, मान, मान का भेद ।
प्यार लोक में मान का, तोष, नहीं है खेद ।।

29. बाहर भीतर गेह के तिरूक्कुरळ का घोष ।
सुनकर जनता रोज़ ही पावे असीम तोष ।।

कुरळ की गरिमा

30. प्रसिद्ध "उत्तरवेद" से तिरूक्कुरळ है ग्रंथ ।
"तमिल वेद" से ख्यात भी तिरूक्कुरळ है ग्रंथ ।।

31. लखने में तो "कुरळ" है धरता छोटा रूप ।
भावबोध में यह बड़ा, साबित हुआ अनूप ।।

32. "देव ग्रंथ" के नाम से तिरूक्कुरळ विख्यात ।
"आम निगम" के नाम से तिरूक्कुरळ विख्यात ।।

33. "सत्य उक्ति" के नाम से तिरूक्कुरळ मशहूर ।
पुराण-पुस्तक नाम से तिरूक्कुरळ मशहूर ।।

34. दैव सुधी, प्राचीनकवि, महामहिम विद्‌वान ।
वल्लुव के अभिधान ये आदिम कवि धीमान ।।

35. आदि पुत्र, भगवनतनय, वल्लुव थे पटकार ।
उनकी पत्नी वासुकी, साध्वी रही उदार ।।

36. तिरूक्कुरळ को बौद्ध-कृति कहते हैं कुछ लोग ।
तिरूक्कुरळ को जैन-कृति कहते हैं औ लोग ।।

37. शिवपूजक का कथन है सन्त शैव का ग्रंथ ।
हरिपूजक का कथन है यह वैष्णव का ग्रंथ ।।

38. जो भी हो हम बोलते नीति शास्त्र का ग्रंथ ।
तिरूक्कुरळ को जगत में सब से उत्तम ग्रंथ ।।

39. राजनीतिविद के लिए, यह है परम सहाय ।
सब नर इससे खूब हैं, करते प्राप्त सहाय ।।

40. मेरू मंथर पुराण औ तिरूक्कुरळ की बात ।
दोनों ही हैं एक-सी "नायनार" का वाद ।।

41. क्या बालक, क्या नवयुवा, समाज का हर अंग ।
क्या ना जाने कुरल से, हित या अनहित रंग ।।

42. "कुरळ" "कुरळ" यों कूजते, मधुर शब्द समवेत ।
वल्लुव-पिक को नमन हो, आगत कविता-खेत ।।

43. कविता-वन में विचरते वल्लुवसिंहनिनाद ।
सुनकर हरेक आदमी, पाता है आह्लाद ।।

44. जो पीता है कुरळगत, विषयसिन्धु की धार ।
उस वल्लुव मुनि देव को, मम सलाम शत बार ।।

45. पानी बरसें समय पर, भूमि शस्य से युक्त ।
क्षोभ रहित हो देश यह, जीव भीति से मुक्त ।।

46. मुनि मनुकी स्मृति-नीति से उद्धृत हैं बहु भाव ।
मनु-वल्लुव में साम्य के विद्यमान हो भाव ।।

47. कालिदास के काव्य हैं उपमाओं से ख्यात ।
उपमा-पद-लालित्य से कुरळ काव्य तो ख्यात ।।

48. सद्गुण अवगुण बन्धुता, विरह मिलन के भाव ।
तिरूक्कुरळ में उल्लिखित, सभी रसों के भाव ।।

49. महासुधी वाल्मीकि-से, वल्लुव भी विद्वान ।
महापुरूष शुकदेव-से, वल्लुव भी धीमान ।।

50. कर्ण मधुर है कुरळ कृति, इसमें नहि संदेह ।
वल्लुव की वाणी सदा, गूँज उठें हर गेह ।।

51. जीवन भर नर के लिए कुरळ ग्रंथ पठनीय ।
कुरळ-उक्ति हर बात में मानस में मननीय ।।

52. भाषण देने के लिए, कुरळ-शास्त्र उपयुक्त ।
लेखन-परचा के लिए, कुरळ वाक्य उपयुक्त ।।

53. विद्यार्थी-समुदाय को कुरळ नीति सुख देय ।
अध्यापक-समुदाय को कुरळ तत्व आदेय ।।

54. विद्यालय में कुरळ का ज्ञात मुख्य हो स्थान ।
ग्रंथालय में कुरळ का सुविदित ऊँचा स्थान ।।

55. जीवन के हर क्षेत्र में, वल्लुव का अभिधान ।
दुनिया के साहित्य में, माना कुरळ महान ।।

56. सरल कुरळ है समझने, सरस तमिल का वेद ।
यह पढ़कर स्त्री-पुरूष को, सुख मिलता, नहि खेद ।।

57. ग्रंथ कुरळ में कामरस, वर्णित है विस्तार ।
पढ़कर मन में हर्ष का, होता है संचार ।।

58. कुरळ-दीप से चित्त का दूर हुआ अज्ञान ।
कुरळ-शास्त्र से देह का, खूब हुआ है त्राण ।।

59. हर मानव को चाहिए, धर्म अर्थ औ काम ।
तीन काण्ड-युत कुरळ से, मिलता है आराम ।।

60. इस जग में अनुवाद से, विदित हुई है बात ।
राघव-कृत अनुवाद से, कुरल-तत्व हो ज्ञात ।।

61. भट्टबाण कवि के सदृश, वल्लुव का आख्यान ।
वल्लभाचार्य के सदृश, वल्लुव पुरुष महान ।।

62. ज्ञानी शंकर के सदृश, वल्लुव दर्शी तत्व ।
जीव-तत्वविद् बुद्धसम, वल्लुव रागी सत्व ।।

63. महावीर-सम जन्तुहित, कारक वल्लुव वीर ।
व्यासराजसम वादरत, ज्ञानी वल्लव धीर ।।

64. वेदांती देशिक-सदृश, वल्लुव हो निष्काम ।
माणिक्कवाचक-सदृश, वल्लुव आत्माराम ।।

65. विदुरनीति के सदृश है, कुरळ ग्रंथ उत्कृष्ट ।
भर्तृ-नीति के सदृश है, कुरळ नीति उत्कृष्ट ।।

66. काम कांड में कुरळ के है श्रृंगार-वियोग ।
अर्थ-कांड में कुरळ के है धन का संयोग ।।

67. मुक्ति कांड नहि कुरळ में, तो भी नर हो मुक्त ।
धर्म-कांड से कुरळ के, नर भव से हो मुक्त ।।

68. रामायण - ऋगवेद के भाव कुरळ में ज्ञेय ।
भारत औ भागवत के आशय उसमें ज्ञेय ।।

69. शुक्रनीति-चाणक्य के, भावकुरळ में ज्ञेय ।
वात्स्यायण के रति-भाव, कामकांड में ज्ञेय ।।

70. दूत, गुप्त के भाव सब, अर्थ कांड में गेय ।
प्यारी-प्यारे के भाव, कामकांड में गेय ।।

71. वल्लुव-कबीर उभय में, साम्यभाव ठहराय ।
वल्लुव-केशवदास में भावसाम्य बतलाय ।।

72. तुलसी-वल्लुव उभय के कर्मवाद हैं एक।
कविवल्लुव औ सूर में प्रेमभाव हि अनेक ॥

73. माँगन मरणसमान है वल्लुव-कबीर-उक्ति ।
"दंभ-दर्प का नाश हो" कबीर-वल्लुव-सूक्ति ॥

74. ज्ञान-सूर है वल्लुवर, कुरळ-सिंधु ही ज्ञेय ।
अंधकारहर वल्लुवर कुरळ-दीप विज्ञेय ॥

75. कुमित्र-सुमित्र कुरळ से अवगत ही हो जाय ।
सुपुत्र-कुपुत्र कुरळ से, खूब विदित हो जाय ॥

76. कुकर्म-सुकर्म कुरळ से सम्यक हो मालूम ।
गुप्त-सैन्य-बल कुरळ से, सम्यक हो मालूम ॥

77. राजा-परजा-कर्म क्या? खूब कुरळ से ज्ञात ।
कुदार-सुदार-पहचान खूब कुरळ से ज्ञात ॥

78. सदाचार व दुराचार, इसमें दर्शित खूब ।
कोप, काम की वासना, इसमें वर्णित खूब ॥

79. परम धर्म है अहिंसा, प्रतिपादित विस्तार ।
इसमें वर्णित विशद से, सुखदायक उपकार ॥

80. वल्लुव-वाणी भाव की वाणी मानी जाय ।
वल्लुव का साहित्य तो, अमिट अतुल हो जाय ॥

81. "नवीन" वल्लुव सदृश हो काव्य सृजन में वीर ।
"माखन" वल्लुव सदृश हो काव्यसृष्टि में धीर ।।
(नवीन-बालकृष्णशर्मा, माखन-माखनलाल चतुर्वेदी ।)

82. वल्लुव-सम "हरि औध" को माना कविसम्राट ।
वल्लुव-समान "शुक्लजी" स्रष्टा काव्य विराट ।।
(हरि औध-अयोध्या प्रसाद सिंह, शुक्ल-रामचन्द्रशुक्ल)

83. मैथिलीशरण विरह में, वल्लुवसम स्मरणीय ।
"प्रसाद शंकर" काम में, वल्लुवसम स्तवनीय ।।

84. वर्मा नन्दन काव्य में वल्लुवसम हो गेय ।
उग्र-निराला गीति में कुरळकार सम गेय ।।
(वर्मा-महादेवी वर्मा, नन्दन, सुमित्रानंदन, उग्र पांडेयजी)

85. मधु-सेवन के पक्ष में, हो "बच्चन" की राय ।
मधु-निषेध के पक्ष में, कुरळकार की राय ।।
(बच्चन-हरिवंशराय बच्चन, कुरळकार-वल्लुवर)

86. चतुरानन के नाम से, कवि वल्लुव विख्यात ।
दैव सुधी के नाम से, पट्टु वल्लुव सुख्यात ।।

87. द्रविड-आर्य का सेतु है, कवि वल्लुव का ग्रंथ ।
प्रांत-भाव का नाशकर, सुधी दैव का ग्रंथ ।।

88. कुरळ काव्य ससार में, शब्द शक्ति से युक्त ।
ग्रंथ कुरळ है जगत में, छंद-अर्थ से युक्त ॥

89. कुरळ-दीप संसार में तमस नाशकर, जान ।
श्राव्य वाच्य औ आस्वाद्य, कुरळगीत, पहचान ॥

90. वेद्य विषय हैं जगत में धर्म अर्थ औ काम ।
तीनों बातें जानकर, नर पाता आराम ॥

91. कुरळ सीखने योग्य है, कुरळ-गीत पठनीय ।
जीवन के संग्राम में, कुरळ-गान स्मरणीय ॥

92. पढ़ता है श्रुति-रव कौन? पढ़ता है स्मृति कौन ।
संस्कृत में हैं ये सभी, आम मनुज हो मौन ॥

93. राम-कथा है बहु बड़ी, भारत-कथा विशाल ।
कुरळ-गीत हैं बहुत लघु, भाव नहीं विकराल ॥

94. प्रेम-तत्व से जगत में, बढ़ नहि कोई तत्व ।
अपनावे केवल प्यार, हर कोई भी सत्व ॥
सत्व =जीव ।

95. कुसुमों में वर कमल हो, मृगगण में वर गाय ।
देवों में वर विष्णु हो, कवि में वल्लुवराय ॥

96. नित वल्लुव का वाङ्मय, उपयोगी ठहराय ।
सदैव वल्लुव का वाक, सत्ययुक्त कहलाय ॥

97. चार वेद के तत्व को, तीन कांड से ज्ञेय ।
दिल से वच से कुरळ के, गाने हो नित गेय ॥

98. कपिल-भरण-नक्कीर से पूजित प्रशंसमान ।
औवै-कुलपति-वीथि से, कुरळ प्राप्त संमान ॥

99. मामूलन - कल्ला प्रमुख, कहते कुरळ महान ।
पुरुष-अर्थ, को तीन भी कांडों से पहचान ॥

100. षट दर्शन से जो विदित, वही कुरळ से ज्ञेय ।
लघु वाणी के द्वार से, परम तत्व विज्ञेय ॥

101. इक हज़ार शत तीन औ, तीस कुरळ समवेत ।
पढ़कर ऐसे ग्रंथ को कौन न हर्षसमेत ॥

102. क्या नारी? क्या नर सभी? बनते दैवसमान ।
धर्म-अर्थ सौ आठ में, शेष कामयुत गान ॥
दैव = वल्लुवर, सौआठ - 108 अधिकार (अध्याय)
शेष - 25 अध्याय

103. महिमा-गरिमा कुरळ की मानी है निस्सीम ।
वल्लुव की महिमा जगत, जानें अतुल असीम ॥

ACKNOWLEDGEMENT

I acknowledge with profound gratitude the assistance rendered by the under mentioned persons in bringing out this book and offer my thanks to them.

1. "Vaishnava Ratna"
   Shri Krishnadasajee Purusothamdasjee
   Chairman
   Vaishnav group of Institutions
   Chennai

2. "Vaishnava Bhooshan"
   Shri Govinddasjee Purushathamdasjee
   Correspondent
   Vaishnav group of Institutions
   Chennai

3. Shri P. Haridasjee
   Senior Advocate
   Secretary, M.O.P. Vaishnav College for Women
   Chennai - 600 034.

T.E.S. RAGHAVAN, M.A.
Praveen Pracharak
Siromani, Vidwan
Meemamsa Kesari
1, H.R. Kovil Street
Chennai - 5

भूमिका

तिरुक्करळ तमिल-साहित्य का सर्वोत्कृष्ठ नीतिग्रंथ माना जाता है, जिसका रचनाकाल ईसवीं प्रथम शताब्दी में पड़ता है। प्रस्तुत काव्य के रचयिता सुप्रसिद्ध संत तिरूवल्लुवरजी है।

जाति न पूछे संत की पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करें तलवार का, पड़ा रहें तो म्यान।।

इस कथन के अनुसार हमें संत से जाति के बारे में चर्चा करना बेकार है तिरुक्करळ के तीन भाग हैं-धर्म, अर्थ तथा काम। धर्मकांड में 38, अर्थ कांड में 70 तथा कामकांड में 25 अध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय में 10 कुरल के हिसाब से संपूर्ण रचना में 1330 कुरल हैं। "तिरु" आदर सूचकविशेषण है जैसे हिन्दी में "श्री" कहते हैं। कुरल तमिल के एक छन्द का नाम है, जैसे हिन्दी में दोहा है। तिरुक्कुरल में वर्णित विषय सार्वकालीन तथा सार्वदेशीय है। प्रस्तुत "तिरुक्कुरळ" ग्रंथ पढ़कर व्यक्ति ज्ञानवान और सुशील बन सकता है।

जो शिक्षा कंठस्थ हो जाय तो चिरकाल तक वह शिक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होगी। अत एव पद्य-शैली में यह ग्रंथ अनूदित है। अनुवाद करते समय मूल का भाव ज्यों का त्यों रहने की चेष्ठा की गयी। राष्ट्र की राजभाषा हिन्दी में अनुवाद करने से ग्रंथ की उपयोगिता व्यापक होगी। विभिन्न शिक्षण-संस्थाओं के शिक्षाधिकारी प्रस्तुत ग्रंथ को पाठ्य पुस्तक के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। पुस्तकालय तथा शिक्षण केन्द्रों में "तिरुक्कुरळ" की प्रतियाँ अधिक मात्रा में खरीद कर हम जैसे हिन्दी सेवकों को प्रोत्साहित करने की कृपा करें। भगवान की वन्दना में कभी भी कवि ने ऐसी विशेषताओं का प्रयोग कही नहीं किया है, जिन से यह धारणा हो जाय कि कुरल किसी संप्रदाय-विशेष की रचना है, किन्तु इससे भी बड़ी खूबी तथा चमत्कार की बात यह है कि जिन विशेषताओं और नामों का प्रयोग उनसे किया गया है उन्हीं को सब मतावलंबि योंने मान लिया है और घोषित करने लगे कि कुरल अपने अपने मत को ही समर्थन करता है। धर्म कांड के प्रत्येक दोहे का भाव भी गद्य में दिया गया है।

आशा है कि पाठक गण यह ग्रंथ पढ़कर लाभान्वित हो जाय तथा राष्ट्र की एकता एवं भावात्मक एकता सुदृढ़ हो जाय।

श्रुति-कुरान-बाइबिल में विद्यमान जो सार।
सो है प्रस्तुत कुरल में बुध का यही विचार।।

चेन्नई — विनीत

28-1-2003 — **टी.ई.एस. राघवन**

(1) धर्मकांड - आदि भगवान की वंदना

1. सब अक्षर का आदि तो ही है यथा अकार ।
सर्व जगत का आदि है भगवन उसी प्रकार ।।

2. विद्या का अर्जन भला क्या आयेगा काम ।
वरपद पर सत्यज्ञ के अगर न किया प्रणाम ।।

3. चित्त-पद्म-गत ईश के चरण-पद्म जो पाय ।
उन्नतिकर वह जगत में चिरजीवित रह जाय ।।

4. प्यार-वैर से रहित के पादाश्रित जो लोग ।
दर्द न दे उनको कभी जग-बाधा का रोग ।।

5. जो रहते हैं ईश के सत्य-भजन में लीन ।
पाप-पुण्यमय कर्म में वे रहते नहिं लीन ।।

6. पंचेन्द्रिय-निरोध किये, अज का किया विधान ।
धर्म-मार्ग के पथिक जो हो चिर शतायुमान ।।

7. उपमाविहीन ईश का नहीं पदाश्रय-युक्त ।
तो अवश्य संभव नहीं होना चिन्ता-मुक्त ।

3. धर्म-उदधि करुणेश के शरणागत है धन्य ।
उसे त्याग दुख सिंधु को तरता नहिं है अन्य ।।

9. निष्क्रिय इन्द्रिय ही यथा "सिर" है सिर्फ हि नाम ।
अष्टगुणी के पाद पर अगर न किया प्रणाम ।।

10. ईश्वर-सेवी जगत में करते भव को पार ।
ईश्वर-सेवक जो नहीं वे नहिं करते पार ।।

1. ON THE LORD (ADORATION)

1, கடவுள் வாழ்த்து

அகர முதல எழுத்தெல்லாம் ஆதி
பகவன் முதற்றே உலகு. 1

கற்றதனா லாய பயனென்கொல் வாலறிவன்
நற்றாள் தொழாஅர் எனின். 2

மலர்மிசை ஏகினான் மாணடி சேர்ந்தார்
நிலமிசை நீடுவாழ் வார். 3

வேண்டுதல் வேண்டாமை இலான்அடி சேர்ந்தார்க்கு
யாண்டும் இடும்பை இல. 4

இருள்சேர் இருவினையும் சேரா இறைவன்
பொருள்சேர் புகழ்புரிந்தார் மாட்டு. 5

பொறிவாயில் ஐந்தவித்தான் பொய்தீர் ஒழுக்க
நெறிநின்றார் நீடுவாழ் வார். 6

தனக்குவமை இல்லாதான் தாள்சேர்ந்தார்க் கல்லால்
மனக்கவலை மாற்றல் அரிது. 7

அறவாழி அந்தணன் தாள்சேர்ந்தார்க் கல்லால்
பிறவாழி நீந்தல் அரிது. 8

கோளில் பொறியில் குணமிலவே எண்குணத்தான்
தாளை வணங்காத் தலை. 9

பிறவிப் பெருங்கடல் நீந்துவர் நீந்தார்
இறைவன் அடிசேரா தார். 10

वर्षा की महत्ता

11. उचित काल की वृष्टि से जग है जीवनदार ।
समझी जाती है तभी वृष्टि सुधा की धार ।।

12. उत्पादक है वृष्टि ही अन्नमयी आहार ।
भक्षक जन को वृष्टि खुद बनती है आहार ।।

13. यदि पानी बरसें नहीं समुचित सम्यक् काल ।
सिंधु-घिरे संसार में पड़ताभूख-अकाल ।।

14. वृष्टिमयी यदि आय की कभी कमी हो जाय ।
तो किसान से खेत में हल न चलाया जाय ।।

15. वृष्टि बली है बहुत ही अनावृष्टि क्षतिमूल ।
बिगड़े जन को वृष्टि फिर बनती हैं सुखमूल ।।

16. आसमान से मेघ की बूँदे गिर नहि जाय ।
हरा भरा तृण भूमि पर ना तो ही उग जाय ।।

17. यदि पानी नहि बरसता सागर पर बहु काल ।
बड़ा सिंधु तो शुष्क बन हो जाता बेहाल ।।

18. वृष्टि नहीं तो जगत में सुर-वन्दन हो मंद ।
वृष्टि रहें तो जगत में सुर-पूजन सानन्द ।।

19. इस महान संसार में दान तथा तप-कर्म ।
वृष्टि नहीं तो ना रहें सदैव दोनों धर्म ।।

20. बिनु पानी संसार का चलता नहि व्यापार ।
वृष्टि नहीं तो जगत में टिकता नहि आचार ।।

2, THE GLORY OF RAIN

2. வான் சிறப்பு

வான்நின்று உலகம் வழங்கி வருதலால்
தான்அமிழ்தம் என்றுணரற் பாற்று. 11

துப்பார்க்குத் துப்பாய துப்பாக்கித் துப்பார்க்குத்
துப்பாய தூஉம் மழை. 12

விண்இன்று பொய்ப்பின் விரிநீர் வியனுலகத்து
உள்நின்று உடற்றும் பசி. 13

ஏரின் உழாஅர் உழவர் புயலென்னும்
வாரி வளங்குன்றிக் கால். 14

கெடுப்பதூஉங் கெட்டார்க்குச் சார்வாய்மற் றாங்கே
எடுப்பதூஉம் எல்லாம் மழை. 15

விசும்பின் துளிவீழின் அல்லால்மற் றாங்கே
பசும்புல் தலைகாண்பு அரிது. 16

நெடுங்கடலும் தன்நீர்மை குன்றும் தடிந்தெழிலி
தான்நல்கா தாகி விடின். 17

சிறப்பொடு பூசனை செல்லாது வானம்
வறக்குமேல் வானோர்க்கும் ஈண்டு. 18

தானம் தவம்இரண்டும் தங்கா வியன்உலகம்
வானம் வழங்கா தெனின். 19

நீர்இன்று அமையாது உலகெனின் யார்யார்க்கும்
வான்இன்று அமையாது ஒழுக்கு. 20

यति की महिमा

21. श्रेष्ठग्रंथका लक्ष्य है जो हैं यतिवरशील ।
फैलाना है जगत में उनका ही गुण-शील ।।

22. यति-महिमा को जानना कभी नहीं है साध्य ।
मृत-जन-गणना जगत में कब होती है साध्य ।।

23. जन्म-मुक्ति के ज्ञान से जो धरता यति-रूप ।
उसकी महिमा जगत में सबसे श्रेष्ठ अनूप ।।

24. धिषणा-रूपी अँकुश से इन्द्रिय-नागारूढ ।
मोक्ष भूमि का हेतु है इसमें नहीं निगूढ ।।

25. इन्द्रिय-विजयी व्यक्ति का बल है अधिक महान ।
सुरजगनायक इन्द्र ही इसका रहा प्रमाण ।।

26. कठिन काम जो संतजन करते है दुस्साध्य ।
वही काम करते नहीं अधम समझ दुस्साध्य ।।

27. रूप गंध रस शब्द औ'' स्पर्शमिलाकर पंच ।
जानें इनकेतत्व जो जानें वही प्रपंच ।।

28. सार्थक भाषी संत की महिमा है विख्यात ।
गूढ मंत्र उसके कहे जग में भी विख्यात ।।

29. शील-शैल पर जो चढ़े वे हैं जगविख्यात ।
उनका गुस्सा क्षणिक भी कारक है आघात ।।

30. हिंसा तजकर जीव पर जो हैं करूणावान ।
वे कहलाते है सदा भूसुर-जातीयान ।।

3. GLORY OF NON ATTACHMENT

3. நீத்தார் பெருமை

ஒழுக்கத்து நீத்தார் பெருமை விழுப்பத்து
வேண்டும் பனுவல் துணிவு. 21

துறந்தார் பெருமை துணைக்கூறின் வையத்து
இறந்தாரை எண்ணிக்கொண் டற்று. 22

இருமை வகைதெரிந்து ஈண்டுஅறம் பூண்டார்
பெருமை பிறங்கிற்று உலகு. 23

உரனென்னும் தோட்டியான் ஓரைந்தும் காப்பான்
வரனென்னும் வைப்பிற்கோர் வித்து. 24

ஐந்தவித்தான் ஆற்றல் அகல்விசும்பு உளார்கோமான்
இந்திரனே சாலுங் கரி. 25

செயற்கரிய செய்வார் பெரியர் சிறியர்
செயற்கரிய செய்கலா தார். 26

சுவைஒளி ஊறுஓசை நாற்றமென்று ஐந்தின்
வகைதெரிவான் கட்டே உலகு. 27

நிறைமொழி மாந்தர் பெருமை நிலத்து
மறைமொழி காட்டி விடும். 28

குணமென்னும் குன்றேறி நின்றார் வெகுளி
கணமேயும் காத்தல் அரிது. 29

அந்தணர் என்போர் அறவோர்மற் றெவ்வுயிர்க்கும்
செந்தண்மை பூண்டொழுக லான். 30

धर्म पर ज़ोर देना

31. मुक्तिद तथैव अर्थ भी देनेवाला धर्म ।
उससे बढ़कर जीव को श्रेयस्कर नहिं कर्म ।।

32. श्रेयस्कर है जीव को करना अपना कर्म ।
धर्म भूलना अहितकर, समझो तुम यह मर्म ।।

33. भरसक करना चाहिये धर्म सहित ही कर्म ।
चित्त-देह औ'' वचनसे अजस्र करें सुधर्म ।।

34. पूत चित्त से जो रचा वही धर्म कहलाय ।
चित्त-शुद्धि बिनु जो रचा वही दंभ कहलाय ।।

35. ईर्ष्या, गुस्सा, कटुवचन और लोभ से हीन ।
जो कुछ कृत है धर्म वह, बाकी धर्म-विहीन ।।

36. मरण-काल में सोच मत धर्म-कर्म की बात ।
दैनिक कृत है धर्म ही आता अपने साथ ।।

37. धर्म-कार्य के सफल का जरूरी नहि सबूत ।
शिबिका-रोही-धरी में इसका स्पष्ट सबूत ।।

38. बिना बिताये व्यर्थ दिन करना ही है धर्म ।
जनम मार्ग को रोकता शिला भूत वह धर्म ।।

39. धर्म कर्म से प्राप्त जो वह है सुख का मूल ।
और कर्म तो सुखद नहि नापि कीर्ति का मूल ।।

40. धर्म-कर्म ही मनुज को पग-पग पर करणीय ।
दुनिया में दुष्कर्म हैं कभी नहीं करणीय ।।

4. GLORY OF VIRTUE

4. அறன் வலியுறுத்தல்

சிறப்புஈனும் செல்வமும் ஈனும் அறத்தினூஉங்கு
ஆக்கம் எவனோ உயிர்க்கு. 31

அறத்தினூஉங்கு ஆக்கமும் இல்லை அதனை
மறத்தலின் ஊங்கில்லை கேடு. 32

ஒல்லும் வகையான் அறவினை ஓவாதே
செல்லும்வா யெல்லாம் செயல். 33

மனத்துக்கண் மாசிலன் ஆதல் அனைத்துஅறன்
ஆகுல நீர பிற. 34

அழுக்காறு அவாவெகுளி இன்னாச்சொல் நான்கும்
இழுக்கா இயன்றது அறம். 35

அன்றறிவாம் என்னாது அறஞ்செய்க மற்றது
பொன்றுங்கால் பொன்றாத் துணை. 36

அறத்தாறு இதுவென வேண்டா சிவிகை
பொறுத்தானோடு ஊர்ந்தான் இடை. 37

வீழ்நாள் படாஅமை நன்றாற்றின் அஃதொருவன்
வாழ்நாள் வழியடைக்குங் கல். 38

அறத்தான் வருவதே இன்பம்மற் றெல்லாம்
புறத்த புகழும் இல. 39

செயற்பால தோரும் அறனே ஒருவற்கு
உயற்பால தோரும் பழி. 40

(II) On home and duty गार्हस्थ्य - धर्म

41. आश्रमवासी तीन हैं लेते गृहस्थ-योग ।
गृहस्थ-जीवन सहज ही समझें हितकर योग ।।

42. निर्धन अनाथ और मृत रहते हैं असहाय ।
ऐसे जन का है गृही करता परम सहाय ।।

43. देव-पितर के प्रति सदा करना है कर्तव्य ।
अतिथि बंधु प्रति हमें करना भी कर्तव्य ।।

44. वित्त कमाओ पाप बिनु खाओ बन्धु समेत ।
ऐसा जीवन है सदा माना पूर्ति समेत ।।

45. धर्मपंथ पर जो गृही यदि जाता निःशंक ।
तो गृहस्थ औ" धर्म भी सुफली हो निःशंक ।।

46. सहज धर्म से जो गृही करता है निज काम ।
साधक जनता में वही पाता पहला नाम ।।

47. गृहस्थ जीवन धन्य है जिसमें हो अनुराग ।
धर्मसहित जीवन सदा सुफली हो बेदाग ।।

48. मुनि जीवन से श्रेष्ठ है गृहस्थ-जीवन अेव ।
उसमें धर्माचरण है सुधर्मदर्शी अेव ।।

49. गृहस्थ जीवन असल में कहलाता है धर्म ।
वह जीवन ही श्रेष्ठ है जिसमें न निंद्य कर्म ।।

50. धर्म-मार्ग पर जो खडा वह है निष्ठावान ।
अैसा गृहस्थ देवसम बनें प्रतिष्ठावान ।।

5. இல்வாழ்க்கை

இல்வாழ்வான் என்பான் இயல்புடைய மூவர்க்கும்
நல்லாற்றின் நின்ற துணை. 41

துறந்தார்க்கும் துவ்வா தவர்க்கும் இறந்தார்க்கும்
இல்வாழ்வான் என்பான் துணை. 42

தென்புலத்தார் தெய்வம் விருந்தொக்கல் தானென்றாங்கு
ஐம்புலத்தாறு ஓம்பல் தலை. 43

பழியஞ்சிப் பாத்தூண் உடைத்தாயின் வாழ்க்கை
வழிஎஞ்சல் எஞ்ஞான்றும் இல். 44

அன்பும் அறனும் உடைத்தாயின் இல்வாழ்க்கை
பண்பும் பயனும் அது. 45

அறத்தாற்றின் இல்வாழ்க்கை ஆற்றின் புறத்தாற்றில்
போஒய்ப் பெறுவது எவன். 46

இயல்பினான் இல்வாழ்க்கை வாழ்பவன் என்பான்
முயல்வாருள் எல்லாம் தலை. 47

ஆற்றின் ஒழுக்கி அறனிழுக்கா இல்வாழ்க்கை
நோற்பாரின் நோன்மை உடைத்து. 48

அறன்எனப் பட்டதே இல்வாழ்க்கை அஃதும்
பிறன்பழிப்பது இல்லாயின் நன்று. 49

வையத்துள் வாழ்வாங்கு வாழ்பவன் வானுறையும்
தெய்வத்துள் வைக்கப் படும். 50

51. गृहिणी-गुण को प्राप्तकर पति-मन के अनुसार ।
जो है जीवन-पालिका समझें उसे सुदार ।।

52. गृहिनी में यदि गुण नहीं, गृह्य-कर्म के अर्थ ।
तो जीवन संपन्न भी माना जाता व्यर्थ ।।

53. पतनी हो यदि गुणवती है नहिं कभी अभाव ।
यदि पत्नी गुणरहित तो किसका नहीं अभाव ? ।।

54. स्त्री से बढ़कर चीज़ औं नित है महत्वहीन ।
स्त्री के पातिव्रत्य में दृड़ता हो मलहीन ।।

55. और देव पूजे बिना पतिपूजन में लीन ।
साध्वी के आदेश से होगी वृष्टि हसीन ।।

56. सती भाव की पालिका पतिपोषण में लीन ।
जो है गृह-यश-कारिका स्त्री वह दृढ़तालीन ।।

57. बन्दी-निकेत है नहीं स्त्री का पहरेदार ।
सती भाव है रात-दिन स्त्री का पहरेदार ।।

58. पति-पूजन में नारियां यदि रत हो सविशेष ।
तो उनका सम्मान भी हो दिव में सविशेष ।।

59. स्त्रीं नही गृह-यश-कारिका तो नहि होता मान ।
है रिपुगण के सामने शेरचाल असमान ।।

60. घर का शुभ-मंगल कहें पत्नी की गुण-खान ।
पत्नी का भूषण कहें पाना सत्संतान ।।

6. THE WIFE

6. வாழ்க்கைத் துணைநலம்

மனைத்தக்க மாண்புடையள் ஆகித்தற் கொண்டான்
வளத்தக்காள் வாழ்க்கைத் துணை. 51

மனைமாட்சி இல்லாள்கண் இல்லாயின் வாழ்க்கை
எனைமாட்சித் தாயினும் இல். 52

இல்லதென் இல்லவள் மாண்பானால் உள்ளதென்
இல்லவள் மாணாக் கடை 53

பெண்ணிற் பெருந்தக்க யாவுள கற்பென்னும்
திண்மையுண் டாகப் பெறின். 54

தெய்வந் தொழாஅள் கொழுநன் தொழுதெழுவாள்
பெய்யெனப் பெய்யும் மழை. 55

தற்காத்துத் தற்கொண்டான் பேணித் தகைசான்ற
சொற்காத்துச் சோர்விலாள் பெண். 56

சிறைகாக்குங் காப்புஎவன் செய்யும் மகளிர்
நிறைகாக்குங் காப்பே தலை. 57

பெற்றாற் பெறின்பெறுவர் பெண்டிர் பெருஞ்சிறப்புப்
புத்தேளிர் வாழும் உலகு. 58

புகழ்புரிந்த இல்லிலோர்க்கு இல்லை இகழ்வார்முன்
ஏறுபோல் பீடு நடை 59

மங்கலம் என்ப மனைமாட்சி மற்றுஅதன்
நன்கலம் நன்மக்கட் பேறு. 60

पुत्र लाभ

61. विभवों में सबसे बडा, बुद्धिमान संतान ।
पाकर उसको हम नहीं, मानें और महान ।।

62. सात जन्म तक भी उसे स्पर्शन करता ताप ।
यदि जिसको वर सुत मिलें गुणशाली निष्पाप ।।

63. पुत्र सदृश निज वस्तु नहिं यही बडों की उक्ति ।
पुत्र-अर्थ की प्राप्ति तो निज कर्मों की शक्ति ।।

64. निज नन्हें सुत हाथ से पक्व विलोडा भात ।
देवामृत से स्वादकर होता मीठा भात ।।

65. निज-सुत-तन के स्पर्श से तन को है आनंद ।
शिशु की तुतली बात से कानों को आनंद ।।

66. जिस जन ने जब नहिं सुनी शिशु की तुतली बात ।
तब उस जन को मधुर है मुरली-बीन-निनाद ।।

67. जनक करे उपकार यह जिससे निज औलाद ।
करें सभा में डर बिना पहले वाद-विवाद ।।

68. यदि शिक्षित संतान हो तो निज को हो हर्ष ।
उससे बढ़ संसार को वहदेगा बहु हर्ष ।।

69. पुत्र-जनन के बाद माँ पाती ही है हर्ष ।
सत्सुत के यश-लाभ से माँ है और सहर्ष ।।

70. पुत्र जनक का यह करे पहले में उपकार ।
"धन्य धन्य इसके जनक" यही कहें संसार ।।

7. THE BLESSING OF PROGENY

7. மக்கட்பேறு

பெறுமவற்றுள் யாமறிவது இல்லை அறிவறிந்த
மக்கட்பேறு அல்ல பிற. 61

எழுபிறப்பும் தீயவை தீண்டா பழிபிறங்காப்
பண்புடை மக்கட் பெறின். 62

தம்பொருள் என்பதம் மக்கள் அவர்பொருள்
தம்தம் வினையான் வரும். 63

அமிழ்தினும் ஆற்ற இனிதேதம் மக்கள்
சிறுகை அளாவிய கூழ். 64

மக்கள்மெய் தீண்டல் உடற்கின்பம் மற்றுஅவர்
சொற்கேட்டல் இன்பம் செவிக்கு. 65

குழல்இனிது யாழ்இனிது என்பதம் மக்கள்
மழலைச்சொல் கேளா தவர். 66

தந்தை மகற்குஆற்றும் நன்றி அவையத்து
முந்தி யிருப்பச் செயல். 67

தம்மின்தம் மக்கள் அறிவுடைமை மாநிலத்து
மன்னுயிர்க் கெல்லாம் இனிது. 68

ஈன்ற பொழுதிற் பெரிதுவக்கும் தன்மகனைச்
சான்றோன் எனக்கேட்ட தாய். 69

மகன்தந்தைக்கு ஆற்றும் உதவி இவன்தந்தை
என்னோற்றான் கொல்எனுஞ் சொல். 70

अनुराग भाव

71. अर्गल में बन्दी नहीं अनुरागी का राग ।
नयन अश्रु है प्रकटता प्रेमी का अनुराग ।।

72. स्नेहरहित जन चाहता निज हित सब कुछ माल
स्नेही औरों के लिये देगा हड्डी-जाल ।।

73. जैसा शरीर प्राण का घनिष्ठ ही संयोग ।
वैसाजीवन सफल है जिसमें हो रति-योग ।।

74. पैदा कर लें प्रेम ही मिलनसार का भाव ।
वही प्रेम पैदा करें मैत्री का भी भाव ।।

75. सुखजीवी हैं भोगते जग में सुख-परिणाम ।
नेह निभाना जगत में जीवन का परिणाम ।।

76. अज्ञ कहें अनुराग है धर्म-सहायक मात्र ।
विज्ञ कहें रति पाप से रक्षक है इक मात्र ।।

77. मरुथल पर तरूवर कभी नहि है पल्लवयुक्त ।
गृहस्थ जीवन धन्य नहि स्नेहहीन-मनयुक्त ।।

78. स्नेह-देह में अगरनहि बन अन्तर का अंग ।।
तो क्या फल? यद्यपि रहें बाहर के सब अंग ।।

79. ज्यों पीडित हैं धर्म से कीडे अस्थि विहीन ।
त्यों पीडित हैं धर्म से प्राणी स्नेहविहीन. ।।

80. प्रेमसहित जो देह है वह है देह सजीव ।
अस्थि चर्मयुत देह में नेह न तो निर्जीव ।।

8. LOVE (Good feeling)

8. அன்புடைமை

அன்பிற்கும் உண்டோ அடைக்குந்தாள் ஆர்வலர்
புன்கணீர் பூசல் தரும். 71

அன்பிலார் எல்லாம் தமக்குரியர் அன்புடையார்
என்பும் உரியர் பிறர்க்கு. 72

அன்போடு இயைந்த வழக்கென்ப ஆருயிர்க்கு
என்போடு இயைந்த தொடர்பு. 73

அன்புஈனும் ஆர்வம் உடைமை அதுஈனும்
நண்பென்னும் நாடாச் சிறப்பு. 74

அன்புற்று அமர்ந்த வழக்கென்ப வையகத்து
இன்புற்றார் எய்துஞ் சிறப்பு. 75

அறத்திற்கே அன்புசார் பென்ப அறியார்
மறத்திற்கும் அஃதே துணை. 76

என்பி லதனை வெயில்போலக் காயுமே
அன்பி லதனை அறம். 77

அன்பகத் தில்லா உயிர்வாழ்க்கை வன்பாற்கண்
வற்றல் மரந்தளிர்த் தற்று. 78

புறத்துறுப் பெல்லாம் எவன்செய்யும் யாக்கை
அகத்துறுப்பு அன்பி லவர்க்கு. 79

அன்பின் வழியது உயிர்நிலை அஃதிலார்க்கு
என்புதோல் போர்த்த உடம்பு. 80

अतिथि सम्मान

81. गृहस्थ - जीवन है तभी माना जाता धन्य ।
जब ही आदर अतिथि का किया जाता अनन्य ।।
82. घर के बाहर अतिथि, रख अन्दर खुद यजमान ।
पिवें अमृत भी कर्म वह चाहिये न असमान ।।
83. जो करता है अतिथि का प्रतिदिन ही उपचार ।
वह अभाव का तो कभी बनता नहीं शिकार ।।
84. हँसमुख जो हो अतिथि का करता है उपचार ।
उसके घर में है रमा करती सदा विहार ।।
85. अतिथि - भोज के बाद जो खाता बाकी आप ।
फसलें उसके खेत में उगती अपने आप ।।
86. आगत-भावी अतिथि का जो करता सत्कार ।
वह देवों का अतिथि बन, पायेगा सत्कार ।।
87. याग-लाभ सम अतिथि का अपरिमेय सत्कार ।
अतिथि-पात्र अनुरूप हो मिलता फल-सत्कार ।।
88. अतिथि-यज्ञ में जो नहीं लेता समुचित भाग ।
खोकर संचित वित्त वह खुद कहता "गतराग" ।
89. निर्धनता ऐश्वर्य में आतिथ्यरहित कर्म ।
अविवेकी में दीखता निंदित कुत्सित कर्म ।।
90. सूंधा "अनिच्च" कुसुम को जो वह कुँहला जाय ।
नेह-रहित दृग दृष्टि से अतिथि-वदन कुँहलाय ।।

9. HOSPITALITY

9. விருந்தோம்பல்

இருந்தோம்பி இல்வாழ்வ தெல்லாம் விருந்தோம்பி
வேளாண்மை செய்தற் பொருட்டு. 81

விருந்து புறத்ததாத் தானுண்டல் சாவா
மருந்தெனினும் வேண்டற்பாற் றன்று. 82

வருவிருந்து வைகலும் ஓம்புவான் வாழ்க்கை
பருவந்து பாழ்படுதல் இன்று. 83

அகனமர்ந்து செய்யாள் உறையும் முகனமர்ந்து
நல்விருந்து ஓம்புவான் இல். 84

வித்தும் இடல்வேண்டும் கொல்லோ விருந்தோம்பி
மிச்சில் மிசைவான் புலம். 85

செல்விருந்து ஓம்பி வருவிருந்து பார்த்திருப்பான்
நல்விருந்து வானத் தவர்க்கு. 86

இனைத்துணைத் தென்பதொன் றில்லை விருந்தின்
துணைத்துணை வேள்விப் பயன். 87

பரிந்தோம்பிப் பற்றற்றேம் என்பர் விருந்தோம்பி
வேள்வி தலைப்படா தார். 88

உடைமையுள் இன்மை விருந்தோம்பல் ஓம்பா
மடமை மடவார்கண் உண்டு. 89

மோப்பக் குழையும் அனிச்சம் முகந்திரிந்து
நோக்கக் குழையும் விருந்து. 90

मीठे वचन

91. धर्म-तत्व-विद कपट बिनु कहते मीठी बात ।
उनकी बोली में सदा प्रेम भाव है साथ ।।

92. दिल खुश होकर और को देने से भी दान ।
हँसमुख होकर मधुर वच कहना उत्तम, जान ।।

93. सौम्य भाव के साथ ही हार्दिक मधुर समेत ।
वच जो प्रयुक्त है सदा वही धर्मसमवेत ।।

94. जो कहता है और से प्रिय सुखकर मधु बात ।
दुखकर अभावनहि उसे ग्रसता है दिनरात ।।

95. नरभूषण है मधुरवच तथैव विनम्रभाव ।
बाकी भूषण मनुज के रखें न सार्थक भाव ।।

96. मधु वच के उपयोग से होता अधर्म-लोप ।
और धर्म की वृद्धि भी होती है निष्कोप ।।

97. परहितकारी मधुर वच जो कहता दिन रात ।
हित-सुख-नय औ पुण्य भी उसे मिले दिन-रात ।।

98. परदुखनाशक मधुर वच ओछापन से हीन ।
सुखकर है सर्वत्र ही इह पर-जन्मविहीन ।।

99. मधु वच के उपयोग से नर पाता सुख भोग ।
क्यों फिर कठोर वचन का होता है उपयोग ।।

100. तजकर मीठे वचन को कटु वच का उपयोग ।
यथा पका फल छोड़कर कच्चे का उपभोग ।।

10. KIND SPEECH

10. இனியவை கூறல்

இன்சொலால் ஈரம் அளைஇப் படிறுஇலவாம்
செம்பொருள் கண்டார்வாய்ச் சொல். 91

அகனமர்ந்து ஈதலின் நன்றே முகனமர்ந்து
இன்சொல னாகப் பெறின். 92

முகத்தான் அமர்ந்துஇனிது நோக்கி அகத்தானாம்
இன்சொ லினதே அறம். 93

துன்புறூஉந் துவ்வாமை இல்லாகும் யார்மாட்டும்
இன்புறூஉம் இன்சொ லவர்க்கு. 94

பணிவுடையன் இன்சொலன் ஆதல் ஒருவற்கு
அணியல்ல மற்றுப் பிற. 95

அல்லவை தேய அறம்பெருகும் நல்லவை
நாடி இனிய சொலின். 96

நயன்ஈன்று நன்றி பயக்கும் பயன்ஈன்று
பண்பின் தலைப்பிரியாச் சொல். 97

சிறுமையுள் நீங்கிய இன்சொல் மறுமையும்
இம்மையும் இன்பந் தரும். 98

இன்சொல் இனிதீன்றல் காண்பான் எவன்கொலோ
வன்சொல் வழங்கு வது. 99

இனிய உளவாக இன்னாத கூறல்
கனியிருப்பக் காய்கவர்ந் தற்று. 100

कृतज्ञता

101. खुद पर का उपकार बिनु पर से कृत उपकार ।
भू-सुर-जग के दान से उत्तम है अविकार ।।

102. उचित समय पर जो रचा सहाय अल्पाकार ।
वह सहाय संसार से होगा बृहदाकार ।।

103. स्वार्थहीन कृत मदद की तुलना नहि हो जाय ।
सागर से उस मदद को बड़ा कहाया जाय ।।

104. तिल भर कृत उपकार को ताड़-पेड़ सम संत ।
बृहत रूप में मानते हैं जीवन-पर्यन्त ।।

105. परसेकृत उपकार का और नहीं परिमाण ।
उपकृत की ही योग्यता उसका है परिमाण ।।

106. निर्दोषीकी बंधुता कभी न छोड़ी जाय ।
दुख में उपकृत मनुज का प्यार न छोड़ा जाय ।

107. निज दुख हर नर मित्रता सात जन्म पर्यन्त ।
सुमिरण करते अन्य से उपकृत महान संत ।।

108. ठीक नहीं है भूलना पर से कृत उपकार ।
अच्छा तत्क्षण भूलना पर से कृत अपकार ।।

109. कृतज्ञ सदृश कोई करें अगर बड़ा नुकसान ।
तो भी उसकी मदद सुध हरती है नुकसान ।।

110. धर्मविनाशी मनुज भी पाता है उद्धार ।
कृतघ्न का संसार में साध्य नहीं उद्धार ।।

11. GRATEFULNESS

11. செய்ந்நன்றி அறிதல்

செய்யாமற் செய்த உதவிக்கு வையகமும்
வானகமும் ஆற்ற லரிது. 101

காலத்தி னாற்செய்த நன்றி சிறிதெனினும்
ஞாலத்தின் மாணப் பெரிது. 102

பயன்தூக்கார் செய்த உதவி நயன்தூக்கின்
நன்மை கடலிற் பெரிது. 103

தினைத்துணை நன்றி செயினும் பனைத்துணையாக்
கொள்வர் பயன்தெரி வார். 104

உதவி வரைத்தன்று உதவி உதவி
செயப்பட்டார் சால்பின் வரைத்து. 105

மறவற்க மாசற்றார் கேண்மை துறவற்க
துன்பத்துள் துப்பாயார் நட்பு. 106

எழுமை எழுபிறப்பும் உள்ளுவர் தங்கண்
விழுமந் துடைத்தவர் நட்பு. 107

நன்றி மறப்பது நன்றன்று நன்றல்லது
அன்றே மறப்பது நன்று. 108

கொன்றன்ன இன்னா செயினும் அவர்செய்த
ஒன்றுநன்று உள்ளக் கெடும். 109

எந்நன்றி கொன்றார்க்கும் உய்வுண்டாம் உய்வில்லை
செய்ந்நன்றி கொன்ற மகற்கு. 110

निष्पक्षता

111. पक्षपात बिनु जो रचा वह है न्यायसमेत ।
निष्पक्ष भाव हर कहीं उत्तम धर्मसमेत ।।

112. धन-दौलत निष्पक्ष की नहि हो विनाशवान ।
भावी संतति के लिये करती हितप्रदान ।।

113. तजने से मध्यस्थता जो मिलता धनमाल ।
भला भले ही वह करें तजें उसे तत्काल ।।

114. कोई नर निष्पक्ष हैं अथवा बेईमान ।
अपनी कृति के शेष से होती है पहचान ।।

115. वित्तनाश धन वृद्धि की स्वाभाविक है बात ।
मध्यस्थता जीवनमें सज्जन-भूषित बात ।।

116. जो तजता निष्पक्षता सोचे भ्रष्टाचार ।
उसकी क्षति की सूचना देते हैं कुविचार ।।

117. जगत नहीं ही मानता निष्पक्ष का अभाव ।
अहितकरी है ही नहीं नापि तथा लघुभाव ।।

118. वस्तु तोलने ज्यों तुला त्यों हैं महानुभाव ।
अपनाते ही नहि सदा किसी पक्ष का भाव ।।

119. वचन नही नित बदलना निष्पक्ष का निशान ।
मन-ऋजुता भी चाहिये मध्यस्थ का निशान ।।

120. और माल को वणिक यदि समझें अपना माल ।
और करें व्यापार तो होगा न गोल-माल ।।

12. IMPARTIALITY (UPRIGHTNESS)

12. நடுவு நிலைமை

தகுதி எனஒன்று நன்றே பகுதியால்
பாற்பட்டு ஒழுகப் பெறின். 111

செப்பம் உடையவன் ஆக்கம் சிதைவின்றி
எச்சத்திற் கேமாப்பு உடைத்து. 112

நன்றே தரினும் நடுவிகந்தாம் ஆக்கத்தை
அன்றே ஒழிய விடல். 113

தக்கார் தகவிலர் என்பது அவரவர்
எச்சத்தாற் காணப் படும். 114

கேடும் பெருக்கமும் இல்லல்ல நெஞ்சத்துக்
கோடாமை சான்றோர்க் கணி. 115

கெடுவல்யான் என்பது அறிகதன் நெஞ்சம்
நடுவொரீஇ அல்ல செயின். 116

கெடுவாக வையாது உலகம் நடுவாக
நன்றிக்கண் தங்கியான் தாழ்வு. 117

சமன்செய்து சீர்தூக்கும் கோல்போல் அமைந்தொருபால்
கோடாமை சான்றோர்க் கணி. 118

சொற்கோட்டம் இல்லது செப்பம் ஒருதலையா
உட்கோட்டம் இன்மை பெறின். 119

வாணிகம் செய்வார்க்கு வாணிகம் பேணிப்
பிறவும் தமபோற் செயின். 120

संयमशीलता

121. स्वर्ग-सदृश सुख मनुज को देता संयम भाव ।
नरक-सदृश दुख मूल है संयमविहीन भाव ।।

122. संयम का पालन करो उत्तम वस्तु-समान ।
वही जीव को श्रेयकर सबसे अधिक महान ।।

123. संयम गुण को ग्रहण कर जो हो सत्पथशील ।
उसे बनाता श्रेष्ठ ही सयमरूपी शील ।।

124. स्थिर होकर निज धर्म में जो हों संयमयुक्त ।
उसका महत्व शैल से होगा उन्नतियुक्त ।।

125. सारी जनता के लिये उत्तम विनम्र भाव ।
धनी के लिये खास धन मानो विनम्र भाव ।।

126. कछुआसम जितेन्द्रिय हो, जो जीवनपर्यन्त ।
उसका पालक दमनगुण सात जन्म पर्यन्त ।।

127. वशीभूत हो जीभ ही औ, नहि हो परवाह ।
अवशी जिह्वा हेंतु है शब्द दोष दुखदाह ।।

128. प्रयुक्त इक अपशब्द से होता है नुकसान ।
सब सुकर्म के सुफल का उससे हो अवसान ।।

129. आग-आंच का घाव हो नहि मानस की चोट ।
कटुक वचन से ठीक नहि होती दिल की चोट ।।

130. शिक्षित विनयी जो सदा नहि होता नाराज़ ।
उसका स्वागत धूम से करता सुधर्मराज ।।

13. அடக்கமுடைமை

அடக்கம் அமரருள் உய்க்கும் அடங்காமை
ஆரிருள் உய்த்து விடும். 121

காக்க பொருளா அடக்கத்தை ஆக்கம்
அதனினூஉங் கில்லை உயிர்க்கு. 122

செறிவறிந்து சீர்மை பயக்கும் அறிவறிந்து
ஆற்றின் அடங்கப் பெறின். 123

நிலையில் திரியாது அடங்கியான் தோற்றம்
மலையினும் மாணப் பெரிது. 124

எல்லார்க்கும் நன்றாம் பணிதல் அவருள்ளும்
செல்வர்க்கே செல்வந் தகைத்து. 125

ஒருமையுள் ஆமைபோல் ஐந்தடக்கல் ஆற்றின்
எழுமையும் ஏமாப் புடைத்து. 126

யாகாவா ராயினும் நாகாக்க காவாக்கால்
சோகாப்பர் சொல்லிழுக்குப் பட்டு. 127

ஒன்றானும் தீச்சொல் பொருட்பயன் உண்டாயின்
நன்றாகா தாகி விடும். 128

தீயினாற் சுட்டபுண் உள்ளாறும் ஆறாதே
நாவினாற் சுட்ட வடு. 129

கதங்காத்துக் கற்றடங்கல் ஆற்றுவான் செவ்வி
அறம்பார்க்கும் ஆற்றின் நுழைந்து. 130

सदाचार

131. सदाचार अभिवृद्धि का दायक समझा जाय ।
सदाचार ही प्राण से रक्षणीय समझाय ।।

132. सदाचार को पालना सहकर भी खुद खेद ।
वही सहायक जीव का इसमें नहिं मत-भेद ।।

133. सदाचार करना सदा कुलीनता का चिह्न ।
दुराचार करना सदा नीच वंश का चिह्न ।।

134. भूल गया तो वेद भी फिर संभव अभ्यास ।
आचारहीन मनुज के कुल का होगा नास ।।

135. असूयालु के वित्त की होती नही समृद्धि ।
आचारहीन मनुज की होती नहि अभिवृद्धि ।।

136. "आचार नहीं तो भूल हो" यह विचारकर धीर ।
सदाचार करके सदा बनते सुकर्मवीर ।।

137. उन्नति देता है हमें सदाचार इकमात्र ।
अवनति ला देता हमें दुराचार इकमात्र ।।

138. मुख से दुर्वच भूलकर न कहें चरित्रवान ।
दुर्वच कहना दोषयुत समझे चरित्रवान ।।

139. लोकाचार विहीन जो भी हो शिक्षावान ।
फिर भी वे बनते नहीं सदैव विवेकवान ।।

140. सदाचार है सुखमयी जीवन का इकबीज ।
दुराचार है दुखमयी जीवन का इकबीज ।।

14. GOOD CONDUCT (MORALITY)

14. ஒழுக்கமுடைமை

ஒழுக்கம் விழுப்பம் தரலான் ஒழுக்கம்
உயிரினும் ஓம்பப் படும். 131

பரிந்தோம்பிக் காக்க ஒழுக்கம் தெரிந்தோம்பித்
தேரினும் அஃதே துணை. 132

ஒழுக்கம் உடைமை குடிமை இழுக்கம்
இழிந்த பிறப்பாய் விடும். 133

மறப்பினும் ஒத்துக் கொளலாகும் பார்ப்பான்
பிறப்பொழுக்கங் குன்றக் கெடும். 134

அழுக்கா றுடையான்கண் ஆக்கம்போன்று இல்லை
ஒழுக்க மிலான்கண். உயர்வு. 135

ஒழுக்கத்தின் ஒல்கார் உரவோர் இழுக்கத்தின்
ஏதம் படுபாக் கறிந்து. 136

ஒழுக்கத்தின் எய்துவர் மேன்மை இழுக்கத்தின்
எய்துவர் எய்தாப் பழி. 137

நன்றிக்கு வித்தாகும் நல்லொழுக்கம் தீயொழுக்கம்
என்றும் இடும்பை தரும். 138

ஒழுக்க முடையவர்க்கு ஒல்லாவே தீய
வழுக்கியும் வாயாற் சொலல். 139

உலகத்தோடு ஒட்ட ஒழுகல் பலகற்றும்
கல்லார் அறிவிலா தார். 140

पर-पत्नी पर विरति

141. पर-पत्नी पर कामना मौढ्य कर्म समझाय ।
धर्म अर्थ के विज्ञ में वहरति नहि ठहराय ।।

142. परपत्नीरत मनुज जो खोज रहें पर द्वार ।
मूढ वही है और नहि, यह कहता संसार ।।

143. विश्वासी की दार से जो रखता संसर्ग ।
जीवित भी वह मृतक सम है नहि पाता स्वर्ग ।।

144. जो करता पर-दार पर अनुचित ही व्यवहार ।
उसको क्या है फायदा यदपि रहें बहु यार ।।

145. सुलभ काम ही समझकर जो पर-दारालीन ।
पाता है कलंक वही सदैव अमिट मलीन ।।

146. वैर पाप भय निंद्यता ये मिलकर कुल चार ।
उसे छोडते ही नहीं जो करता व्यभिचार ।।

147. उसका जीवन धर्म से सदैव विराजमान ।
जो रहता पर-दार पर निस्पृह विरक्तिमान ।।

148. औ-स्त्री को नहि चाहना पौरूष समझा जाय ।
यही आचरण संत का उत्तम समझा जाय ।।

149. सागरवेष्टित भूमि पर कौन भोग्य का पात्र ।
जो स्पर्श न करता कभी पर-पत्नी का गात्र ।।

150. चाहे कर ले पाप भी धर्म-मार्ग-रति हीन ।
पर-पतनी पर विरति ही नहि है श्रेयविहीन ।।

15. LUSTING NOT AFTER ANOTHER'S WIFE

15. பிறனில் விழையாமை

பிறன்பொருளாள் பெட்டொழுகும் பேதைமை ஞாலத்து
அறம்பொருள் கண்டார்கண் இல். 141

அறன்கடை நின்றாருள் எல்லாம் பிறன்கடை
நின்றாரின் பேதையார் இல். 142

விளிந்தாரின் வேறல்லர் மன்ற தெளிந்தாரில்
தீமை புரிந்துஒழுகு வார். 143

எனைத்துணையர் ஆயினும் என்னாம் தினைத்துணையும்
தேரான் பிறனில் புகல். 144

எளிதென இல்லிறப்பான் எய்துமெஞ் ஞான்றும்
விளியாது நிற்கும் பழி. 145

பகைபாவம் அச்சம் பழியென நான்கும்
இகவாவாம் இல்லிறப்பான் கண். 146

அறனியலான் இல்வாழ்வான் என்பான் பிறனியலாள்
பெண்மை நயவாத வன். 147

பிறன்மனை நோக்காத பேராண்மை சான்றோர்க்கு
அறனொன்றோ ஆன்ற ஒழுக்கு. 148

நலக்குரியார் யாரெனின் நாமநீர் வைப்பின்
பிறற்குரியாள் தோள்தோயா தார். 149

அறன்வரையான் அல்ல செயினும் பிறன்வரையாள்
பெண்மை நயவாமை நன்று. 150

सहनशीलता

151 यथा खनक को भूमिही, सहनशील बन जाय।
माफ़ी करना निन्द्य को, उत्तम बोलाजाय ॥

152. पर से कृत अपकार सब, सहना हित समझाय।
उससे बढ़कर भूलना, सर्वोपरि समझाय ॥

153. अभाव में अभाव वही, जिसमें नातिथिभाव।
बल में बलहै सह्यता कृतभी अनहितभाव ॥

154. यदि तुमसे संपूर्णता, अलग न हो ही जाय।
सहन भाव को लगन से, अपनाया तो जाय ॥

155. प्रतिकारक को लोग तो, मानें नित नाचीज़।
सहनशील को लोग ही, मानें सुवर्ण चीज़ ॥

156. प्रतिकारी को इक दिवस, मिलता हो आनंद।
सहनशील को प्रलय तक, मिलतीकीर्ति अनंत ॥

157. निज को पर से क्षति हुई, तो मत करो अनिष्ट।
सहनशील ही जगत में, माना है धर्मिष्ट ॥

158. तेरे खिलाफ़ दर्प से, जो करता बरताव।
उसे जीतना सहन से, उत्तम अनुपम भाव ॥

159. गति से जग में श्रेष्ठ है, अैसे गृहस्थ पूत।
जो सहते हैं नोच के, कटुक वचन विषभूत ॥

160. निराहार होकर करे, जो जप तपस महान।
उससे बड़े सहिष्णु का. माना जाता स्थान ॥

16. FORBEARANCE

16. பொறையுடைமை

அகழ்வாரைத் தாங்கும் நிலம்போலத் தம்மை
இகழ்வார்ப் பொறுத்தல் தலை. 151

பொறுத்தல் இறப்பினை என்றும் அதனை
மறத்தல் அதனினும் நன்று. 152

இன்மையுள் இன்மை விருந்தொரால் வன்மையுள்
வன்மை மடவார்ப் பொறை. 153

நிறையுடைமை நீங்காமை வேண்டின் பொறையுடைமை
போற்றி ஒழுகப் படும். 154

ஒறுத்தாரை ஒன்றாக வையாரே வைப்பர்
பொறுத்தாரைப் பொன்போற் பொதிந்து. 155

ஒறுத்தார்க்கு ஒருநாளை இன்பம் பொறுத்தார்க்குப்
பொன்றுந் துணையும் புகழ். 156

திறனல்ல தற்பிறர் செய்யினும் நோநொந்து
அறனல்ல செய்யாமை நன்று. 157

மிகுதியான் மிக்கவை செய்தாரைத் தாம்தம்
தகுதியான் வென்று விடல். 158

துறந்தாரின் தூய்மை உடையர் இறந்தார்வாய்
இன்னாச்சொல் நோற்கிற் பவர். 159

உண்ணாது நோற்பார் பெரியர் பிறர்சொல்லும்
இன்னாச்சொல் நோற்பாரின் பின். 160

असूयाहीनता

161. ईर्ष्या मन से दूर कर, जो जीवित है रोज़ ।
उसका जीवन शीलयुत, माना है तू सोच ।।

162. जीवन तब संपन्न है, जब नर ईर्ष्याहीन ।
अनसूया का भावयुत, नर माना नहि दीन ।।

163. नहीं चाहता व्यक्ति जो, धर्म तथा ही अर्थ ।
पर-वैभव से तुष्टि बिनु, वह पाता नहि अर्थ ।।

164. ईर्ष्या करने से सदा, होगा हानि-अनिष्ट ।
यों अवगत जलन ही, करते नहि धर्मिष्ठ ।।

165. भूल करें यदि शत्रु भी, करने कभी अनिष्ट ।
फिर भी ईर्ष्या ईर्ष्यु को, देगी सदा अनिष्ट ।।

166. दानी-कृति को देखकर, जो जलता है आप ।
हो उसके परिवार में, प्यास-भूख का ताप ।।

167. असूयालु को इन्दिरा, अपनी ज्येष्ठाधीन ।
बना रही है रात दिन, खुद होकर स्वाधीन ।।

168. ईर्ष्या रूपी पापिनी, हर लेती है वित्त ।
ले जाने भी नरक तक बनती वहीनिमित्त ।।

169. है वैभव ईर्ष्यालु का, विधि-कृति का ही कार्य ।
अभाव ईर्ष्याहीन का, पूर्वजन्म का कार्य ।।

170. धन वैभव उनका नहीं, जो हो जलन-समेत ।
धन की क्षति उनकी नहीं, जो हो ईर्ष्यापेत ।।

17. FREEDOM FROM ENVY

17. அழுக்காறாமை

ஒழுக்காறாக் கொள்க ஒருவன்தன் நெஞ்சத்து
அழுக்காறு இலாத இயல்பு. 161

விழுப்பேற்றின் அஃதொப்பது இல்லையார் மாட்டும்
அழுக்காற்றின் அன்மை பெறின். 162

அறனாக்கம் வேண்டாதான் என்பான் பிறனாக்கம்
பேணாது அழுக்கறுப் பான். 163

அழுக்காற்றின் அல்லவை செய்யார் இழுக்காற்றின்
ஏதம் படுபாக்கு அறிந்து. 164

அழுக்காறு உடையார்க்கு அதுசாலும் ஒன்னார்
வழுக்கியும் கேடீன் பது. 165

கொடுப்பது அழுக்கறுப்பான் சுற்றம் உடுப்பதூஉம்
உண்பதூஉம் இன்றிக் கெடும். 166

அவ்வித்து அழுக்காறு உடையானைச் செய்யவள்
தவ்வையைக் காட்டி விடும். 167

அழுக்காறு எனஒரு பாவி திருச்செற்றுத்
தீயுழி உய்த்து விடும். 168

அவ்விய நெஞ்சத்தான் ஆக்கமும் செவ்வியான்
கேடும் நினைக்கப் படும். 169

அழுக்கற்று அகன்றாரும் இல்லை அஃதில்லார்
பெருக்கத்தில் தீர்ந்தாரும் இல். 170

निस्पृहता

171. जो है पर से वित्तहर, चलकर अनुचित राह ।
उसका कुल निर्मूल ही, होगा और गुनाह ।।

172. नीति-मार्ग के त्याग से जिनको होती भीति ।
वे पर धन गत लाभ से करते कृति न अनीति ।।

173. जो चिर सुख हैं चाहते, वे नश्वर सुख भोग ।
कभीं नहीं है चाहते, नापि करें अघ-भोग ।।

174. इन्द्रिय विजयी जो तथा, ज्ञानी निर्मल चित्त ।
दीन दशा में भी नहीं, वे लेते पर-वित्त ।।

175. गहरे विस्तृत ज्ञान से होगा क्या उपकार ।
लालचवश सब से करें अगर बुरा आचार ।।

176. प्रसाद हरि का चाहता जो भी हो धर्मिष्ट ।
सो सोचें यदि अहित तो पाता वही अनिष्ट ।।

177. मत चाहो सो धन कभी, जो लालच से प्राप्त ।
उस धन से सुखचैन भी कभी नहीं संप्राप्त ।

178. उसके धन का क्षय नहीं, जिसका सदैव चित्त ।
चाहता नहीं जगत में और जनों का वित्त ।।

179. जो परधन नहि चाहते, धर्मी औ" मतिमान ।।
श्री जाती उनके यहाँ उचित पात्रता जान ।।

180. और-वित्त की कामना करना है क्षय देय ।
लोभ रहित धन से सदा होगी जय चिर गेय ।।

18. வெஃகாமை

நடுவின்றி நன்பொருள் வெஃகின் குடிபொன்றிக்
குற்றமும் ஆங்கே தரும். 171

படுபயன் வெஃகிப் பழிப்படுவ செய்யார்
நடுவன்மை நாணு பவர். 172

சிற்றின்பம் வெஃகி அறனல்ல செய்யாரே
மற்றின்பம் வேண்டு பவர். 173

இலமென்று வெஃகுதல் செய்யார் புலம்வென்ற
புன்மையில் காட்சி யவர். 174

அஃகி அகன்ற அறிவென்னாம் யார்மாட்டும்
வெஃகி வெறிய செயின். 175

அருள்வெஃகி ஆற்றின்கண் நின்றான் பொருள்வெஃகிப்
பொல்லாத சூழக் கெடும். 176

வேண்டற்க வெஃகியாம் ஆக்கம் விளைவயின்
மாண்டற் கரிதாம் பயன். 177

அஃகாமை செல்வத்திற்கு யாதெனின் வெஃகாமை
வேண்டும் பிறன்கைப் பொருள். 178

அறனறிந்து வெஃகா அறிவுடையார்ச் சேரும்
திறன்அறிந் தாங்கே திரு. 179

இறல்ஈனும் எண்ணாது வெஃகின் விறல்ஈனும்
வேண்டாமை என்னும் செருக்கு. 180

चुगल खोरी का अभाव

181. धर्म नाम लेते बिना करने से अघ काम ।
पिशुन-नाम पाना नहीं यह है अच्छा काम ।।

182. धर्म नष्ट कर पाप की कृति करने से हेय ।
मुँह में स्तुति है बगल में निन्दा ही अवधेय ।।

183. मरण भला है जगत में संमुख में तारीफ़ ।
औ दूषण से बगल में, चाहे नहि तकलीफ़ ।।

184. कोई बोलें सामने यद्यपि वचन कठोर ।
पीछे कभी न चाहिये कहना वचन कठोर ।।

185. पिशुन जीभ से धर्मकी यदि करता तारीफ़ ।
तो भी उसका चित्त है कलुषित सदा अजीब ।।

186. जो यदि करता और पर निन्दनीय आरोप ।
वह औरों से निंद्य हो तथा बने सारोप ।।

187. जो करता नहिं मित्रता मधु वच से अनमोल ।
अलग कराता बंधु को वह पीछे कटु बोल ।।

188. जो करता है मित्र पर कठोर दोषारोप ।
वह न रहेगा और पर बिना किये आरोप ।।

189. सहनशीलता धर्म है - ऐसा सोच विचार ।
करके ढोती भूमि नित पिशुन मनुज का भार ।

190. पर दूषण की खोज सम यदि ढूँढे निज दोष ।
तो ऐसे चिरजीव को दुख नहि, हो संतोष ।।

19. புறங்கூறாமை

அறங்கூறான் அல்ல செயினும் ஒருவன்
புறங்கூறான் என்றல் இனிது. **181**

அறனழீஇ அல்லவை செய்தலின் தீதே
புறனழீஇப் பொய்த்து நகை. **182**

புறங்கூறிப் பொய்த்துயிர் வாழ்தலின் சாதல்
அறங்கூறும் ஆக்கந் தரும். **183**

கண்நின்று கண்ணறச் சொல்லினும் சொல்லற்க
முன்இன்று பின்நோக்காச் சொல். **184**

அறஞ்சொல்லும் நெஞ்சத்தான் அன்மை புறஞ்சொல்லும்
புன்மையாற் காணப் படும். **185**

பிறன்பழி கூறுவான் தன்பழி யுள்ளும்
திறன்தெரிந்து கூறப் படும். **186**

பகச்சொல்லிக் கேளிர்ப் பிரிப்பர் நகச்சொல்லி
நட்பாடல் தேற்றா தவர். **187**

துன்னியார் குற்றமும் தூற்றும் மரபினார்
என்னைகொல் ஏதிலார் மாட்டு. **188**

அறன்நோக்கி ஆற்றுங்கொல் வையம் புறன்நோக்கிப்
புன்சொல் உரைப்பான் பொறை. **189**

ஏதிலார் குற்றம்போல் தம்குற்றங் காண்கிற்பின்
தீதுண்டோ மன்னும் உயிர்க்கு. **190**

बेकार बात का अनुपयोग

191. अनेक जन से घृणित जो करता वार्तालाप ।
वह बनता सब जनों का हास्य-पात्र है आप ।।

192. बातें निष्फल बोलना बहुत जनों के बीच ।
है मित्राहित-कार्य से समझा जाता नीच ।।

193. जिसकी बातें व्यर्थ हैं तथैव विशदाकार ।
वही नीति से रहित है भाषणसूचक सार ।।

194. विफल वचन कटु बोलना बहुत जनों के बीच ।
हित से विहीन और हो अधर्म से युत नीच ।।

195. यदि सुशील कोई करें निष्फल वचन प्रयोग ।
उससे होते अलग ही गौरव औ'' यश योग ।।

196. प्रयोग निष्फल शब्द का करता है जो व्यक्ति ।
कहलाता है नहि मनुज, भूसा समझो व्यक्ति ।।

197. भले कहें हो जन बड़े कहीं नीति बिनु शब्द ।
किन्तु इसी में निहित हित, कहें न असफल शब्द ।।

198. महाप्रयोजन खोजकर कृति करते सविवेक ।
वे अतिशुभ फल हीन वच नहि कहते भी अेक ।।

199. जो नर विवेक सहित है तथैव कलंकहीन ।
कहते भी वे भूलकर वचन नहीं फलहीन ।।

200. कहना हैतो बोलिये सफल अर्थ के शब्द ।
कभी न अेसा बोलियेजिसमें हो अपशब्द ।।

20. பயனில சொல்லாமை

பல்லார் முனியப் பயனில சொல்லுவான்
எல்லாரும் எள்ளப் படும். 191

பயனில பல்லார்முன் சொல்லல் நயனில
நட்டார்கண் செய்தலின் தீது. 192

நயனிலன் என்பது சொல்லும் பயனில
பாரித் துரைக்கும் உரை. 193

நயன்சாரா நன்மையின் நீக்கும் பயன்சாராப்
பண்பில்சொல் பல்லா ரகத்து. 194

சீர்மை சிறப்பொடு நீங்கும் பயனில
நீர்மை யுடையார் சொலின். 195

பயனில்சொல் பாராட்டு வானை மகன்எனல்
மக்கட் பதடி யெனல். 196

நயனில சொல்லினுஞ் சொல்லுக சான்றோர்
பயனில சொல்லாமை நன்று. 197

அரும்பயன் ஆயும் அறிவினார் சொல்லார்
பெரும்பயன் இல்லாத சொல். 198

பொருள்தீர்ந்த பொச்சாந்துஞ் சொல்லார் மருள்தீர்ந்த
மாசறு காட்சி யவர். 199

சொல்லுக சொல்லிற் பயனுடைய சொல்லற்க
சொல்லிற் பயனிலாச் சொல். 200

बुरे कार्य से भय

201. कुकर्म रूपी मोह से पापी नहिं भयभीत ।
सुकर्मकारी लोग तो अघ से हैं भयभीत ।।
202. माना जाता है सदा पाप-कार्य दुख-देय ।
आग-सुदृश वह भीम है तजे उसे भय-देय ।।
203. विवेकयुत कृति जाल में सर्वोपरि आचार ।
अपने हिंसक शत्रु पर कभी न करता वार ।।
204. यदि कोई भी भूलकर सोचें पर की हानि ।
सोचेगा तो धर्म भी सदैव उसकी हानि ।।
205. "मैं हूँ दारिद" समझकर कोई करें न पाप ।
यदि कर लें यह औ" बनें दारिदतर भी आप ।।
206. कोई चाहें पाप से पीडित अगर न आप ।
तो नहिं करना चाहिये अन्यों के प्रति पाप ।।
207. महान रिपु से आप ही बच सकता है व्यक्ति ।
दुरित कर्म के शत्रु से पर बचता ना व्यक्ति ।।
208. जो करता है दुष्कर्म सो पाता अवसान ।
छाँह मनुज को छोडकर जाती नहि है आन ।।
209. यदि कोई भी चाहता अपने का परिपाल ।
तो यह रखें न चित्त में पाप-कार्य का ख्याल ।।
210. अविनाशी समझो उसे जो न करें अघकाम ।
और पाप की तरफ़ वह लखे नहीं अविराम ।।

21. தீவினையச்சம்

தீவினையார் அஞ்சார் விழுமியார் அஞ்சுவர்
தீவினை என்னுஞ் செருக்கு. 201

தீயவை தீய பயத்தலால் தீயவை
தீயினும் அஞ்சப் படும். 202

அறிவினுள் எல்லாந் தலையென்ப தீய
செறுவார்க்கும் செய்யா விடல். 203

மறந்தும் பிறன்கேடு சூழற்க சூழின்
அறஞ்சூழும் சூழ்ந்தவன் கேடு. 204

இலன்என்று தீயவை செய்யற்க செய்யின்
இலனாகும் மற்றும் பெயர்த்து. 205

தீப்பால தான்பிறர்கண் செய்யற்க நோய்ப்பால
தன்னை அடல்வேண்டா தான். 206

எனைப்பகை யுற்றாரும் உய்வர் வினைப்பகை
வீயாது பின்சென்று அடும். 207

தீயவை செய்தார் கெடுதல் நிழல்தன்னை
வீயாது அடிஉறைந் தற்று. 208

தன்னைத்தான் காதல னாயின் எனைத்தொன்றும்
துன்னற்க தீவினைப் பால். 209

அருங்கேடன் என்பது அறிக மருங்கோடித்
தீவினை செய்யான் எனின். 210

लौकिक जीवन जानना

211. फरज निभाता मेघ सम उपकारी है संत ।
प्रत्युपकार न चाहता जग से कभी अनन्त ।।

212. श्रम मे अर्जित वित्त जो आता पर का काम ।
सिद्ध यही है जगत में योग्य मनुज का दाम ।।

213. सुरजग औ" नरलोक में परोपकार समान ।
और काम नहि हितकरी जानें यह इनसान ।।

214. जगगति वेत्ता मनुज को समझो सदा सजीव ।
जगगति विहीन मनुज को तुम जानो निर्जीव ।।

215. ज्यों पानीयुत झील का होता जनोपयोग ।
त्यों जगगति-गामी-विभव होता परोपयोग ।।

216. ग्राम मध्य ज्यों सुफल तरु समझे सार्वजनीन ।
त्यों हितकारी मनुज को धन हो सार्वजनीन ।।

217. ज्यों तरु का हर अंग है करता औषध काम ।
त्यों उदार नर का विभव आता पर का काम ।।

218. अभाव में भी नर सुधी करके हीं करणीय ।
हैं पर के उपकार में बनते परिगणनीय ।।

219. उपकारी की रिक्तता यह बतलायी जाय ।
अभाव में अफ़सोस भी करना हो असहाय ।।

220. यद्यपि परोपकार से अपनी होगी हानि ।
तो भी निज को बेचकर मोल-योग्य वह हानि ।।

22. BENEVOLENCE

22. ஒப்புரவறிதல்

கைம்மாறு வேண்டா கடப்பாடு மாரிமாட்டு
என்ஆற்றுங் கொல்லோ உலகு. 211

தாளாற்றித் தந்த பொருளெல்லாம் தக்கார்க்கு
வேளாண்மை செய்தற் பொருட்டு. 212

புத்தே ளுலகத்தும் ஈண்டும் பெறலரிதே
ஒப்புரவின் நல்ல பிற. 213

ஒத்த தறிவான் உயிர்வாழ்வான் மற்றையான்
செத்தாருள் வைக்கப் படும். 214

ஊருணி நீர்நிறைந் தற்றே உலகுஅவாம்
பேரறி வாளன் திரு. 215

பயன்மரம் உள்ளூர்ப் பழுத்தற்றால் செல்வம்
நயனுடை யான்கண் படின். 216

மருந்தாகித் தப்பா மரத்தற்றால் செல்வம்
பெருந்தகை யான்கண் படின். 217

இடனில் பருவத்தும் ஒப்புரவிற்கு ஒல்கார்
கடனறி காட்சி யவர். 218

நயனுடையான் நல்கூர்ந்தா னாதல் செயும்நீர
செய்யாது அமைகலா வாறு. 219

ஒப்புரவி னால்வரும் கேடெனின் அஃதொருவன்
விற்றுக்கோள் தக்க துடைத்து. 220

दान की महत्ता

221. निर्धन को जो देय है वह है सचमुच दान ।
बाकी सब हैं दान जो प्रतिप्रयोजनवान ।।

222. उचित मार्ग ही क्यों न हो, लेना दान न श्रेय ।
यदपि मुक्ति ना तो मिले प्रदान फिर भी श्रेय ।।

223. निज को निर्धन ना कथन, देना पर को दान ।
दोनों ही कुलजात में विद्यमान नहि आन ।।

224. याचक की अभियाचना जब तक नहि है प्राप्त ।
तब तक याचन का वदन प्रसन्नता नहि प्राप्त ।।

225. भूख-दमन की योग्यता रखते हैं मुनि लोग ।
भूख मिटाने योग्यता रखते दानी लोग ।।

226. धनिक कोषवह है सही जिससे धनयुत लोग ।
निरसन जरूर ही करें दारिद का क्षुत-शोक ।।

227. पर को देकर जो स्वयं खाता है आहार ।
भूख-रोग का वह कभी बनता नहीं शिकार ।।

228. धन-संचय कर और को अनुपयुक्त रह जाय ।
अैसे अमीर दान का हर्ष न समझा जाय ।।

229. दुखमय है वह भीख से जो नहि परोपयुक्त ।
तथैव अपने आप को हो जाता उंपयुक्त ।।

230. दुखमय है तो मरण हो फिर भी तो अवधेय ।
निर्धन को देना नहीं, सब से है दुख-देय ।।

23. BOUNTY (CHARITY)

23. ஈகை

வறியார்க்கொன்று ஈவதே ஈகைமற் றெல்லாம்
குறியெதிர்ப்பை நீர துடைத்து. 221

நல்லாறு எனினும் கொளல்தீது மேலுலகம்
இல்லெனினும் ஈதலே நன்று. 222

இலனென்னும் எவ்வம் உரையாமை ஈதல்
குலனுடையான் கண்ணே உள. 223

இன்னாது இரக்கப் படுதல் இரந்தவர்
இன்முகங் காணும் அளவு. 224

ஆற்றுவார் ஆற்றல் பசிஆற்றல் அப்பசியை
மாற்றுவார் ஆற்றலின் பின். 225

அற்றார் அழிபசி தீர்த்தல் அஃதொருவன்
பெற்றான் பொருள்வைப் புழி. 226

பாத்தூண் மரீஇ யவனைப் பசிஎன்னும்
தீப்பிணி தீண்டல் அரிது. 227

ஈத்துவக்கும் இன்பம் அறியார்கொல் தாமுடைமை
வைத்திழக்கும் வன்க ணவர். 228

இரத்தலின் இன்னாது மன்ற நிரப்பிய
தாமே தமியர் உணல். 229

சாதலின் இன்னாத தில்லை இனிததூஉம்
ஈதல் இயையாக் கடை. 230

कीर्ति की गरिमा

231. दीन मदद कर जिन्दगी चलना यश का मूल ।
अैसा जीवन जीव को सब से है अनुकूल ।।

232. उसका ही गुणगान हैं करते शंसक लोग ।
जो याचक को दान में देता है निश्शोक ।।

233. अनुपम यश संसार में होता नहीं विनाश ।
शेष सभी हैं जगत में पाते सत्यानाश ।।

234. इस जग में स्थिर यशकरी जो करता है काम ।
अभिनन्दन करता स्वरग लेके उसका नाम ।।

235. अभाव में यश-वृद्धि औ विनाश में अविनाश ।
ज्ञानी विनु ये और में संभव नहि, शाबाश ।।

236. लेना सुजन्म चाहिये जिसमें यश हो जाय ।
यश बिनु लेना नहि जनम, समुचित समझा जाय ।।

237. जो नर नामी है नही, वह निन्दक नहि आप ।
निज निन्दक को देखकर होता उसको ताप ।।

238. यदि नहि मिलती मनुज को वंशगता ही कीर्ति ।
तो मिलती संसार में उसे सिर्फ़ अपकीर्ति ।।

239. जब ढोती है भूमि तो यशहीन का भार ।
तब भू की भी ह्रास है होती पैदावार ।।

240. निर्मल यशयुत जो जिये समझें वही सजीव ।
कीरति विहीन जो जियें समझे सो निरजीव ।।

24. புகழ்

ஈதல் இசைபட வாழ்தல் அதுவல்லது
ஊதியம் இல்லை உயிர்க்கு. **231**

உரைப்பார் உரைப்பவை எல்லாம் இரப்பார்க்கொன்று
ஈவார்மேல் நிற்கும் புகழ். **232**

ஒன்றா உலகத்து உயர்ந்த புகழல்லால்
பொன்றாது நிற்பதொன்று இல். **233**

நிலவரை நீள்புகழ் ஆற்றின் புலவரைப்
போற்றாது புத்தேள் உலகு. **234**

நத்தம்போல் கேடும் உளதாகும் சாக்காடும்
வித்தகர்க் கல்லால் அரிது. **235**

தோன்றின் புகழொடு தோன்றுக அஃதிலார்
தோன்றலின் தோன்றாமை நன்று. **236**

புகழ்பட வாழாதார் தந்நோவார் தம்மை
இகழ்வாரை நோவது எவன். **237**

வசையென்ப வையத்தார்க் கெல்லாம் இசையென்னும்
எச்சம் பெறாஅ விடின். **238**

வசையிலா வண்பயன் குன்றும் இசையிலா
யாக்கை பொறுத்த நிலம். **239**

வசையொழிய வாழ்வாரே வாழ்வார் இசையொழிய
வாழ்வாரே வாழா தவர். **240**

(III) On Asceticism संन्यास-धर्म कृपालुता

241. निखिल धनों में उच्च है करुणा रूपी वित्त ।
तुच्छ जनों के पास भी वस्तुमयी है वित्त ।।
242. सत्पथगामी खोजकर जीवें करुणावान ।
कई रीतियों से दया ठहरी आश्रयवान ।।
243. तममय दुखमय जगत को नहि जाता सो व्यक्ति ।
दयाभाव पर जो नफ़र रखता है आसक्ति ।।
244. पर जीवों पर जो दया करता रक्ष समेत ।
उसे न लगते अघकर्म असुहर भीति-समेत ।।
245. उनको नहि है वेदना जो हो करूणावान ।
वायुसंचरित उपजयुत, विभु भू निदर्शवान ।।
246. दयाहीन जो पाप के करते कार्यकलाप ।
धर्मकर्म वे छोडकर भूलें अपना ताप ।।
247. दयाहीन को प्राप्त नहि आमुष्मिक सुख-भोग ।
मालहीन को प्राप्त नहि ऐहिक सुख का भोग ।।
248. मालहींन फिर समय पर बनता मालामाल ।
दयाहीन नित हो रिक्त यह है बुध का ख्याल ।।
249. ज्यों है अनुचित मूढ का पोथी-तत्व-विचार ।
त्यों अनुचित है अदय से विरचित पुण्याचार ।।

250. जब दुर्बल पर अदय है करता अत्याचार ।
सोचें खुद को अदय तब सबल मध्य लाचार ।।

25. COMPASSION

25. அருளுடைமை

அருட்செல்வம் செல்வத்துள் செல்வம் பொருட்செல்வம்
பூரியார் கண்ணும் உள. 241

நல்லாற்றால் நாடி அருளாள்க பல்லாற்றால்
தேரினும் அஃதே துணை. 242

அருள்சேர்ந்த நெஞ்சினார்க் கில்லை இருள்சேர்ந்த
இன்னா உலகம் புகல். 243

மன்னுயிர் ஓம்பி அருளாள்வார்க்கு இல்லென்ப
தன்னுயிர் அஞ்சும் வினை. 244

அல்லல் அருளாள்வார்க்கு இல்லை வளிவழங்கும்
மல்லல்மா ஞாலம் கரி. 245

பொருள்நீங்கிப் பொச்சாந்தார் என்பர் அருள்நீங்கி
அல்லவை செய்தொழுகு வார். 246

அருளில்லார்க்கு அவ்வுலகம் இல்லை பொருளில்லார்க்கு
இவ்வுலகம் இல்லாகி யாங்கு. 247

பொருளற்றார் பூப்பர் ஒருகால் அருளற்றார்
அற்றார்மற் றாதல் அரிது. 248

தெருளாதான் மெய்ப்பொருள் கண்டற்றால் தேரின்
அருளாதான் செய்யும் அறம். 249

வலியார்முன் தன்னை நினைக்கதான் தன்னின்
மெலியார்மேல் செல்லும் இடத்து. 250

माँस का अनशन

251. निजी देह को पालने ज़ो खाता पर'' माँस ।
कैसा बनता वह सदय? अशन करे मत माँस ।।

252. धनगत सुख उसको नहीं जो नहि है धन-पाल ।
दयाभोग उसको नहीं जो खाता झषजाल ।।

253. ज्यों सशस्त्रका दिल कभी बने न कृपा समेत ।
त्यों आमिष भुक् का हृदय नहि करुणासमवेत ।।

254. हिंसा तजना है दया वध करना है पाप ।
इसी लिये भी माँस का सेवन करना पाप ।।

255. आमिष खाना छोडना समझा जाता धर्म ।
आमिष सेवी नरक से बचता नहि, यह मर्म ।।

256. माँसाहारी जगत में यदि नहि होते लोग ।
तो कैसे रहतेकहाँ ? हिंस्र कसाई लोग ।।

257. आमिष प्राणीघाव है ऐसा समझा जाय ।
आमिष का अनशन सदा अपनाया हीं जाय ।।

258. प्राणी वध से लब्धजो मृततन सो है माँस ।
दोषहीन मतिमान तो खाते नहि हैं माँस ।।

259. हवन आग में डालकर करना क्या शत याग ।
उत्तम समझें ना करे माँम-भोज पर राग ।।

260. प्राणीघातक जो नहीं औ'' तज माँसाहार ।
उसको करते जीव सब सांजलि वन्दनवार ।।

26. புலால் மறுத்தல்

தன்னூன் பெருக்கற்குத் தான்பிறிது ஊனுண்பான்
எங்ஙனம் ஆளும் அருள். 251

பொருளாட்சி போற்றாதார்க்கு இல்லை அருளாட்சி
ஆங்கில்லை ஊன்தின் பவர்க்கு. 252

படைகொண்டார் நெஞ்சம்போல் நன்றூக்காது ஒன்றன்
உடல்சுவை உண்டார் மனம். 253

அருளல்லது யாதெனின் கொல்லாமை கோறல்
பொருளல்லது அவ்வூன் தினல். 254

உண்ணாமை உள்ளது உயிர்நிலை ஊனுண்ண
அண்ணாத்தல் செய்யாது அளறு. 255

தினற்பொருட்டால் கொல்லாது உலகெனின் யாரும்
விலைப்பொருட்டால் ஊன்தருவார் இல். 256

உண்ணாமை வேண்டும் புலாஅல் பிறிதொன்றன்
புண்ணது உணர்வார்ப் பெறின். 257

செயிரின் தலைப்பிரிந்த காட்சியார் உண்ணார்
உயிரின் தலைப்பிரிந்த ஊன். 258

அவிசொரிந்து ஆயிரம் வேட்டலின் ஒன்றன்
உயிர்செகுத் துண்ணாமை நன்று. 259

கொல்லான் புலாலை மறுத்தானைக் கைகூப்பி
எல்லா உயிரும் தொழும். 260

तपस्या की महिमा

261. सहना स्वापन्न दुख को, जीव अहिंसा भाव ।
ये दोनों हैं जगत में तप के सही स्वभाव ।।

262. तपोसिद्धि उनको मिले जो जापक बहु जन्म ।
तपोसिद्ध उनको नहीं तपी न जो बहु जन्म ।।

263. यति जन के उपचार में गृहस्थ हो तत्लीन ।
शायद हो जाते सदा तापस कर्म-विहीन ।।

264. प्रियजन का उत्थान औ" रिपू जन का अवसान ।
सुमिरण से ही साध्य है तप तो सुशक्तिमान ।।

265 जो कुछ इच्छित हृदय में सो सब तप से लभ्य ।
इसीलिये इस लोक में करना है तप तप्य ।।

266. जो नर करता है तपस सो बनता कृतकृत्य ।
कामी बनकर शेष सब करते हैं दुष्कृत्य ।।

267. जैसा सोना आग में तपकर शोभावान ।
वैसा करने से तपस विवेक विवर्द्धमान ।।

268. जिसके मन में है नहीं अहंकार का भाव ।
उसके प्रतिं हैं जीव सब रखते सेवा-भाव ।।

269. तपस-सिद्धि जिसको मिली वह हो अतिबलवान ।
बचा सकें तो काल से सदैव अपनी जान ।।

270. तप करके संसार में धनी हुये कुछ लोग ।
तप ना करके जगत में रिक्त हुये बहु लोग ।।

27. தவம்

உற்றநோய் நோன்றல் உயிர்க்குறுகண் செய்யாமை
அற்றே தவத்திற் குரு. 261

தவமும் தவமுடையார்க்கு ஆகும் அவம்அதனை
அஃதிலார் மேற்கொள் வது. 262

துறந்தார்க்குத் துப்புரவு வேண்டி மறந்தார்கொல்
மற்றை யவர்கள் தவம். 263

ஒன்னார்த் தெறலும் உவந்தாரை ஆக்கலும்
எண்ணின் தவத்தான் வரும். 264

வேண்டிய வேண்டியாங் கெய்தலால் செய்தவம்
ஈண்டு முயலப் படும். 265

தவஞ்செய்வார் தங்கருமஞ் செய்வார்மற் றல்லார்
அவஞ்செய்வார் ஆசையுட் பட்டு. 266

சுடச்சுடரும் பொன்போல் ஒளிவிடும் துன்பஞ்
சுடச்சுட நோற்கிற் பவர்க்கு. 267

தன்னுயிர் தான்அறப் பெற்றானை ஏனைய
மன்னுயி ரெல்லாம் தொழும். 268

கூற்றம் குதித்தலும் கைகூடும் நோற்றலின்
ஆற்றல் தலைப்பட் டவர்க்கு. 269

இலர்பல ராகிய காரணம் நோற்பார்
சிலர்பலர் நோலா தவர். 270

मिथ्याचरण

271. कपटी का आचरण है तथ्यहीन आचार ।
यह लखकर मन में हसें पंचभूत तनु धार ।।

272. वेषा-भूषा तापसी धरकर है क्या लाभ ।
जान-बूझकर जबकि भी मानस कर लें पाप ।।

273. मनोबली जो है नही उसे वृथा मुनि-वेश ।
ज्यों चरती है गाय, धर बाघ-खाल का वेष ।।

274. तपो वेष में लीन रह जो करता दुष्कर्म ।
ज्यों किरात गोचर बिना करता शिकार-कर्म ।।

275. मिथ्याचारी बोलता "निज को बहुत विरक्त" ।
उसकें मिथ्याचार से सिर्फ शोक हो दत्त ।।

276. वही क्रूर है ज़ो सदा करता है छल-जाल ।
और तपीसम वेष से मन से ख़ल विकराल ।।

277. ऐसे नर हैं जगत में ज़ो गुंजा की भाँति ।
बाहर से तो साफ है अन्दर में तम-भाँति ।।

278. ऐसे नर ही हैं क़ई जो रखते तन साफ ।
पर मानस में कालिमा रखते बेइन्साफ ।।

279. कठोर सीधा बाण है टेटी वीणा रम्य ।
भले बुरे की जाँच हो नर कृति फल से गम्य ।।

280. जग से दूषित काम यदि अपनाया नहि जाय ।
केशमुंडन तो औ वृथा जटा धरण निरुपाय ।।

28. FALSE BEHAVIOUR

28. கூடா ஒழுக்கம்

வஞ்ச மனத்தான் படிற்றொழுக்கம் பூதங்கள்
ஐந்தும் அகத்தே நகும். 271

வானுயர் தோற்றம் எவன்செய்யும் தன்நெஞ்சம்
தான்அறி குற்றப் படின். 272

வலியில் நிலைமையான் வல்லுருவம் பெற்றம்
புலியின்தோல் போர்த்துமேய்ந் தற்று. 273

தவமறைந்து அல்லவை செய்தல் புதல்மறைந்து
வேட்டுவன் புள்சிமிழ்த் தற்று. 274

பற்றற்றேம் என்பார் படிற்றொழுக்கம் எற்றெற்றென்று
ஏதம் பலவுந் தரும். 275

நெஞ்சில் துறவார் துறந்தார்போல் வஞ்சித்து
வாழ்வாரின் வன்கணார் இல். 276

புறங்குன்றி கண்டனைய ரேனும் அகங்குன்றி
மூக்கிற் கரியார் உடைத்து. 277

மனத்தது மாசாக மாண்டார்நீ ராடி
மறைந்தொழுகு மாந்தர் பலர். 278

கணைகொடிது யாழ்கோடு செவ்விதுஆங் கன்ன
வினைபடு பாலால் கொளல். 279

மழித்தலும் நீட்டலும் வேண்டா உலகம்
பழித்தது ஒழித்து விடின். 280

चौर्यहीनता

281. स्तेय बुद्धि जिसकी नही, जग में वही सदैव ।
पर-दूषण से मुक्त है, बाकी दूषित अेव ।।

282. गलत सोचना चित्त में अहितकरी ठहराय ।।
अन्य वस्तु का ना हरण छल से हित ठहराय ।।

283. स्तेय लब्ध धन वृद्धिसम बढ़कर दिखें असीम ।
क्षति पाता है बाद में वह धन औ" निस्सीम ।।

284. स्तेय वृत्तिकी कामना जो होती निस्सीम ।
कार्य काल में हो वहीं दुखदायक निस्सीम ।।

285. असावधानी अन्य की लखकर स्तेय विचार ।
जो रखता है हृदय में उसमें रहम न प्यार ।।

286. चोरी करने में अधिक तत्पर हैं जो लोग ।
मर्यादा का दायरा न जानते वे लोग ।।

287. मर्यादामय जीविका अपनाते जो लोग ।
सदैव चोरी-अज्ञता नहि करते वे लोग ।।

288. मर्यादित के हृदय में ज्यों वढ़ता है धर्म ।
त्यों मानस में चोर के बढ़ता है छल-कर्म ।।

289. स्तेय वृत्ति बिनु औ करम जो न जानते रोज़ ।
वे करके निज बहु अहित करते क्षति की खोज ।।

290. स्तेय वृत्तियुत मनुज को नहि मिलता सुख-भोग ।
स्तेयहीन ही मनुज को मिलता इह-पर भोग ।।

29. கள்ளாமை

எள்ளாமை வேண்டுவான் என்பான் எனைத்தொன்றும்
கள்ளாமை காக்கதன் நெஞ்சு. 281

உள்ளத்தால் உள்ளலும் தீதே பிறன்பொருளைக்
கள்ளத்தால் கள்வேம் எனல். 282

களவினால் ஆகிய ஆக்கம் அளவிறந்து
ஆவது போலக் கெடும். 283

களவின்கண் கன்றிய காதல் விளைவின்கண்
வீயா விழுமம் தரும். 284

அருள்கருதி அன்புடைய ராதல் பொருள்கருதிப்
பொச்சாப்புப் பார்ப்பார்கண் இல். 285

அளவின்கண் நின்றொழுகல் ஆற்றார் களவின்கண்
கன்றிய காத லவர். 286

களவென்னும் காரறி வாண்மை அளவென்னும்
ஆற்றல் புரிந்தார்கண் இல். 287

அளவறிந்தார் நெஞ்சத் தறம்போல நிற்கும்
களவறிந்தார் நெஞ்சில் கரவு. 288

அளவல்ல செய்தாங்கே வீவர் களவல்ல
மற்றைய தேற்றா தவர். 289

கள்வார்க்குத் தள்ளும் உயிர்நிலை கள்ளார்க்குத்
தள்ளாது புத்தே ளுலகு. 290

सत्य की महानता

291. सत्य वचन संसार में वही कहाया जाय ।
जिससे जरा न अन्य को होता अहितापाय ।।

292. असत्य भाषण अगर हो दोषहीन-हित-देय ।
तो वह असत्य कथन भी सत्य सदृश आदेय ।।

293. सत्य जानकर हृदय में न करें मिथ्यावाद ।
मिथ्या भाषण आप को देगा ही अवसाद ।।

294. जान बूझकर हृदय से जो न कहे असत्य ।
जनता हृदय में वास तो करता है वह मर्त्य ।।

295. तपस दान संसार में रचते हैं जो लोग ।
उनसे वर है चित्त से सच कहते हैं जो लोग ।।

296. सत्य कथन सम जगत में और न यश का भोग ।
झूठ न कहना धर्म-फल देता है निश्शोक ।।

297. सत्यनिष्ठता सत्य से यदि अपनायी जाय ।
तो औ'' सुकर्म बिनु किये रहना भीं अनपाय ।।

298. होती बाहर नीर से शारीरिक है शुद्धि ।
होती भीतर सत्य से मानस की है शुद्धि ।।

299. अंधकार-हर दीप सब दीप नहीं कहलाय ।
साधु जनों को सत्य का दीप, दीप कहलाय ।।

300. देखे हमने जगत में भाव-विभाव अनेक ।
उनमें तजकर सत्यता बाकी भाव न नेक ।।

30. TRUTHFULNESS

30. வாய்மை

வாய்மை எனப்படுவது யாதெனின் யாதொன்றும்
தீமை இலாத சொலல். 291

பொய்ம்மையும் வாய்மை இடத்த புரைதீர்ந்த
நன்மை பயக்கும் எனின். 292

தன்நெஞ்சு அறிவது பொய்யற்க பொய்த்தபின்
தன்நெஞ்சே தன்னைச் சுடும். 293

உள்ளத்தால் பொய்யா தொழுகின் உலகத்தார்
உள்ளத்து ளெல்லாம் உளன். 294

மனத்தொடு வாய்மை மொழியின் தவத்தொடு
தானஞ்செய் வாரின் தலை. 295

பொய்யாமை அன்ன புகழில்லை எய்யாமை
எல்லா அறமும் தரும். 296

பொய்யாமை பொய்யாமை ஆற்றின் அறம்பிற
செய்யாமை செய்யாமை நன்று. 297

புறந்தூய்மை நீரான் அமையும் அகந்தூய்மை
வாய்மையால் காணப் படும். 298

எல்லா விளக்கும் விளக்கல்ல சான்றோர்க்குப்
பொய்யா விளக்கே விளக்கு. 299

யாம்மெய்யாக் கண்டவற்றுள் இல்லை எனைத்தொன்றும்
வாய்மையின் நல்ல பிற. 300

अमन्यु क्रोधहीनता

301. कोप जहाँ हो विफल नहि, वहाँ दबावें कोप।
दबा दिखाकर क्या भला विफल थान में कोप।।

302. जहाँ कोप है सफल नहि, वहाँ कोप नहि नेक।
जहाँ क्रोध फ़लवान है, रिस भी वहाँ न नेक।।

303 किसी जीव पर भी कभी नहीं दिखाना कोप।
अखिल अहित का मूल है माना जाता कोप।।

304. स्मृति घातक औ'' हर्ष का घातक है रिस भाव।
उससे बढ है कौनसा विद्यमान रिपु-भाव।।

305. निज का पालन यदि करें जो रिस से हो मुक्त।
कोप मुक्त यदि हो नहीं तो रिस निजवध युक्त।।

306. कोपयुक्त है कोप की ज्वाला से मृत भूत।
बांधव-पालन-नाव भी रिस से भस्मी भूत।।

307. कोप-वस्तु को मानकर कौन न पाता खेद।
भू पर कृत आघात से कर पाता दुख खेद।।

308. अनल-शिखा के सदृश यदि अहित किया ही जाय।
जो भी भरसक कोप बिनु रहना हित समझाय।।

309. इष्ट कार्य की सिद्धि तब होती है तत्काल।
जब मानस में कोप का किया न जाता ख्याल।।

310. कोपी को हम मानते हैं मृत मानव-तुल्य।
कोपहीन को समझ लें संयासी नर-तुल्य।।

31. வெகுளாமை

செல்லிடத்துக் காப்பான் சினங்காப்பான் அல்லிடத்துக்
காக்கின்என் காவாக்கால் என். **301**

செல்லா இடத்துச் சினந்தீது செல்லிடத்தும்
இல்அதனின் தீய பிற. **302**

மறத்தல் வெகுளியை யார்மாட்டும் தீய
பிறத்தல் அதனான் வரும். **303**

நகையும் உவகையும் கொல்லும் சினத்தின்
பகையும் உளவோ பிற. **304**

தன்னைத்தான் காக்கின் சினங்காக்க காவாக்கால்
தன்னையே கொல்லும் சினம். **305**

சினம்என்னும் சேர்ந்தாரைக் கொல்லி இனமென்னும்
ஏமப் புணையைச் சுடும். **306**

சினத்தைப் பொருளென்று கொண்டவன் கேடு
நிலத்தறைந்தான் கைபிழையா தற்று. **307**

இணர்எரி தோய்வன்ன இன்னா செயினும்
புணரின் வெகுளாமை நன்று. **308**

உள்ளிய தெல்லாம் உடனெய்தும் உள்ளத்தால்
உள்ளான் வெகுளி எனின். **309**

இறந்தார் இறந்தார் அனையர் சினத்தைத்
துறந்தார் துறந்தார் துணை. **310**

हिंसा हीनता - अहित न करना

311. निष्कलंक का लक्ष्य है महिमा गुण समवेत ।
वित्त प्राप्त भी कृति मना परहिंसा समवेत ।।

312. निर्दोषी का लक्ष्य है रिस से परकृत हानि ।
तभी भूलकर और की नहि करनी प्रतिहानि ।।

313. अहित किये बिनु और का जो करता प्रति-हानि ।
उसको निश्चय बाद में होगी अपनी हानि ।।

314. अहितकरी की है सजा-लज्जित हो वह व्यक्ति ।
प्रतिकारी की तथ्यमय सुनकर हित की उक्ति ।।

315. पर दुख को निज खेदसम अवगत कर परिहार ।
यदि न करें तो बुद्धि क्या रखने से क्या सार ।।

316. जो भी कृति अपने लिये अहितमयी ठहराय ।
अन्यों के प्रति कृति वही कभी किया नहि जाय ।।

317. श्रेष्ठ धर्म संसार में वही कहाया जाय ।
कभी किसी को अल्प भी नहीं सताया जाय ।।

318. जो कृति है अपने लिये हित नहिं समझी जाय ।
सो कृति औरों के लिये कैसे हितकर भाय ।।

319. अगर सबेरे और को दिया गया संताप ।
तो अपने को साँझ में होगा वह संताप ।।

320. अहितकरों को पहुँचते हो सारे दुख-शोक ।
सुखमय जीवन बीतने नहि देना दुख-शोक ।।

32. NON-INJURY (NONVIOLENCE)

32. இன்னா செய்யாமை

சிறப்புஈனும் செல்வம் பெறினும் பிறர்க்குஇன்னா
செய்யாமை மாசற்றார் கோள். 311

கறுத்துஇன்னா செய்தவக் கண்ணும் மறுத்துஇன்னா
செய்யாமை மாசற்றார் கோள். 312

செய்யாமல் செற்றார்க்கும் இன்னாத செய்தபின்
உய்யா விழுமம் தரும். 313

இன்னா செய்தாரை ஒறுத்தல் அவர்நாண
நன்னயம் செய்து விடல். 314

அறிவினான் ஆகுவ துண்டோ பிறிதின்நோய்
தந்நோய்போல் போற்றாக் கடை. 315

இன்னா எனத்தான் உணர்ந்தவை துன்னாமை
வேண்டும் பிறன்கண் செயல். 316

எனைத்தானும் எஞ்ஞான்றும் யார்க்கும் மனத்தானாம்
மாணாசெய் யாமை தலை. 317

தன்னுயிர்க்கு இன்னாமை தானறிவான் என்கொலோ
மன்னுயிர்க்கு இன்னா செயல். 318

பிறர்க்குஇன்னா முற்பகல் செய்யின் தமக்குஇன்னா
பிற்பகல் தாமே வரும். 319

நோய்எல்லாம் நோய்செய்தார் மேலவாம் நோய்செய்யார்
நோயின்மை வேண்டு பவர். 320

अनवध्यता

321. धर्म कार्य का अर्थ है जीव हनन का त्याग ।
जीव हनन सब पाप का दायक हो, तू जाग ॥

322. भोजन करना बाँटकर, जीवरक्ष का कर्म ।
ग्रंथकार के शास्त्र में सर्वोपरि है धर्म ॥

323. जीवों की अनवध्यता सर्वोपरि है धर्म ।
सत्य बोलना दूसरा समझा जाता धर्म ॥

324. वही मार्ग संसार में कहलाता सन्मार्ग ।
जीव रक्ष मय नीति को कहता है जो मार्ग ॥

325. भव भय से तो भीत सब रहते हैं यति लोग ।
उनमें से भी श्रेष्ठ हैं अवध्य धर्मी लोग ॥

326. अवध नियम का अनुसरण करता है जो जीव ।
काल पाश से ग्रस्त नहि जीवन भर वह जीव ॥

327. यदि निज तन से प्राण भी विमुक्त हो ही जाय ।
तो भी औ प्रिय जीव का नाश किया नहि जाय ॥

328. जीव हनन से भूरि धन यदि हो हितकर लब्ध ।
तो हो निकृष्ट विज्ञ को वह धन वध से लब्ध ॥

329. वध जीवी जो लोग हैं, वे नहि है उत्कृष्ट ।
पालन धर्मी मानते उनको सदा निकृष्ट ॥

330. जीव वधक हैं सतत हो रोग सहित वपुमान ।
उनका जीवन सुखद नहिं तथैव अभाववान ॥

33. NON-KILLING

33. கொல்லாமை

அறவினை யாதெனில் கொல்லாமை கோறல்
பிறவினை எல்லாந் தரும். 321

பகுத்துண்டு பல்லுயிர் ஓம்புதல் நூலோர்
தொகுத்தவற்றுள் எல்லாந் தலை. 322

ஒன்றாக நல்லது கொல்லாமை மற்றுஅதன்
பின்சாரப் பொய்யாமை நன்று. 323

நல்லாறு எனப்படுவது யாதெனின் யாதொன்றும்
கொல்லாமை சூழும் நெறி. 324

நிலைஅஞ்சி நீத்தாருள் எல்லாம் கொலைஅஞ்சிக்
கொல்லாமை சூழ்வான் தலை. 325

கொல்லாமை மேற்கொண் டொழுகுவான் வாழ்நாள்மேல்
செல்லாது உயிருண்ணுங் கூற்று. 326

தன்னுயிர் நீப்பினும் செய்யற்க தான்பிறிது
இன்னுயிர் நீக்கும் வினை. 327

நன்றாகும் ஆக்கம் பெரிதெனினும் சான்றோர்க்குக்
கொன்றாகும் ஆக்கம் கடை 328

கொலைவினைய ராகிய மாக்கள் புலைவினையர்
புன்மை தெரிவா ரகத்து. 329

உயிர்உடம்பின் நீக்கியார் என்ப செயிர்உடம்பின்
செல்லாத்தீ வாழ்க்கை யவர். 330

चंचलता - अस्थिरता

331. मन्द बुद्धि की राय है जो है विनाशवान ।
नित्य समझना है उसे, यह मत है लघुमान ।।

332. रंग भूमि की भीड़सम धन बढता शुरुआत ।
सभा-विसर्जन-कालसम धन होता अवसाद ।।

333. चंचल गुण है वित्त का अगर मिलें तो वित्त ।
उसी समय से धर्म में तत्पर होवें चित्त ।।

334. तत्व समझना चाहिये, नर-जीवन संहार ।
करता ही है क्रमिक से दिवसमयी असिधार ।।

335. गलावरोधन पूर्व औ हिचकी विहीन पर्व ।
तुरंत करना चाहिये पुण्यमयी कृति सर्व ।।

336. जो था कल वह आज तो चला गया सुर लोक ।
इसी रीति की मुख्यता रखता है नर लोक ।।

337. जिनको नहि इक दिवस का जीवन-यापन बोध ।
सोचें सीमाहीन वे विचार विविध अबोध ।।

338. अंडे से होकर अलग खग उडता जिस भाँति ।
देही भी है देह से हट जाता उस भाँति ।।

339. मरण जन्तु का नींदसम जैसा माना जाय ।
जागृति-सम है जन्म तो वैसा जाना जाय ।।

340. कभी नहीं चिर गेह में निवास करता जीव ।
भाडे की सी देह में रहता हो जनु जीव ।।

34. IMPERMANENCE

34. நிலையாமை

நில்லாத வற்றை நிலையின என்றுணரும்
புல்லறி வாண்மை கடை. 331

கூத்தாட்டு அவைக்குழாத் தற்றே பெருஞ்செல்வம்
போக்கும் அதுவிளிந் தற்று. 332

அற்கா இயல்பிற்றுச் செல்வம் அதுபெற்றால்
அற்குப ஆங்கே செயல். 333

நாளென ஒன்றுபோல் காட்டி உயிர்ஈரும்
வாளது உணர்வார்ப் பெறின். 334

நாச்செற்று விக்குள்மேல் வாராமுன் நல்வினை
மேற்சென்று செய்யப் படும். 335

நெருநல் உளனொருவன் இன்றில்லை என்னும்
பெருமை உடைத்துஇவ் வுலகு. 336

ஒருபொழுதும் வாழ்வது அறியார் கருதுப
கோடியும் அல்ல பல. 337

குடம்பை தனித்துஒழியப் புள்பறந் தற்றே
உடம்பொடு உயிரிடை நட்பு. 338

உறங்கு வதுபோலும் சாக்காடு உறங்கி
விழிப்பது போலும் பிறப்பு. 339

புக்கில் அமைந்தின்று கொல்லோ உடம்பினுள்
துச்சில் இருந்த உயிர்க்கு. 340

वैराग्य विरागभाव

341. जिन चीजों की चाह से जो होता हैं मुक्त ।
उन चीजों के क्लेश से वह होता है मुक्त ।।

342. धनवैभव के समय पर यदि चाहे सुख भोग ।
उनकी विरक्ति चाहिये जिससे हो बहु भोग ।।

343. पंचेन्द्रिय का दमन कर तजना है अनुराग ।
ऐसा करना चाहिये विषय सुखों का त्याग ।।

344. निस्पृहता तप के लिये सहज धर्म बन जाय ।
सस्पृहता फिर क्षोभ का कारण समझा जाय ।।

345. भव भय मुमुक्षु के लिये भारमयी है देह ।
फिर तो समझें दुखद है औ" पर रखना नेह ।।

346. मदीयता के गर्व जो करता है उत्सर्ग ।
प्राप्त करेगा विभु वही सुरदुर्लभ अपवर्ग ।।

347. मदीयता के भाव से नहि जो हुये विमुक्त ।
विपद-जाल भी नित नहीं उनसे 'कभी वियुक्त ।।

348. वे जाते हैं मुक्ति थल जो रहते निष्काम ।
फँसते हैं भव मोह में बाकी सभी सकाम ।।

349. अनासक्ति ही जब हुई तब हो भव से मुक्ति ।
दिखती नहि अनुराग से भव संकट से मुक्ति ।।

350. सांसारिक अनुराग से चाहें हो निर्लिप्त ।
तो निस्पृह हरि-भक्ति में रहना है नित लिप्त ।।

35. DETACHMENT

35. துறவு

யாதனின் யாதனின் நீங்கியான் நோதல்
அதனின் அதனின் இலன். 341

வேண்டின்உண் டாகத் துறக்க துறந்தபின்
ஈண்டுஇயற் பால பல. 342

அடல்வேண்டும் ஐந்தன் புலத்தை விடல்வேண்டும்
வேண்டிய எல்லாம் ஒருங்கு. 343

இயல்பாகும் நோன்பிற்கொன்று இன்மை உடைமை
மயலாகும் மற்றும் பெயர்த்து. 344

மற்றும் தொடர்ப்பாடு எவன்கொல் பிறப்பறுக்கல்
உற்றார்க்கு உடம்பும் மிகை. 345

யான்எனது என்னும் செருக்குஅறுப்பான் வானோர்க்கு
உயர்ந்த உலகம் புகும். 346

பற்றி விடாஅ இடும்பைகள் பற்றினைப்
பற்றி விடாஅ தவர்க்கு. 347

தலைப்பட்டார் தீரத் துறந்தார் மயங்கி
வலைப்பட்டார் மற்றை யவர். 348

பற்றற்ற கண்ணே பிறப்பறுக்கும் மற்று
நிலையாமை காணப் படும். 349

பற்றுக பற்றற்றான் பற்றினை அப்பற்றைப்
பற்றுக பற்று விடற்கு. 350

यथार्थ ज्ञान

351. असत्य में जब सत्य का बोध हुआ तो सोच ।
भव दुख मूलक ज्ञान यह सभ्रम निः संकोच ॥

352. मोह विमोचित मल रहित सच्चा ज्ञान समेत ।
जो रहता है हो वही जाता मुक्ति समेत ॥

353. भ्रम संशय जो दूर कर पाता तत्व ज्ञान ।
उसके समीप है खडा भू बढ़ मोक्षजहान ॥

354. पंचेन्द्रिय का दमन भी अगर किया ही जाय ।
तो भी तत्व ज्ञान बिनु नहि है लाभोपाय ॥

355. चाहे जो भी चीज़ हो उसका अवितथ ज्ञान ।
अर्जित करना चाहिये वही तत्व का ज्ञान ।

356. पढ़कर अर्जित कर चुके जो हो सच्चा ज्ञान ।
जायेंगे अपवर्ग ही भव बिनु वे मतिमान ॥

357. तत्व - विषय का अगर जो करता अनुसंधान ।
तो निश्चय ही समझ लो उसे न जन्म विधान ॥

358. जन्म हेतु अविवेक है उसे हराया जाय ।
स्थाई विशेष बोध ही तत्व बोध ठहराय ॥

359. सर्वाश्रय को जानकर खोवे मदीय भाव ।
अनासक्ति से नहि कभी होते दुख के भाव ॥

360. राग कोप औ मुग्धता तजते हैं जो लोग ।
हो जाते हैं लोग वे स्वस्थ तथा निश्शोक ॥

36. APPREHENSION OF REALITY

36. மெய்யுணர்தல்

பொருளல்ல வற்றைப் பொருளென்று உணரும்
மருளானாம் மாணாப் பிறப்பு. 351

இருள்நீங்கி இன்பம் பயக்கும் மருள்நீங்கி
மாசறு காட்சி யவர்க்கு. 352

ஐயத்தின் நீங்கித் தெளிந்தார்க்கு வையத்தின்
வானம் நணிய துடைத்து. 353

ஐயுணர்வு எய்தியக் கண்ணும் பயமின்றே
மெய்யுணர்வு இல்லா தவர்க்கு. 354

எப்பொருள் எத்தன்மைத் தாயினும் அப்பொருள்
மெய்ப்பொருள் காண்பது அறிவு. 355

கற்றீண்டு மெய்ப்பொருள் கண்டார் தலைப்படுவர்
மற்றீண்டு வாரா நெறி. 356

ஓர்த்துள்ளம் உள்ளது உணரின் ஒருதலையாப்
பேர்த்துள்ள வேண்டா பிறப்பு. 357

பிறப்பென்னும் பேதைமை நீங்கச் சிறப்பென்னும்
செம்பொருள் காண்பது அறிவு. 358

சார்புணர்ந்து சார்பு கெடஒழுகின் மற்றழித்துச்
சார்தரா சார்தரு நோய். 359

காமம் வெகுளி மயக்கம் இவைமூன்றன்
நாமம் கெடக்கெடும் நோய். 360

लालसा का विसर्जन

361. जीव सभी को सर्वदा होती अवश्य चाह ।
जन्म बीज के रूप में सिद्ध हुई यह चाह ।।

362. करनी हो यदि कामना तो चाहो भव - नाश ।
जन्म नाश का हेतु है अभिलाषा का नाश ।।

363. निस्पृहतासम भूमि में और न कोई वित्त ।
उसके सम भी स्वर्ग में अनुपम और न वित्त ।।

364. निस्पृहता ही शुद्धता जग में समझी जाय ।
सच्चापन की चाह से निस्पृहता आ जाय ।।

365. समझें निस्पृह जीव को भव बंधन से मुक्त ।
जानें सस्पृह जीव को भव बंधन से युक्त ।।

366. लिप्सा से डरना बडा धरम कृत्य कहलाय ।
लिप्सा - माया - जाल में नहीं फँसाया जाय ।।

367. सौ प्रतिशत चाह का जो करता संहार ।
उसके समीप धर्म सब आते स्वेच्छाधार ।।

368. तृष्णा विहीन जीव को कभी नहीं है शोक ।
यदि हो अवश्य कामना तो हो फिर फिर शोक ।।

369. यदि नित संसार में पाना हो आनंद ।
दुख से दुखमय चाह का करना ही तो अंत ।।

370. नित अतृप्तमय कामना मन से छोडी जाय ।
तो निस्पृहता की दशा चिर सुखकर हो जाय ।।

37. அவா அறுத்தல்

அவாஎன்ப எல்லா உயிர்க்குஎஞ் ஞான்றும்
தவாஅப் பிறப்பீனும் வித்து. 361

வேண்டுங்கால் வேண்டும் பிறவாமை மற்றது
வேண்டாமை வேண்ட வரும். 362

வேண்டாமை அன்ன விழுச்செல்வம் ஈண்டில்லை
யாண்டும் அஃதொப்பது இல். 363

தூஉய்மை என்பது அவாவின்மை மற்றது
வாஅய்மை வேண்ட வரும். 364

அற்றவர் என்பார் அவாஅற்றார் மற்றையார்
அற்றாக அற்றது இலர். 365

அஞ்சுவ தோரும் அறனே ஒருவனை
வஞ்சிப்ப தோரும் அவா. 366

அவாவினை ஆற்ற அறுப்பின் தவாவினை
தான்வேண்டு மாற்றான் வரும். 367

அவாஇல்லார்க் கில்லாகுந் துன்பம்அஃ துண்டேல்
தவாஅது மேன்மேல் வரும். 368

இன்பம் இடையறா தீண்டும் அவாவென்னும்
துன்பத்துள் துன்பங் கெடின். 369

ஆரா இயற்கை அவாநீப்பின் அந்நிலையே
பேரா இயற்கை தரும். 370

IV - नियति प्रकरण प्रारब्ध कर्म - फल विधि

371. अर्थंकरी उद्यम सिरफ़ समझो भाग्याधीन ।
धननाशक आलस्य भी जानो भाग्याधीन ।।

372. वित्तनाश की बुद्धि का प्रदान करता भाग्य ।
वित्त वृद्धि की बुद्धि का मूलभूत है भाग्य ।।

373. पोथी पढकर क्या भला सहज ज्ञान है श्रेष्ठ ।
सहज ज्ञान है नियतिगत विधि सब से है श्रेष्ठ ।।

374. जग निसर्ग है नियतिवश, उसका है दो भेद ।
वैभवयुतता अेक है, मतियुतता औ'' भेद ।।

375. धन के अर्जन विषय में क्या ही माना जाय ।
बुरा कभी बनता भला भला बुरा हो जाय ।।

376. जिसमें नहि है स्वीयता पालन उसका व्यर्थ ।
जिसमें रहती स्वीयता तजना उसको व्यर्थ ।।

377. नियति दत्त परिमाण से ज्यादा या कम भोग ।
प्राप्त नहीं करते सदा करोड़पति भी लोग ।।

378. अगर नियति देतीनहीं दर्द भरी दुख शोक ।
बन जाते धनहीन तो यति विमुक्त सुखभोग ।।

379. सुख मिलता सत्कर्म से औ'' दुष्कृति से शोक ।
दुष्कृति मूलक खेद में अनुभव कर लें शोक ।।

380. जग में बढकर भाग्य से क्या रहता बलवान ।
किस मग से है दैव पर जय पाना आसान ।।

38. FATE (DESTINY)

38. ஊழ்

ஆகூழால் தோன்றும் அசைவின்மை கைப்பொருள்
போகூழால் தோன்றும் மடி. 371

பேதைப் படுக்கும் இழவூழ் அறிவகற்றும்
ஆகலூழ் உற்றக் கடை. 372

நுண்ணிய நூல்பல கற்பினும் மற்றுந்தன்
உண்மை அறிவே மிகும். 373

இருவேறு உலகத்து இயற்கை திருவேறு
தெள்ளிய ராதலும் வேறு. 374

நல்லவை எல்லாஅந் தீயவாம் தீயவும்
நல்லவாம் செல்வம் செயற்கு. 375

பரியினும் ஆகாவாம் பாலல்ல உய்த்துச்
சொரியினும் போகா தம. 376

வகுத்தான் வகுத்த வகையல்லால் கோடி
தொகுத்தார்க்கும் துய்த்தல் அரிது. 377

துறப்பார்மன் துப்புர வில்லார் உறற்பால
ஊட்டா கழியும் எனின். 378

நன்றாங்கால் நல்லவாக் காண்பவர் அன்றாங்கால்
அல்லற் படுவ தெவன். 379

ஊழிற் பெருவலி யாவுள மற்றொன்று
சூழினுந் தான்முந் துறும். 380

भावार्थ गद्य में

आदि भगवान की वन्दना 1

1. जिस प्रकार सभी अक्षरों का आदि अकार है उसी प्रकार सारे जगतों का आदि भगवान है ।
2. तब विद्या का अर्जन काम आयेगा क्या? जब सत्यज्ञ के श्री चरणों का प्रणाम न किया जाय ।
3. प्रिय के सुमन में बसे ईश्वर के पद पंकज को जो पाता है वह इस श्रेष्ठ जगत में चिर जीवित रह जाता है ।
4. जो लोग प्यार-वैर से रहित ईश के पादाश्रित हो जाते हैं वे कभी सांसारिक बाधाओं का भोग नहीं करते ।
5. जो लोग सचमुच ईश के भजन में तल्लीन रहते हैं वे लोग पुण्य पापमय कर्म में तल्लीन नहीं रहते ।
6. जो जन पंचेन्द्रियों का दमन करके ईश के धर्म-मार्ग को अपनाते हैं वे जन चिरकाल तक जीवित रहते हैं ।
7. जो अनुपम ईश के पादाश्रित नहीं होते वे निश्चिन्त नहीं रह सकते ।
8. धर्मसिन्धु करूणानिधि-के जो शरणागत हैं वे धन्य हैं । उस करूणेश को छोड़कर सांसारिक दुखको कोई पार नहीं कर सकता ।
9. यदि अष्टगुणी के पैरों पर प्रणाम न किया जाय तो उसकी मूर्धा व्यर्थ है ।
10. संसार में ईश्वर सेवक भव का पार करते हैं । जो ईश्वरसेवक नहीं वे भव का पार नहीं करते ।।

वर्षा की महत्ता—2

11. उचित समय की वर्षा से संसार जीवनदार हो जाता है। वर्षा अमृत की धारा समझी जाती है।

12. वर्षा ही अन्न की उत्पादक है। वह खुद भक्षक जन को आहार बनती है।

13. यदि ठीक समय पर पानी न बरसें तो अकाल पड़ने की संभावना है।

14. अगर वर्षामयी आय की कमी हो जाय तो किसान के खेत में हल नहीं चलाया जाय।

15. वर्षा बलवती है न बरसना क्षति का मूल है। वर्षा बिगडे जन को सुखमूल बनती है।

16. नभ से मेघ की बूँदें नही गिरतीं तो भूमि पर हरी भरी घास नहीं उग जाती।

17. यदि बहु काल तक सागर पर पानी नहीं बरसता तो सागर भी शुष्क हो जाता।

18. वर्षा नहीं तो संसार में सुर-वन्दना बंद हो जाती है। वर्षा रहें तो संसार में सुर-पूजन हो जाता है।

19. वर्षा नहीं तो दान तथा तप-कर्म दोनों नहीं होते।

20. पानी के बिना संसार का व्यापार नहीं चलता वर्षा नहीं तो संसार में आचार नहीं टिकता।

यति की महिमा — 3

21. उत्तम ग्रंथ का लक्ष्य है कि यतिवर के गुणों को संसार में फैलाना है ।

22. सन्यासी की महिमा जानना आसान नहीं है । जिस प्रकार मरे हुए लोगों की गणना करना सुलभ नहीं उसी प्रकार यति की गरिमा जानना सुलभ नहीं ।

23. जो वेदान्त ज्ञान से यति का रूप धारण करता है उसकी महिमा संसार में सब से श्रेष्ठ मानी जाती है ।

24. इस में रहस्य की बात नहीं है कि बुद्धिरूपी अंकुश से इन्द्रियरूपी हाथी पर आरूढ होना मोक्ष की प्राप्ति का कारण है ।

25. इन्द्रिय-विजयी व्यक्ति का बल अधिक बडा है । सुरजग का नायक इन्द्र ही इसका सबूत है ।

26. असाध्य और कठिन कामों को संत जन करते हैं । उन कामों को असाध्य समझकर नीच लोग करते नहीं ।

27. रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श ये पाँच इन्द्रिय-विषय है । इनको जो जानता है वह प्रपंच को खूब जान सकता है ।

28. सार्थक भाषण देनेवाले संत की महिमा विख्यात है संत के उपदेश गूढमंत्र के रूप में प्रसिद्ध है ।

29. संत शीलरूपी पहाड पर चढे हुए हैं।वे बहुत प्रसिद्ध हैं, उनका गुस्सा क्षणिक मात्र से चोट पहुँचाने-वाला होता है ।

30. जो दयावान होकर जीवों पर हिंसा नहीं करते वे विप्रजाति के लोग समझे जाते हैं ।

धर्म पर जोर देना —4

31. धर्म मुक्तिदायक और अर्थदेनेवाला है। धर्म से बढ़कर जीव को और श्रेयस्कर कर्म नहीं ।

32. अपना काम करना जीव को श्रेयस्कर है, धर्म को भूलना अहितकर समझो ।

33. यथाशक्ति धर्मसहित काम करना चाहिए । मनो-वाक्-काय से नित धार्मिक कार्य करो ।

34. शुद्ध चित्त से जो काम किया जाता है वही धर्म कहलाता है। चित्त शुद्धि के बिना जो रचा जाता है वही दंभ कहलाता है ।

35. ईर्ष्या, गुस्सा कटुवचन और लोभ से हीन जो कुछ रचित है वही धर्म है ।

36. धर्म-कर्म की बात मरण काल में मत सोचो । दैनिक कृत धर्म ही अपने साथ आता है ।

37. धर्मकार्य के सफल का प्रमाण जरूरी नहीं । शिबिका-रोही-वाहक में इसका स्पष्ट प्रमाण है ।

38. व्यर्थ समय नहीं बिताना चाहिए। धर्म ही जन्म मार्ग को रोक लेता है।

39. धार्मिक कार्य सुख का मूल है बाकी कार्य कीर्ति-कर नहीं।

40. धार्मिक कार्य करना चाहिए। दुष्कृत्य कभी नहीं करना चाहिए।

गृहस्थ-जीवन—5

41. तीन आश्रम वासी गृहस्थ का योग लेते हैं। गृहस्थ जीवन को हितकर समझो।

42. गृहस्थ निर्धन अनाथ तथा यति जनों की सहायता करता है।

43. पितृ-देव के प्रति नित अपना कर्तव्य करना है। अतिथि बंधु के प्रति भी अपना फर्ज निभाना है।

44. पाप किये बिना धन का अर्जन करो, बंधुसहित खाओ। ऐसा जीवन नित पूर्ण समझा जाता है।

45. जो गृहस्थ धर्म पंथ पर जाता है उसका धर्म और शील सफल रहेगा।

46. जो गृहस्थ धार्मिक रीति से काम करता है उसका नाम साधकों में गिना जाता है।

47. गृहस्थ जीवन धन्य है उस जीवन में अनुराग हो धर्मसहित जीवन नित सफल हो जाता है।

48. ऋषि-जीवन से गृहस्थ-जीवन श्रेष्ठ है। गृहस्थ धर्माचारी तथा सुधर्मदर्शी भी होता है।

49. गृहस्थ जीवन में निंद्य कर्म नहीं। इसलिए वह जीवन श्रेष्ठ और धार्मिक कहलाता है।

50. निष्ठावान गृहस्थ धर्म मार्ग पर चलता है ऐसा गृहस्थ देव के समान मर्यादित हो जाता है।

गृहिणी का उत्कर्ष —6

51. अच्छी पतनी वही है जो पति के गुण के अनुसार जीवन यापन करती है और गृहिणी-गुण को प्राप्त करती है।

52. यदि गृहिणी में अच्छे गुण नहीं तो जीवन संपन्न भी व्यर्थ माना जाता है।

53. पतनी गुणवती यदि हो तो किसी का अभाव नहीं यदि पत्नी गुणहीन हो तो किस का अभाव नहीं है?

54. पत्नी से बढ़कर और कोई महत्वपूर्ण चीज नहीं है। पत्नी के पातिव्रत्य में निर्मलता और दृढता हो।

55. पतिव्रता अन्य देव की पूजा किये बिना पति-पूजन में लीन रहती है। उसके आदेश से वर्षा होगी।

56. पतिव्रता पति-पोषण में लीन रहती है वह गृह की शोभा बढानेवाली होती है और दृढशील है।

57. पतिव्रता का पहरेदार बंदीगृह नहीं। सदा उसका पहरेदार सतीभाव ही है।

58. जो नारी पति पूजन में निरत है उसका संमान देव लोक में भी होता है ।

59. शत्रुगण के सामने शेर-चाल विलक्षण है । यदि स्त्री गृह के यश की कारिका नहीं तो उसका मान नहीं होता ।

60. पत्नी के शील को घर का शुभ-मंगल कहें और पत्नी का भूषण सत्संतान पाना है ।

पुत्र लाभ—7

61. विभवों में सब से महान बुद्धिमान संतान है । उसे प्राप्त कर हम और किसी महान नहीं मानते ।

62. सात जन्म तक भी उसको ताप स्पर्श नहीं करता यदि जिसको गुणशाली निष्पाप तथा श्रेष्ठ सुत मिलता ।

63. बडों का कहना है कि बेटे के समान और कोई चीज नहीं पुत्र-धन की प्राप्ति तो अपने पूर्व कर्म के अनुसार होती है ।

64. नन्हे बच्चे के हाथ से विलोडा भात पीयूष से भी स्वादकर तथा मीठा होता है ।

65. अपने बेटें के शरीर के स्पर्श से शरीर को आनंद मिलता है और उसकी तुतली बात से कानों को आनंद मिलता है ।

66. जिस व्यक्ति ने शिशु की तुतली बात नहीं सुनी तो उस व्यक्तिको मुरली की आवाज़ मीठी लगती है।

67. पिता का उपकार ऐसा है कि जिससे अपनी संतान सभा में डरे बिना पहले वाद विवाद करें।

68. अगर संतान शिक्षित हो तो वह माँ-बाप को हर्ष देगा। उससे भी बढ़कर वह संसार को भी बहु हर्ष देगा।

69. पुत्र-जनन के बाद मा पाती है हर्ष। सत्सुत के यश-लाभ से वह और भी खुश होती है।

70. बेटा पिता का यह उपकार करें कि संसार यही कहें कि धन्य धन्य इसके पिता हैं।

अनुराग भाव-8

71. अनुरागी का राग अर्गल में बंदी नहीं। आँखों का आँसू प्रेमी का अनुराग प्रकट करता है।

72. स्नेहहीन जन अपने हित के लिए सब कुछ माल चाहता है। सनेही औरों केलिए अपने स्वत्व को भी देगा।

73. जैसा देह और प्राण का घनिष्ठ संबंध होता है वैसा ही वही जीवन सफल है जिस में रति का योग हो।

74. प्रेम ही मिलनसार का भाव पैदा कर लेता है। वही प्रेम सर्वत्र मैत्री का भाव भी पैदा कर लेता है।

75. संसार में सुखजीवी सुख का परिणाम भोगते हैं। जगत में प्यार निभाना जीवन का परिणाम है।

76. अज्ञ कहता है कि नेह धर्मसहायक है। विज्ञ कहताहै कि नेह वीरता तथा पुण्य का पोषक भी हैं।

77. जिस प्रकार हड्डी रहित कीडे को धूप सताती है। उसी प्रकार धर्म नेहहीन शरीर को सताता है।

78. मरुस्थल पर तरूवर कभी पल्लवसहित नहीं होता। नेहहीन गृहस्थ-जीवन धन्य नहीं होता है।

79. यदि जीव में अंतर का अंग नेह नहीं तो क्या भला ? यद्यपि बाहर के सब अंग विद्यमान हो।

80. प्रेमसहित जो देह है वही सजीव है। अस्थिचर्म युत देह में नेह न तो सो निर्जीव माना जाता।

अतिथि संमान-9

81. जब ही अतिथि का अनन्य आदर किया जाता है तभी गृहस्थ-जीवन धन्य माना जाता है।

82. घर के बाहर अतिथि को खडा करके यजमान खुद अमृत पिवें तो सो कर्म उचित नहीं।

83. जो करता है अतिथि का उपचार रोज ही वह कभी भी अभाव का शिकार नहीं बनता।

84. हँसमुख होकर जो अतिथि का उपचार करता है उसके घर में लक्ष्मी सदा निवास करती है ।

85. जो अतिथि-भोज के बाद खुद शेष खाता है उसके खेत में फसलें अपने आप उगती हैं ।

86. आगत तथा भावी अतिथि का सत्कार जो करता है वह देवों का अतिथि बनकर सत्कार पायेगा ।

87. अतिथि का सत्कार याग-लाभ-सम अपरिमेय है अतिथि-पात्र के अनुरूप सत्कार का फल मिलता हैं ।

88. अतिथि-यज्ञ में जो समुचित भाग नहीं लेता वह संचित धन खोकर स्वयं कहता है "गतराग" ।

89. विभव में आतिथ्य-रहित कर्म निर्धनता है। अविवेकी में यह कुत्सित कर्म दीख पड़ता है ।

90. सूँघने से ही "अनिच्छ" नामक कुसुम कुँहला जाता है वैसे ही नेह-रहित दृग-दृष्टि से अतिथि का वदन म्लान हो जाता है ।

मीठे वचन कहना—10

91. धर्म-तत्व-विद छल के बिना मीठी बातें कहते हैं । उनकी बोली में हमेशा प्रेम का भाव भरा रहता है।

92. मन हर्षित होकर और को दान देने से भी हँसमुख होकर मीठे वचन कहना उत्तम माना जाता है ।

93. सौम्य भाव के साथ ही हार्दिक मधुरतायुक्त जो वच प्रयुक्त है वही नित धर्मसमवेत है।

94. जो सुखकर और मधुर बात दूसरों से कहता है उसको दुखद अभाव कभी नहीं ग्रसता है।

95. विनम्र-भाव और मधुर वचन कहना नर के भूषण हैं शेष भूषण सार्थक नहीं।

96. मधुर वचन के उपयोग से अधर्म का लोप होता है और कोपरहित धर्म की वृद्धि होती है।

97. जो परहितकारी मधुर वचन कहता है उसको नित सुख-हित-न्याय और पुण्य मिलेंगे।

98. पर दुखनाशक मधुर वचन नीचता से हीन होते हैं वे वचन विमुक्ति दायक और सुखदायक होते हैं।

99. मधुर वचन के उपयोग से नर सुख पाता है किसी भी हालत में वह कठोर वचन का उपयोग न करें।

100. मीठे वचन को छोडकर कटु वचन का उपयोग कौन कर सकता ? पका हुआ फल छोडकर कच्चे फल का उपयोग कौन करेगा !

कृतज्ञता — 11

101. स्वयं दूसरों को उपकार किये बिना औरों से कृत उपकार सुरनर-लोक के दान से उत्तम है।

102. उचित समय पर जो उपकार किया जाता है यद्यपि वह अल्प ही क्यों न हो, फिर भी जगत से भी बडा समझा जाता है ।

103. स्वार्थरहित जो मदद की जाती है वह सागर से भी बड़ी समझी जाती है ।

104. संत लोग तिलभर कृत उपकार को ताड़ पेड़ के समान बृहत आकार के रूप में मानते हैं ।

105. और से कृत उपकार का दूसरा परिमाण नहीं उपकृत की योग्यता ही उसका परिमाण है ।

106. निर्दोषी की बंधुता नहीं छोडी जाती है । विपद में उपकृत मनुष्य का प्यार नहीं छोडा जाता ।

107. दूसरों से उपकृत संत जन अपने दुख दूर करने वाले मनुष्य की मित्रता को सात जन्म तक स्मरण करते हैं ।

108. दूसरों से कृत उपकार को भूलना ठीक नहीं । अन्य से कृत अपकार को तुरंत ही भूलना अच्छा है ।

109. पहले कृतज्ञसदृश रहकर बाद में वह नुकसान पहुँचावें तो भी उसकी मदद की याद नुकसान को हर लेती है ।

110. धर्म-विनाशी मनुज भी पाता है उद्धार । किन्तु संसार में कृतघ्न का उद्धार साध्य नहीं है ।

निष्पक्षता—12

111. जो पक्षपात के बिना रचा वह न्याययुक्त है। हर कहीं धर्मसमेत निष्पक्ष भाव उत्तम समझा जाता है।

112. निष्पक्ष की धन-दौलत विनाशवान नहीं । वह दौलत भावी संतति केलिए हितदायक है ।

113. मध्यस्थता तजने से जो धन-माल मिलता है वह चाहें भला ही करें तो भी उसे तत्काल ही तजना चाहिए ।

114. कोई नर निष्पक्ष है अथवा बेईमान है यह तो अपनी कृति के शेषसे पहचाना जाता है ।

115. वित्तनाश या धन-वृद्धि स्वाभाविक विषय है । जीवन में निष्पक्षता सज्जन भूषित-बात है ।

116. जो निष्पक्षता तजें और भ्रष्टाचर सोचें तो कुविचार उसकी क्षति की सूचना देंगें ।

117. संसार निष्पक्ष की गरीबी को नहीं मानता । वह अभाव न तो अहितकरी है नापि लघुभाव है ।

118. जिस प्रकार चीज़ तोलने तुला है उसी प्रकार महानुभाव नित किसी पक्षका भाव नहीं अपनाते।

119. वचन नित नहीं बदलना निष्पक्ष का निशान है मन की ऋजुता भी चाहिए। यह मध्यस्थ का निशान हैं ।

120. व्यापारी यदि अन्य के माल को अपना माल समझें और व्यापार करें तो वही व्यापार अच्छा समझा जाता है ।

संयमशीलता - 13

121. संयम भाव मनुज को स्वर्ग के समान सुख देता है संयमविहीन भाव नरक के समान दुख का कारण बनता है ।

122. उत्तम वस्तु के समान संयम का पालन करो । वही जीव को सब से अधिक महान श्रेयस्कर है ।

123. जो संयम गुण को ग्रहण करता और संयमशील बनता है उसे संयम-गुण श्रेष्ठ बनाता है ।

124. जो अपने धर्म में स्थिर होकर संयमसहित रहता है उसका महत्व शैल के समान उन्नत है ।

125 विनम्र भाव सारे लोगों केलिए उत्तम समझा जाता है। खास कर धनी केलिए धन के समान विनम्रभाव बहुत उपादेय है ।

126. जो जीवन भर कछुआसम जितेन्द्रिय हो, सात जन्म तक उसका पालक दमनगुण होगा

127. जीभ वशीभूत हो और वाक्संयम की परवाह करनी चाहिए । अवशी जिह्वा दुख का कारण बन जाती है ।

128. एक अपशब्द के प्रयोग से नुक्सान होता है। सभी अच्छे कर्मों का फल विनष्ट हो जाता है। ।

129. आग-आँच का घाव मानसिक चोट नहीं करता। कटुक वचन से दिल की चोट होती है।

130. जो शिक्षित और विनयी है वह नाराज नहीं होता उसका स्वागत धूम धाम से सुधर्म करता है।

सदाचार-14

131. सदाचार अभिवृद्धि का दायक है और सदाचार ही प्राण से भी ज्यादा रक्षणीय है।

132. खुद कष्ट सहन करके भी सदाचार का पालन करना चाहिये। सदाचार ही जीव का सबसे बड़ा सहायक है, इसमें जरा भी मत-भेद नहीं है।

133. सदाचार करना ही कुलीनता का प्रतीक है और दुराचार नीच वंश का चिन्ह है।

134. अगर कोई वेदों को भूल जाय तो फिर निरंतर अभ्यास से उसे याद रख सकता है लेकिन जो सदाचार को छोड़कर आचारहीन हो जाय, उसके कुल का नाश निश्चित है।

135. जिसप्रकार ईर्ष्यालु व्यक्ति की कभी समृद्धि नहीं होती, उसीप्रकार आचारहीन मनुष्य की कभी उन्नति नहीं होती है।

136. धीर लोग आचार हीनता को भूल मानते हैं और सदाचार के द्वारा अच्छे कर्मवीर बनते हैं ।

137. एक मात्र सदाचार ही हमें उन्नति देता है और एक मात्र दुराचार ही हमारी अवनति का कारण बनता है ।

138. चरित्रवान लोग भूलकर भी मुँह से दुर्वचन नहीं कहते हैं क्योंकि दुर्वचन कहना वे बहुत बड़ा दोष समझते हैं ।

139. शिक्षित होकर जो लोकाचार से विहीन होते हैं, वे कभी विवेकशील नहीं बनते ।

140. सुखमयी जीवन का बीज सदाचार ही है और दुखमयी जीवन का बीज दुराचार है ।

पर-पत्नी पर विरति- 5

141. पर-पत्नी की कामना करना सब से बडी मूर्खता है। धर्म और अर्थ की प्राप्ति में यह राग माना नहीं है ।

142. जो मनुष्य दूसरों की पत्नी में रति-सुख की खोज करता है, इस संसार में सब से बड़ा मूर्ख वही है ।

143. विश्वासी व्यक्ति कीं पत्नी से जो संसर्ग रखता है वह जीवित होते हुए भी मृतक के समान है, उसे कभी स्वर्ग नहीं मिल सकता ।

144. जो दूसरों की पतनी के साथ अनुचित व्यवहार करता है उसके चाहे कितने भी मित्र हो, उसे कोई लाभ नहीं होता ।

145. जो व्यक्ति दूसरों की पतनीं के साथ सुलभ कार्य समझ कर संपर्क रखता है, वह हमेशा केलिए ऐसे कलंक को प्राप्त करता है, जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता ।

146. जो व्यक्ति पर-पतनी के साथ व्यभिचार करता है उसे दुश्मनी, पाप, भय और निन्दा नामक चार कलंक कभी नहीं छोडते ।

147. जो दूसरों की पत्नी के साथ निस्पृह भाव से व्यवहार करता है, उसका जीवन हमेशा धर्म से परिपूर्ण रहता है ।

148. दूसरों को स्त्री को न चाहना ही पौरुष का सब से बडा लक्षण है । संत का यही आचरण सब से उत्तम समझा जाता है ।

149. सागर से युक्त इस भूमि को वही भोग सकता है जो पर-पतनी के शरीर को कभी स्पर्श भी नहीं करता ।

150. चाहे कोई व्यक्ति धर्ममार्ग पर चलते हुए कोई पाप भी कर लें, पर पर-पतनी पर अनुरक्ति रखना किसी भी दशा में श्रेयस्कर नहीं है ।

सहनशीलता-16

151. खोदनेवाले की चोट को जिस तरह भूमि सहती है उसी तरह उत्तम व्यक्ति भी अपनी निन्दा करनेवालों को क्षमा कर देते हैं ।

152. दूसरों के द्वारा किये गये सब अपकारों को सहना हितकर समझा जाता है और उससे भी बढ़कर उन अपकारों को भूलना उत्तम समझा जाता है ।

153. दुनिया में सभी अभावों में सब से बडा अभाव अतिथि सत्कार का भाव न होना है । सब से बडा बल वही है जिसमें दूसरों का अनहित करने का भाव न हो ।

154. अगर तुम चाहते हो कि संपूर्णता तुम से अलग न हो तो तुम्हें सहन-भाव को लगन के साथ अपनाना चाहिए ।

155. दूसरों से बदला लेनेवालों को संसार में तुच्छ ही समझा जाता है पर सहनशील लोगों का मान सुवर्ण के समान होता है ।

156. दूसरों से बदला लेनेवाले को सिर्फ बदला लेते समय एक दिन ही आनंद मिलता है, पर सहन-शील व्यक्ति को प्रलयकाल तक अनंत कीर्ति की प्राप्ति होती है ।

157. अगर हमें दूसरों से कोई हानि होती हो तो उसके लिए अधिक चिन्तित होने की जरूरत नहीं, क्योंकि सहनशील व्यक्ति ही सब से बड़ा धर्मनिष्ट माना जाता है ।

158. जो तुम्हारे साथ घमण्ड से बरताव करता है उसको भी सहनशीलता से जीतना ही सब से बड़ा अनुपम गुण है ।

159. जिस प्रकार संसार में श्रेष्ठ गृहस्थ का जीवन यति से भी उत्तम समझा जाता है उसी प्रकार उस व्यक्ति का जीवन उत्तम माना जाता है जो नीच लोगों के कटु वचनों को सहनशीलता के साथ सुनते हैं ।

160. निराहार रहकर जप-तप से अपने आप को महान बनानेवाले को जो उत्तम स्थान है वही स्थान सहिष्णु लोगों का भी संसार में माना जाता है ।

असूयाहीनता - 17

161. जो व्यक्ति अपने मन से ईर्ष्या को दूर करके रोज़ सात्विक जीवन बिताता है, उसका जीवन सब से अधिक शीलयुक्त माना जाता है ।

162. हमारा जीवन तभी संपन्न हो सकता है, जब हम ईर्ष्याहीन होकर रहें । जिस व्यक्ति में ईर्ष्या की भावना नहीं होती, वह कभी दीन नहीं हो सकता ।

163. जो व्यक्ति धर्म और अर्थ को नहीं चाहता और जो दूसरों के वैभव से तुष्ट भी नहीं होता, उसे कभी अर्थ की प्राप्ति नहीं होती है ।

164. ईर्ष्या करने से हमें सदैव हानि और अनिष्ट की ही प्राप्ति है । इसीलिए धर्मनिष्ठ लोग कभी इस ईर्ष्या रूपी अग्नि को अपने पास नहीं आने देते ।

165. यदि कभी शत्रु भूलकर भी हमारा अनिष्ट करें और हम इसकेलिए उससे ईर्ष्या करें तो भी इस ईर्ष्या से हमारा और अनिष्ट ही होगा ।

166. जो व्यक्ति दानी और अच्छे कार्यकरनेवालों को देखकर जलता है, उसके परिवार में भूख और प्यास रूपी दुख हमेशा रहते हैं ।

167. ईर्ष्यालु व्यक्ति पर लक्ष्मी कभी प्रसन्न नहीं होती और वह उसे दरिद्रता की देवी को सौंप देती है । अतएव ईर्ष्यालु व्यक्ति कभी संपन्न नहीं होते ।

168. ईर्ष्या रूपी पापिनी हमारे धन संपत्ति को हर लेती है और वही हमें नरक तक ले जाने का निमित्त भी बनती है ।

169. ईर्ष्यालु व्यक्ति का वैभव विधिकृत ही होता है और उसीप्रकार ईर्ष्याहीन व्यक्ति का वैभवहीन होना भी पूर्वजनम के कर्मों के फल से ही होता है।

170. जो व्यक्ति दूसरों को देखकर जलते हैं वे धन वैभव के होते हुए भी दीन हैं। वे ही धनी व्यक्ति हैं जो दूसरों को देखकर ईर्ष्या नहीं करते।

निस्पृहता - 18

171. जो लोग अनुचित रीति से दूसरों की धन-संपत्ति को हर लेते हैं, उनके कुलका निर्मूल होना निश्चित है।

172. जो लोग नीतिमार्ग को छोड़ते हुए डरते है वे कभी दूसरों की संपत्ति से अनीति का कार्य नहीं करते।

173. जो लोग शाश्वत सुख की कामना करते हैं, वे कभी नश्वर सुख के लोभ में नहीं पड़ते और वे कभी नीच कार्यों की ओर अग्रसर नहीं होते।

174. जिन लोगोंने अपनी इन्द्रियों पर विजय को पा लिया है और जो ज्ञानी तथा निर्मल चित्तवाले हैं, वे अपनी दीनदशामें भी दूसरों से धन-संपत्ति नहीं लेते।

175. गहरे विस्तृत ज्ञान से भी हमें उपकार तब तक नहीं हो सकता जब तक हम लालचवश दूसरों से बुरा व्यवहार करते हैं।

176. जो भगवान की कृपा पाना चाहता है, अगर वह किसी का अहित सोचें तो भी हमेशा कष्ट ही पाता है।

177. जो धन हमें लालच से प्राप्त होता है, उस धन को हमें कभी चाहना नहीं चाहिए क्योंकि उस धन से हमको कभी सुख चैन की प्राप्ति नहीं होती।

178. जिस व्यक्ति का मन इस संसार में दूसरों का धन नहीं प्राप्त करना चाहता, उस व्यक्ति के धन का कभी क्षय नहीं होता है।

179. जो बुद्धिमान और धर्मनिष्ट व्यक्ति दूसरों के धन को नहीं चाहते उनको सुपात्र जानकर लक्ष्मी उनके यहाँ सदैव निवास करती है।

180. दूसरों के धन की कामना करने से अपना क्षय होता। लोभरहित जो धन हमें प्राप्त होता है, वही हमारे पास निरंतर रहता है।

चुगलखोरी का अभाव–19

181. जिस प्रकार धर्म का नाम न लेना बुरा कार्य है उसी प्रकार चुगलखोर नाम पाना भी अच्छा काम नहीं है।

182. धर्म को नष्ट करके पाप कार्यकरना जितना बुरा है उतना ही बुरा मुँह के सामने स्तुति करके पीछे निंदा करना है।

183. मुँह के सामने तारीफ करके पीठ के पीछे निन्दा करने से अच्छा मरण ही है क्योंकि दूसरों की बुराई करने में भले हो तकलीफ़ न हो, पर यह निन्दनीय कृति है।

184. हम चाहें किसी के सामने भले ही कठोर वचन कहें पर पीछे किसी के बारे में कठोर वचन नहीं कहना चाहिये ।

185. चुगलखोर व्यक्ति यदि जीभ से धर्म की तारीफ़ भी करें तो भी उसका मन हमेशा कलुषित होता है ।

186. जो दूसरों पर निन्दनीय आरोप लगाता है उसकी हमेशा निन्दा होती है और उस पर भी कई आरोप लगते हैं ।

187. जो चुगलखोर होता है, वह मीठे वचन के द्वारा मित्रता नहीं कराता और वह पीछे से कटु वचन बोलकर भाई को भाई से अलग करवाता है ।

188. जो अपने परम मित्र पर भी कठोर दोषारोप करने से नहीं चूकता, वह दूसरों पर आरोप लगाये बिना कभी नहीं रह सकता ।

189. पृथ्वी यह सोचकर चुगलखोरों का भार ढोती है कि सहनशीलता उसका धर्म है ।

190. जो दूसरों के दोष को ढूँढने के बजाय अपने दोष ढूँढ़ें तो ऐसे व्यक्ति को कभी दुख नहीं होगा ।

बेकार बातों का अनुपयोग - 20

191. जो व्यक्ति अनेक व्यक्तियों से घृणित वार्तालाप करता है वह हमेशा दूसरों के परिहास का पात्र बनता है ।

192. बहुत लोगों के बीच में बेकार बातें करना उचित नहीं है क्योंकि ऐसे लोग मित्रों के बीच में नीच समझे जाते हैं ।

193. जो व्यक्ति बहुत देर तक व्यर्थ बातें करता रहता है उसकी बातों में कोई नीति नहीं होती सिर्फ बकवाद होता है ।

194. बहुत लोगों के बीच में विफल और कटु वचन बोलना उतना ही अहितकर माना जाता है जितना अधर्मयुक्त वचन नीच लोगों के द्वारा बोलना माना जाता है ।

195. अगर कोई सुशील व्यक्ति भी बेकार वचनों का प्रयोग करें तो उसका गौरव और सुयश उससे अलग हो जाता है ।

196. जो व्यक्ति निष्फल शब्दों का प्रयोग करता है, वह मनुष्य नहीं कहलाता और उसे सिर्फ मूर्ख समझा जाता है ।

197. बडे व्यक्ति भी भले ही नीति की बातें न कहें, पर यदि वे व्यर्थ वचन कहेंगे तो उनका गौरव नहीं बढ़ेगा ।

198. विवेकशील व्यक्ति ऐसी बातें ही करते हैं जिनका प्रयोजन होता है, वे कभी भूलकर एक भी फलहीन बात नहीं कहते हैं ।

199. जो व्यक्ति विवेकशील होते हैं और जिन पर कोई कलंक नहीं होते हैं, , वे भूलकर भी निष्फल बातें नहीं कहते ।

200. अगर हमें कुछ कहना हो तो हमेशा सफल अर्थवाले शब्द ही कहना चाहिये, ऐसी बातें कभी भूलकर भी नहीं कहनी चाहिये जिसमें कोई अपशब्द हो ।

बुरे कार्य से भय - 21

201. पापी लोग कभी कुकर्म रूपी मोह से भय भीत नहीं होते हैं पर सुकर्मकारी लोग हमेशा पाप से भयभीत रहते हैं ।

202. हमेशा से यह माना गया है कि पाप कार्य दुखदायक है, इसलिए भयदायक और आग के समान तीव्र जानकर भयभीत लोग हमेशा उससे दूर रहते हैं ।

203. विवेकी लोग हमेशा अपने कार्यों में आचार का ध्यान रखते हैं, वे कभी अपने हिंसक शत्रु पर भी वार नहीं करते ।

204. यदि कोई व्यक्ति भूलकर भी दूसरों को हानि सोचें तो धर्म भी उसकी हानि पहुँचाने के बारे में विचार करेगा ।

205. मैं बहुत दरिद्र हूँ यह सोचकर यदि कोई व्यक्ति पाप करें तो वह अपने पाप-कृत्य के कारण और भी दरिद्रतर बन जायेगा।

206. अगर कोई व्यक्ति यह चाहें कि वह पाप से पीडित न हो, तो उसे दूसरों के प्रति कोई पाप नहीं करना चाहिए।

207. व्यक्ति बडे दुश्मन से स्वयं बच सकता है, लेकिन पापकृति-रूपी दुश्मन से वह बच नहीं सकता। हरेक व्यक्ति को पाप-कार्य न करना चाहिए।

208. जो बुरे कार्य करता है, उसका बुरा अवसान होना निश्चित है। जिस तरह छाया मनुष्य का साथ नहीं छोडती उसी तरह बुरे कार्य का प्रभाव भी मनुष्य को नहीं छोडता।

209. अगर कोई व्यक्ति अपने आप को सुखी रखना चाहता हो तो उसे अपने चित्त में किसी भी व्यक्ति के प्रति पाप कार्य का ख्याल नहीं होना चाहिये।

210. जो व्यक्ति कभी नीच कार्य नहीं करता है और पाप की तरफ भूलकर भी नहीं देखता है, वह हमेशा अमर रहता है।

लौकिक जीवन जानना-22

211. जो सच्चा उपकारी होता है, वह पेड़ के समान अपने फर्ज का पालन करता है। वह कभी अपने उपकार केलिए फल नहीं चाहता।

212. जो धन परिश्रम से अर्जित किया हुआ हो और जो धन दूसरों के काम आता हो, वही धन इस जगत में मनुष्य केलिए श्रेष्ठ धन है।

213. देवलोक और नरलोक में परोपकार के समान दूसरा कोई हितकरी कार्य नहीं है। इनसान को इस परोपकार के बारे में ही जानना चाहिये।

214. लौकिक व्यवहार को जाननेवाला मनुष्य ही सजीव मनुष्य कहलाता है, जो लोग लौकिक व्यवहार से अनभिज्ञ होते हैं वे निर्जीव समझे जाते हैं।

215. जिस प्रकार पानी से भरे हुए झील का उपयोग जन-साधारण केलिए होता है उसी प्रकार परोप कारी के धन का उपयोग भी दूसरों की भलाई केलिये होता है।

216. ग्राम के बीच में खड़ा फल से युक्त पेड़ जैसे दूसरों केलिए उपयोगी होता है, वैसे ही परोप-कारी मनुष्य का धन दूसरों का काम आता है।

217. जिस प्रकार पेड़ का हर अंग औषधि के काम आता है उसी प्रकार उदार व्यक्ति का धन हर किसी का काम आता है ।

218. अभावों के बीच में भी जो मनुष्य सोच समझ कर दूसरों का उपकार करते हैं वे परोपकारी मनुष्यों में अग्रगण्य होते हैं ।

219. उपकारी व्यक्ति केलिए सब से बडा अफ़सोस यही है कि अभाव में भी उसे इस बात का अफ़सोस रहता है कि उससे परोपकार का कार्य संपन्न नहीं हो सका ।

220. यद्यपि परोपकार करते समय अपनी कुछ हानि जरूर होती है पर वह हानि निज को बेचकर हमें अमूल्य यश का भागी बनाती है ।

दान की महत्ता - 23

221. निर्धन को जो दान दिया जाता है, वही सच्चा दान है । प्रतिप्रयोजन की दृष्टि से जो दान दिया जाता है वह श्रेयस्कर नहीं है ।

222. उचित मार्ग से लिये जाने पर भी किसी से दान लेना श्रेयस्कर नहीं है और भले ही मुक्ति न मिले तो भी किसी को दान देना ही उचित कर्म है ।

223. अपने को निर्धन न कहना और दूसरों को दान देना ही कुलीन पुरूषों का लक्षण है, यह लक्षण अन्य किसी में हमें प्राप्त नहीं होता ।

224. जब तक कोई याचक याचना नहीं करता, तब तक देने का आनन्द नहीं प्राप्त होता। याचक द्वारा माँगे जाने पर दिये जानेवाले दान से ही हमें प्रसन्नता प्राप्त होती है।

225. जिस प्रकार मुनि लोग भूख को दमन करने की योग्यता रखते है उसी प्रकार दानी लोग दूसरों की भूख मिटाने की योग्यता रखते हैं।

226. धनी व्यक्ति का धनकोष तभी सार्थक है जब वह किसी भूखे की भूख को मिटा सके। अगर यह नहीं कर सकें तो वह धनकोष निरर्थक है।

227. जो व्यक्ति दूसरों को भोजन खिलाकर खुद भोजन करता है वह कभी भूख और रोग का शिकार नहीं बनता।

228. धन-संचय किये जाने पर भी जो धन दूसरों के काम नहीं आता ऐसे अमीर लोगों को दान देने से होनेवाले हर्ष का अनुभव नहीं होता।

229. जिस धन का उपयोग दूसरों के उपकार केलिये न हो, वह धन रहते हुए भी हमें कोई सुख नहीं दे सकता। ऐसा धन हमारे लिये दुखमय है।

230. दुनिया में मरण सब से अधिक दुखमय है, पर मरण से भी अधिक दुखमय किसी को कुछ न देना है।

कीर्ति की गरिमा - 24

231. दूसरों की मदद करते हुए जीवन बिताना यश का मूल है। उसी का जीवन सब प्रकार से अनुकूल होता है।

232. जो व्यक्ति याचक को खुशी के साथ दान देता है, उसी का गुणगान सभी प्रशंसक लोग करते हैं।

233. इस संसार में सब से बढ़कर अविनाशी वस्तु यश है। बाकी सभी वस्तुएँ नाशवान हैं। इसलिये हमें सुयश पाने का प्रयत्न करना चाहिये।

234. इस संसार में जो लोग यशकर काम करते हैं, उनका अभिनन्दन सिर्फ यह संसार ही नहीं स्वर्ग भी करता है।

235. ज्ञानी लोगों में यह गुण होता है कि वे अभाव में भी कीर्ति-वृद्धि करते हैं और विनाश में अविनाश की स्थिरता रखते हैं इन्हीं गुणों के कारण वे प्रशंसनीय हैं।

236. संसार में अच्छे जनम पाने का फल तभी हमें मिलता है, जब हमें यश को प्राप्ति होती है। यश के बिना जनम लेना इस संसार में व्यर्थ है।

237. नामी व्यक्ति अपने दोषों को जानने पर भी अपने लिये निन्दक नहीं बनता है। पर दूसरों द्वारा अपनी निन्दा सुने जाने पर उसे बड़ा दुख होता है।

238. यदि किसी मनुष्य को इस संसार में कीर्ति नहीं मिलती है तो उस संसार में उसे अपकीर्ति ही मिलती है ।

239. यज्ञविहीन व्यक्तियों का भार ढोने के कारण यह भूमि इतनी क्षीण हो गयी है कि उसकी उत्पादन-शक्ति घट गयी है और पैदावार कम हो गयी है ।

240. उसी व्यक्ति को सजीव समझा जाता है जो इस संसार में आकर कीर्तिकारक कार्य करता है । जिसे किसी प्रकार की कीर्ति नहीं मिलती वह निर्जीव समझा जाता है ।

संयास धर्म - कृपालुता - 25

241. सब धनों में श्रेष्ठ करूणारूपी धन है । अगर यह तुच्छ व्यक्तियों केपास भी हो तो भी श्रेष्ठ धन है ।

242. जो करूणावान लोग होते हैं, वे हमेशा अच्छे रास्ते पर चलते हुए जीवन बिताते हैं, क्योंकि वे कई रीति-यों से अपने हृदय में दया को आश्रय देते हैं ।

243. जो दयावान है, वह दुखमय और अंधकारमय जगत से दूर रहता है और वह सदा प्रकाशमय जगत में ही विचरण करता है

244. जो व्यक्ति दूसरे जीवों की रक्षा करने के उद्देश्य से उनपर दया करता है, उसे कभी कोई पाप नहीं लगता और उसे किसी प्रकार का भय नहीं सताता

245. करुणावान व्यक्ति को वेदना कभी नहीं सताती है। जिस प्रकार भूमि स्वयं कष्ट सहकर हमारा उपकार करती है, उसी प्रकार दयावान वेदना सहकर दूसरों का उपकार करते हैं।

246. जो व्यक्ति दयाहीन होकर पाप-कार्य में लगा रहता है वह उस व्यक्ति के समान है जो धर्म-कार्य छोड़कर बुरे कार्यों में लगा हुआ है।

247. दयाहीन व्यक्ति को अलौकिक सुख की प्राप्ति नहीं होती। जिस प्रकार निर्धन व्यक्ति को लौकिक सुखों की प्राप्ति नहीं होती।

248. निर्धन व्यक्ति कभी सुदिन आने पर धनवान बन सकता है, लेकिन दयाहीन व्यक्ति कभी यश को प्राप्त नहीं कर सकता, यही बुद्धिमानों का विचार है।

249. जिस प्रकार मूर्ख व्यक्ति को ज्ञान-तत्व का उपदेश देना अनुचित है। उसी प्रकार दयाहीन व्यक्ति से पुण्य-कर्म की आशा करना भी अनुचित है।

250. निर्दय व्यक्ति को कमज़ोरों पर अत्याचार करते समय यह सोचना चाहिए कि अगर उनसे भी बलवान उन पर अत्याचार करें, तब उनकी (खुद की) दशा क्या होगी।

माँस का अनशन-26

251. अपनी देह की रक्षा केलिए जो दूसरों का मांस खाता है वह कैसे दयावान बन सकता है ? इसलिये दूसरों का मांस नहीं खाना चाहिये ।

252. जिस प्रकार धन की रक्षा करनेवाले को धन का सुख प्राप्त नहीं होता, उसी प्रकार मछली-मांस आदि खानेवालों को दयालुता का सुख प्राप्त नहीं होता ।

253. जिस प्रकार सशस्त्र व्यक्ति के हृदय में कृपा और करूणा का भाव नहीं रहता है, उसी प्रकार मांसाहारी व्यक्ति में करूणा और दया का गुण नहीं रहता है ।

254. हिंसा को छोड़ना ही दया है और दूसरों का वध करना पाप है । ठीक उसी प्रकार मांस का सेवन करना भी पाप है ।

255. मांस को खाना छोड़ना ही सब से बडा धर्म समझा जाता है और मांसाहारी व्यक्ति नरक के दुख से कभी बच नहीं सकता ।

256. अगर इस दुनिया में मांसाहारी लोग नहीं रहते, तो माँस बेचनेवाले कसाई कहाँ रहते और क्या करते ?

257. किसी जीव का घाव ही माँस होता है। इस प्रकार के माँस को खाने की अपेक्षा, उसे न खाने का व्रत ही श्रेष्ठ माना जाता है ।

258. किसी प्राणी का वध करके उसके मृततन से जो माँस मिलता है उसे सिर्फ वन के हिंस्त्र पशु ही खाते हैं । बुद्धिमान लोग इसे कभी नहीं खाते ।

259. माँस का हवन डालकर सैकडों यज्ञ करने से भी कोई लाभ नहीं है, लेकिन अगर मांस-भोज पर प्रीति न रखें तो उसका यह कार्य सब से उत्तम समझा जायेगा ।

260. जो व्यक्ति प्राणीघातक नहीं और जिसने माँसाहार करना छोड़ दिया है, उसकी सभी जीव हाथ जोड़कर वन्दना करते हैं ।

तपस्या - 27

261. स्वयंकृत दुख को सहना और जीवों की हिंसा न करना ये दोनों संसार में तपस्या के सच्चे स्वरूप माने जाते हैं ।

262. जो बहुत जन्मों से जप करते रहते हैं उनको तप की सिद्धि मिलेगी और जो तप नहीं करते बहु जन्मों तक उनको तपकी सिद्धि न मिलेगी ।

263. गृहस्थलोग सन्यासियों के उपचार में तल्लीन रहते हैं और वे कभी कभी तापस-कर्मों से रहित रह जाते हैं।

264. तापसी का तप इतना बलवान है कि तप के स्मरण से प्रियजन का उत्थान होता है और शत्रु-जन का अवसान होता है।

265. इच्छित फल की प्राप्ति तप से होती है। अतएव इस संसार में तप करणीय है।

266. तपस्वी का जीवन चरितार्थ होता है। कामी का जीवन चरितार्थ नहीं होता।

267. जैसे आग में तप्त होकर सोना शोभायमाण है वैसे तप करने से विवेक समृद्ध होता है।

268. जिसके मन में अस्मिता का भाव नहीं उसके प्रति सब जीव सेवा-भाव रखते हैं।

269. तपोबलवाला सर्वशक्तिमान है। वह अपने प्राण काल से भी बचा सकता है।

270. तप करके कुछ लोग संपन्न हुए और तप न करके बहुत से लोग दरिद्र हुए हैं।

मिथ्याचरण – 28

271. कपटी का आचरण सत्यहीन आचार माना जाता है। उसके आचार को देखकर पंचभूत अपने आप हँसते हैं।

272. तापसी वेषभूषा धारण करने से क्या फ़ायदा होगा ? जबकि जान बूझकर मन पाप करने लग जाय ।

273. जो मानसिक बल नहीं रखता उसको ऋषि-वेष धारण करना बेकार है । बाघ - खाल का वेष धारण कर जिस प्रकार गाय चरती है उसी प्रकार उसका जीवन विडम्बनामय और कपटपूर्ण है ।

274. तापसी-वेष धरकर जो करता है बुरा काम/ उसका काम दृष्टिगोचर के बिना किरात से किये गये शिकार कर्म के समान होता है ।

275. मिथ्याचारी अपने को बहुत विरक्त कहता है । उसका वैराग्य मिथ्याचार से उत्पन्न हुआ । वह शोकमय होता है ।

276. क्रूर आदमी वही होता है जो छल-कपट करता है और वेष भूषा से तपस्वी के समान दिखाई पड़ता है किन्तु मन से दुष्ट के समान भयंकर होता है ।

277. ऐसे मनुष्य भी संसार में रहते हैं जो गुंजा के समान बाहर से साफ सुथरे दीख पडते है और अन्दर से काले-कलूटे दीख पड़ते है ।

278. ऐसे मनुष्य ही बहुत हैं जो शरीर को ही साफ रखते हैं किन्तु मन को कलुषित रखते हैं ।

279. सीधा बाण कठोर होता है टेढी वीणा रम्य होती है। भले और बुरे की जाँच करनी चाहिए। क़ार्य नतीजे से मालूम हो जाता है।

280. अगर दूषित काम न अपनाया जाता है तो संयासी को केश-मुण्डन और बाल बढ़ाना दोनों आवश्यक नहीं।

चोरी न करना - 29

281. जो चोरी का काम नहीं करता वह हमेशा दूसरों के दोषारोपन से विमुक्त हो जाता है। स्तेय-बुद्धिवाला दूषित समझा जाता है।

282. मन में गलत सोचना अहित करने के समान है। दूसरों की चीजों का अपहरण न करना कपट से उत्तम समझा जाता है।

283. पहले चोरी से प्राप्त धन अभिवृद्धि के समान दिखायी पडेगा। बाद को वही धन अपार क्षय प्राप्त करेगा।

284. अपार चोरी करने की इच्छा होती है लेकिन कार्य-काल में वही कामना दुखदायिका बनती है।

285. दूसरे की असावधानी देखकर चोरी करने का विचार जो रखता है उसके दिल में प्रेम ओर दया दोनों भावनाएँ नहीं होती।

286. जो जन चोरी करने में लगे हुए हैं वे जन मर्यादा की सीमा नहीं जानते ।

287. जो लोग मर्यादित जीवन बिताते हैं उन लोगों में चोरी तथा अज्ञता दोनों नहीं । ऐसा विद्वानों का विचार है ।

288. जिस प्रकार चोर के मन में कपट-काम बढ़ता है उसी प्रकार मर्यादित व्यक्ति में धार्मिक विचार बढ़ते हैं ।

289. जो चोरी करने के सिवा और कुछ न जानता हो वह अपना अहित करते हुए नाश की खोज करता है ।

290. स्तेय-बुद्धि से युक्त आदमी को सुख-भोग मिलता नहीं । स्तेय-बुद्धि से विहीन व्यक्ति को लौकिक और पारलौकिक सुख मिलता है ।

सच्चाई की महानता - 30

291. दुनियामें वही सत्य वचन कहलाता है जिससे दूसरोंको थोडा भी अहित और संकट नहीं होता।

292. अगर असत्यभाषण दोषरहित और हितकर हो तो वह असत्य भाषण भी सत्य के समान उपादेय हो जाता है ।

293. मन में सत्य जानकर मिथ्यावाद न करें। मिथ्या भाषण आप को कष्ट व नाश देगा।

294. जो जान बूझकर हृदय से झूठ नहीं कहता है वह मनुष्य जनता के हृदय में निवास करता है।

295. तपस्वी और दानी की अपेक्षा सत्यवादी लोग श्रेष्ठ समझे जाते हैं।

296. सत्य-कथन के समान संसार में कीर्ति-सुख नहीं। झूठ न बोलना धर्म फल और सुख देता है।

297. सत्यनिष्ठता को अपनाना चाहिए। अन्य अच्छा काम न करे तो भी सत्यव्रत को अपनाना चाहिए क्योंकि वह अपायरहित है।

298. शारीरिक पवित्रता पानी से होती है मानसिक पवित्रता सत्य से होती है।

299. अन्धकार को दूर करनेवाले सभी दीप दीप नहीं कहलाते। साधु जनों केलिए सत्य दीप ही दीप माना जाता है।

300. हमने संसार में भाव-विभाव आदि अनेक देखे। और भावों की अपेक्षा सत्यभाव ही ठीक है।

कोपहीनता - 31

301. जहाँ गुस्सा विफल नहीं, वहाँ गुस्से को दबावें। विफलस्थान में कोप दबाकर दिखाने से कोई लाभ नहीं।

302. जहाँ गुस्सा सफल नहीं वहाँ कोप दिखाना ठीक नहीं। जहाँ गुस्सा प्रयोजनवान है वहाँ गुस्सा करना उचित नहीं।

303. किसी जन्तु पर भी कभी कभी गुस्सा दिखाना नहीं चाहिए। समस्त बुराई का कारण गुस्सा है।

304. क्रोध-भाव स्मृतिघातक और हर्षघातक होता है। क्रोध-भाव से बढ़कर रिपु-भाव बलवान नहीं।

305. अपने बचाव केलिए हमें क्रोध से विमुक्त रहना चाहिए। जो कोपमुक्त नहीं, तो गुस्सा स्वयं वध कारक बन जाता है।

306. कोप की ज्वाला से कोपी मृत के समान बन जाता है। बन्धुपरिपालन रूपी नाव भी कोपानल से भस्मीभूत हो जाती है।

307. कोप-रूपी चीज़ को पाकर कौन दुख नहीं प्राप्त करता? ज़मीन पर कृत आघात से हाथ क्या दुख न पाता?

308. अग्नि शिखा के समान यदि अहित किया जाय तो भी यथाशक्ति कोप के बिना रहना हित समझा जाता है।

309. कार्य-सिद्धि केलिए मन में गुस्सा नहीं करना चाहिए। कार्य साधक है अमन्यु।

310. गुस्सा करनेवाले को हम मृत के समान मानते हैं। कोपहीन व्यक्तिको संयासी के समान श्रेष्ठ समझ लें।

अहित न करना-32

311. निष्कलंक बडों का लक्ष्य यह है कि उनकी महिमा गुणों से युक्त हो। पर-हिंसा से युक्त धन-प्राप्ति निषिद्ध है।

312. निर्दोषी व्यक्ति का लक्ष्य है कि पर-कृत हानि को भूलकर उसकी प्रतिहानि या बदला नहीं लेना चाहिए।

313. अहित किये बिना जो दूसरे का अनिष्ट करता है उसकी हानि कालान्तर में जरूर होगी।

314. अहितकरी की सजा यह हो कि वह अपने काम से लज्जित हो जाय। उससे किया हुआ दुख और बदले में की हुई भलाई दोनों को भूल जावे।

315. दूसरे के दुख को अपना दुख समझकर उसको दूर करने का उपाय सोचना चाहिए। ऐसा न करें तो बुद्धि रखने का क्या प्रयोजन है ?

316. जो भी काम अपने लिये अहितकर समझा जाता है वह काम दूसरों के प्रति नहीं करना चाहिए।

317. दुनिया में वही काम उत्तम समझा जाता है जिससे किसी को जरा भी न सताया जाता है।

318. जो काम अपने लिए हितकारक नहीं वह काम दूसरों केलिए कैसे हितकारक होगा ?

319. यदि सुबह दूसरे को दुख दिया गया तो शाम को वह दुख खुद भोगना पड़ेगा ।

320. सुखमय जीवन बिताने केलिए दूसरों को दुख नहीं देना चाहिए । सारा शोक अहित करनेवालों को प्राप्त होता है ।

अहिंसा - 33

321. धर्म कार्य का अर्थ होता है कि जीव-वध का परित्याग । जीव-वध सब पापों का मूल है ।

322. बाँटकर भोजन करना चाहिए । जीव-रक्षण ही धर्म समझा जाता है । शास्त्र में यह सर्वोत्कृष्ट धर्म समझा जाता है ।

323. जीवों की हिंसा न करना सर्वोत्कृष्ट है । सत्य बोलना दूसरा धर्म ही समझा जाता है ।

324. संसार में वही मार्ग सन्मार्ग कहलाता है जो मार्ग जीव रक्षण रूपी नीति को बताता है ।

325. संयासी लोग भव-भीति से त्रस्त रहते हैं । धार्मिक लोग जीव-हनन न करके श्रेष्ठ माने जाते हैं ।

326. जो अहिंसा के नियम का पालन करता है वह काल पाश से पीडित नहीं होता ।

327. अपने शरीर से प्राण निकल जाय, तब भी जीव हनन नहीं करना चाहिए ।

328. जीव हत्या करने से ज्यादा धन यदि मिल जाय तो भी वह धन निकृष्ट समझा जाता है। हिंसात्मक धन तुच्छ माना जाता है।

329. जीवों के वध करनेवाले कभी भी श्रेष्ठ नहीं। जीवों के पालन करनेवाले जीववधी को निकृष्ट मानते हैं।

330. जीव-हत्या करनेवाले सदैव रोगी होते हैं। उनका जीवन सुखद नहीं, अभाव से ग्रस्त होता है।

अस्थिरता 34

331. मंदबुद्धिबाले ही विनाशी पदार्थों को अविनाशी समझते हैं।

332. रंग भूमि की भीड़ के समान प्रारंभ में धन बढता है। सभा - विसर्जन के काल के समान धन का अवसाद होता है।

333. धन का गुण चंचल है। यदि वह धन मिल जाय तो तुरंत धर्म-कार्य में उसका उपयोग करो।

334. यह तत्व समझ लेना चाहिए कि दिन रूपी छुरी की धारा नरजीवन का वध क्रमिक रूप से कर रही है।

335. कंठ के अवरोधन के पहले एवं अंतिम हिचकी लेने के पहले ही पुण्यात्मक कार्य कर लेना चाहिए ।

336. जो कल था, वह आज नहीं है । यह रीति दुनिया की है । नर लोक में स्थिरता कहाँ है ?

337. जीवन-यापन की जानकारी किस को मालूम है ? परन्तु मानव भावी के संबंध में सीमाहीन सोच-विचार करता है ।

338. जिस प्रकार अंडे से अलग होकर पक्षी उड़ता है उसी प्रकार जीव भी देह से हट जाता है ।

339. प्राणी का मरण नींद के समान होता है । प्राणी का जनम जागृति के समान होता है ।

340. यह जीव कभी भी शाश्वत रूप में शरीर में नहीं रहता । भाडे के समान यह जीव शरीर में कुछ काल तक रहता है ।

वैराग्य - 35

341. जो व्यक्ति जिन चीज़ो की अभिलाषा से विमुक्त रहता है वह व्यक्ति उन चीज़ों से संबंधित दुखों से दूर रह जाता है ।

342. संपन्न दशा में भी विरक्ति की भावना होनी चाहिए । ऐसा होने पर बहुत प्रकार के सुखभोग मिलेंगे ।

343. पाँचों इन्द्रियों का दमन करके अनुराग को छोडना चाहिए। विषय सुख त्याज्य है। वैसे ही अनुराग भाव छोड दें।

344. तपस्या के लिए निस्पृहता को स्वाभाविक धर्म समझें। सस्पृहता क्षोभ का कारण है।

345. भव-भीति से विमुक्ति चाहनेवाले को यह शरीर भारमयी है। यह शरीर ही दुखद है। दूसरे के शरीर पर अनुरक्ति रखना सचमुच दुखद है।

346. जो आत्माभिमान की बुद्धि छोड़ता है वह विमुक्ति प्राप्त कर लेगा।

347. मदीयता से जो मुक्त नहीं वे विपद-जाल में सदैव फँसते रहते हैं।

348. जो निष्काम होते हैं वे मुक्ति स्थल पहुँचते हैं। बाकी सब भव-मोह में फँसे रहते हैं।

349. भव से मुक्ति तब होती है जब मन में अनासक्ति होती है। भव-संकट से मुक्ति अनुराग से नहीं होती।

350. साँसारिक अनुराग से हमें निर्लिप्त रहना चाहिए नित निस्पृह होकर हमें हरिभक्ति करनी चाहिए।

351. जब असत्य में सत्य का बोध होता है तब अच्छी तरह सोच लेना चाहिए। सांसारिक दुखमूलक ज्ञान भ्रमात्मक है।

352. वह व्यक्ति मुक्ति पाता है जो निर्मोह और मलरहित तत्व-ज्ञान रखता है।

353. तत्व-ज्ञान भ्रम-संशय को दूर करता है तुम ऐसे तत्व ज्ञान रखनेवालों का संपर्क रखो।

354. पाँचों इन्द्रियों का दमन करना चाहिए। किन्तु तत्व ज्ञान के बिना लाभोपाय नहीं है।

355. पदार्थों का यथार्थ ज्ञान अर्जित करना चाहिए। वही तत्व-ज्ञान माना जाता है।

356. जो लोग पढ़कर सच्चा ज्ञान अर्ज़ित कर चुके वे लोग स्वर्ग जायेंगे। भवबाधा तोडकर वे आगे जायेंगे।

357. यदि कोई व्यक्ति तत्व विषय का अनुसंधान करता है तो उसको ज़न्म संबंधी विधिविधान मुख्य है।

358. जन्म-हेतु पर विचार करनां अविवेक है विशेष तत्व-ज्ञान पर ही विचार करना चाहिए।

359. मदीयता या अपनापन का भाव छोडकर सर्वाश्रय को जानना चाहिए। अनासक्ति भाव को अपनाने से दुख नहीं होता ।

360. जो जन गुस्सा, मोह और राग को छोडते हैं वे जन स्वस्थ और शोकहीन हो जाते हैं ।।

लालसा का परित्याग-37

361. सभी जीवों के मन में इच्छा जरूर पैदा होती है। यह अभिलाषा जन्म-बीज के रूप में सिद्ध हुई है।

362. अगर कामना रहें तो भवनाश संभव नहीं । जन्म-नाश का कारण अभिलाषा का नाश है ।

363. इस पृथ्वी में निस्पृहता के समान और कोई धन नहीं। स्वर्ग में भी उस धन के सम और कोई संपत्ति नहीं ।

364. संसार में निस्पृहता ही शद्धता मानी जाती है। सच्चाई की कामना से निस्पृहता आ जाती है ।

365. निस्पृह व्यक्ति को सांसारिक बंधनों से विमुक्त समझो। सस्पृह व्यक्ति को सांसारिक बंधनों से सहित समझो ।

366. लालसा से डरना बडा धार्मिक कार्य समझा जाता है। लालसा रूपी मायाजाल में फँसना उचित नहीं ।

367. जो सौ प्रतिशत चाह का नाश करता है उसके पास सारे धर्म अपने आप आ जाते हैं ।

368. तृष्णारहित व्यक्ति को कभी भी दुख उत्पन्न नहीं होता । तृष्णा ही शोक का कारण है ।

369. जग में आनंद पाना है तो दुखमय लिप्सा का अंत करना चाहिए ।

370. हमेशा अतृप्तमय कामना को छोडनी चाहिए । फिर निस्पृहता की हालत सुखकर हो जाती है ।

प्रारब्ध कर्म-फल - 38

371. पैसा कमाने का प्रयत्न केवल भाग्याधीन है । धन का नाशकर आलस्य भी भाग्याधीन है ।

372. भाग्य एक ओर जहाँ वित्तविनाश की बुद्धि प्रदान करता है । वही दूसरी ओर धन-वृद्धि की बुद्धि भी प्रदान करता है ।

373. मोटी किताबें पढ़ने से क्या भला ? स्वाभाविक ज्ञान ही श्रेष्ठ है । सहज ज्ञान नियति से प्राप्त होता है । नियति सब से बली है ।

374. नियतिवश है यह सारा संसार । इस संसार के दो भेद हैं । एक है विभूतिमत्ता दूसरी है बुद्धिमत्ता ।

375 धन के अर्जन के मामले में क्या नियम लागू हो सकता ? बुरा कभी भला बनता है भला कभी बुरा बनता है ।

376. जिस कार्य में हमारा स्वार्थ नहीं उसका पालन करना बेकार है । और जिस कार्य में हमारा स्वार्थ है उसका परित्याग भी बेकार है ।

377. विधि-कृत परिमाण से अधिक या कम दुख-सुख का भोग करोड़पति भी प्राप्त नहीं करते हैं ।

378. यदि नियति दर्द भरी वेदना नहीं देती तो दरिद्र भी यति के समान विमुक्त हो जाते ।

379. अच्छे कामों से सुख मिलता है और बुरे कामों से दुख मिलता है । बुरे कामों से लोग खेद का अनुभव करते हैं ।

380. संसार में भाग्य से बढ़कर क्या कोई बली रह सकता है ? ऐसे भाग्यपर किस रास्ते से विजय प्राप्त करना आसान होगा ! यह गंभीर प्रश्न है ।

कठिन शब्दार्थ

चार - गुप्तचर गुफिया ।
मद्यप - शराबी ।
अनिच्च - पुष्प विशेष शिरीष कुसुम!
धिषणा - बुद्धि ।
नाग - हाथी ।
कुत्सित - बुरा ।
मौढ्य - बेवकूफी ।
अभाव - दरिद्रता ।
गरिमा - श्रेष्ठता ।
बर - श्रेष्ठ ।
चौर्यहीनता - अस्तेयता ।
अमन्यु - अकोप ।
निरसन करना - दूर करना ।
हेयता - तुच्छता ।
रिपु - दुश्मन ।
अविस्मृति - स्मरण ।
नीतिच्युत - नीति से भ्रष्ट ।
सुरा - शराब
छीक आने पर नफर के दीर्धायु होने की कामना करने की परंपरा आज भी प्रचलित है ।

तिरुक्कुरल में अर्थकांड : शासन प्रकरण नृप की महिमा

381. सैन्य राज्य साथी सचिव, दुर्ग कोश षट्अंग ।
जो रखता है नृप वही, राजसिंह हो सांग ।।

382. राजा सदैव जगत में, योग्य वही कहलाय ।
ज्ञान दान उत्साह औ, दृढता जिसमें भाय ।।

383. समझे जाते भूप के, स्वाभाविक हैं शील ।
पौरुष-विद्या-जागरण, ये तीनों ही शील ।।

384. अनय नाश निज नय करण, वीरधर्म समवेत ।
वही भूप है राजता, तीनों गुणसमवेत ।।

385. धन का अर्जन नित करें, धन का करें सुपाल ।
पालित धन का धर्म से वितरण करें नृपाल ।।

386. कटुक वचन बोले विना, मिलनसार है भूप ।
उसका शासन श्रेष्ठ है, तथैव सदा अनूप ।।

387. मीठे वच से दानकर, जो हो जनगणपाल ।
उसको जग देगा सभी, चिर यश इच्छित माल ।।

388. जनता पालन नीति से जो करता मनुजेश ।
माना जाता है वही, बहुमत से सर्वेश ।।

389. सुनने में हो कटु वचन, फिर हितकर गुरु वाक ।
सहता ऐसे वचन जो, उसके वश भूभाग ।।

390. दीप सदृश वह भूप है, जो रखता गुण चार ।
दान दया शासन उचित, दलितों का उद्धार ।।

39. THE GREATNESS OF A KING

39. இறைமாட்சி

படைகுடி கூழ்அமைச்சு நட்பரண் ஆறும்
உடையான் அரசருள் ஏறு. 381

அஞ்சாமை ஈகை அறிவூக்கம் இந்நான்கும்
எஞ்சாமை வேந்தர்க் கியல்பு. 382

தூங்காமை கல்வி துணிவுடைமை இம்மூன்றும்
நீங்கா நிலனாள் பவர்க்கு. 383

அறனிழுக்கா தல்லவை நீக்கி மறனிழுக்கா
மானம் உடைய தரசு. 384

இயற்றலும் ஈட்டலும் காத்தலும் காத்த
வகுத்தலும் வல்ல தரசு. 385

காட்சிக் கெளியன் கடுஞ்சொல்லன் அல்லனேல்
மீக்கூறும் மன்னன் நிலம் 386

இன்சொலால் ஈத்தளிக்க வல்லார்க்குத் தன்சொலால்
தான்கண் டனைத்திவ் வுலகு. 387

முறைசெய்து காப்பாற்றும் மன்னவன் மக்கட்கு
இறையென்று வைக்கப் படும். 388

செவிகைப்பச் சொற்பொறுக்கும் பண்புடை வேந்தன்
கவிகைக்கீழ்த் தங்கும் உலகு. 389

கொடையளி செங்கோல் குடியோம்பல் நான்கும்
உடையானாம் வேந்தர்க் கொளி. 390

शिक्षा

391. विषय सभी है सीखना, बिनु शक यथार्थ रीति।
सीखे पथ पर गमन हो, यही हमारी नीति ॥
392. गणित-रीति के ग्रंथ सब, सर्वोपरि कहलाय।
जीवों के ये दो नयन, सदैव समझे जाय ॥
393. जो रखते हैं ज्ञानदृग वे सचमुच दृगवान।
बाकी सब के नयन दो, समझें घावसमान ॥
394. विबुध रत्न तो है वही, जिसका मुदकर योग।
औ हो जिसके विरह में, फिर विचार-संयोग ॥
395. धनी-सामने रिक्तवत्, सिखते हैं पटु लोग।
समझे जाते हैं सदा, बाकी अनपढ़ लोग ॥
396. ज्यों सैकत में खनन से, बढ़ती पानी-धार।
त्यों पढ़पढ़ कर मनुज की, बढती विवेक धार ॥
397. पढे लिखे नर केलिये, ग्राम-देश सब स्वीय।
इस स्थिति में नहिं सीखना, क्यों नहि विगर्हनीय ॥
398. एक जन्म में अधिकृता, विद्या अखंड धार।
सात जन्म तक भी उसे, कर लेगी उपकार ॥
399. निज पर दोनों के लिए, विद्या सुखकर योग्य।
अवगत होकर बुध उसे, कहते शंसन-योग्य ॥
400. विद्यारूपी वित्त इक थिर है तथैव उच्च।
बाकी धन धन ही नहीं, वे न कभी नहिं उच्च ॥

40. கல்வி

கற்க கசடறக் கற்பவை கற்றபின்
நிற்க அதற்குத் தக. 391

எண்ணென்ப ஏனை எழுத்தென்ப இவ்விரண்டும்
கண்ணென்ப வாழும் உயிர்க்கு. 392

கண்ணுடையர் என்பவர் கற்றோர் முகத்திரண்டு
புண்ணுடையர் கல்லா தவர். 393

உவப்பத் தலைக்கூடி உள்ளப் பிரிதல்
அனைத்தே புலவர் தொழில். 394

உடையார்முன் இல்லார்போல் ஏக்கற்றுங் கற்றார்
கடையரே கல்லா தவர். 395

தொட்டனைத் தூறும் மணற்கேணி மாந்தர்க்குக்
கற்றனைத் தூறும் அறிவு. 396

யாதானும் நாடாமால் ஊராமால் என்னொருவன்
சாந்துணையுங் கல்லாத வாறு. 397

ஒருமைக்கண் தான்கற்ற கல்வி ஒருவற்கு
எழுமையும் ஏமாப் புடைத்து. 398

தாமின் புறுவது உலகின் புறக்கண்டு
காமுறுவர் கற்றறிந் தார். 399

கேடில் விழுச்செல்வம் கல்வி ஒருவற்கு
மாடல்ல மற்றை யவை. 400

अशिक्षा - अनध्ययन की हेयता

401. सभा बीच में बोलना, पढे बिना सद्ग्रंथ ।
पासे का है खेल ज्यों, बिनु चौसर का अत ।।

402. अनपढ का भाषण - जतन. विद्वज्जन के बीच ।
ज्यों स्तनहीना स्त्रीत्व की, इच्छासम है नीच ।।

403. अनपढ मौनी यदि रहें, विद्वज्जन के बीच ।
तो वे नहि परिहास के, होंगे औ के बीच ।।

404. अनधिकृता गुरु - वदन से, जो विद्या मिल जाय ।
नहि स्तुति उस वर ज्ञान की, करता बुध-समुदाय ।।

405. मिथ्या-गौरव अपढ का, बुधजन-भाषण काल ।
गायब होता आप ही, यह है सच्चा हाल ।।

406. बंजर-समान जगत में, जो हैं विद्याहीन ।
यदपि मनुज हैं तदपि वे, निश्चित लाभ विहीन ।।

407. सूक्ष्म-शास्त्र के ज्ञान बिनु, जो रखते तन-रूप ।
वे मृण्मय पुतला सदृश, हैं तो भारसरूप ।।

408. बुधगत दारिद से कहीं, मूढलब्ध धन-भूति ।
बेशक हैं दुखदायिनी, इसमें न शकानुभूति ।।

409. अनपढ का कुल उच्च हो, या तो होवें नीच ।
कुलीन भी मानित नहीं, बुधसम जनता बीच ।।

410. मनुज और जानवर में रहता है विभु भेद ।
ज्यों शिक्षित औ अपढ में दिखता सम्यक् भेद ।।

41. கல்லாமை

அரங்கின்றி வட்டாடி யற்றே நிரம்பிய
நூலின்றிக் கோட்டி கொளல். 401

கல்லாதான் சொற்கா முறுதல் முலையிரண்டும்
இல்லாதாள் பெண்காமுற் றற்று. 402

கல்லா தவரும் நனிநல்லர் கற்றார்முன்
சொல்லா திருக்கப் பெறின். 403

கல்லாதான் ஒட்பம் கழியநன் றாயினும்
கொள்ளார் அறிவுடை யார். 404

கல்லா ஒருவன் தகைமை தலைப்பெய்து
சொல்லாடச் சோர்வு படும். 405

உளரென்னும் மாத்திரையர் அல்லால் பயவாக்
களரனையர் கல்லா தவர். 406

நுண்மாண் நுழைபுலம் இல்லான் எழில்நலம்
மண்மாண் புனைபாவை யற்று. 407

நல்லார்கண் பட்ட வறுமையின் இன்னாதே
கல்லார்கண் பட்ட திரு. 408

மேற்பிறந்தா ராயினும் கல்லாதார் கீழ்ப்பிறந்தும்
கற்றார் அனைத்திலர் பாடு. 409

விலங்கொடு மக்கள் அனையர் இலங்குநூல்
கற்றாரோடு ஏனை யவர். 410

शिक्षित से कई विषय सुन लेना

411. सभी धनों में श्रवणमय धन घोषित इक वित्त ।
शेष धनों में से प्रथम माना हो श्रुतिवित्त ।। ।।

412. श्रवणमयी भोजन रहित, जब होते निज कान ।
भोजन तन को देय तब, नहि सुनना बिनु कान ।।

413. इह कानों से श्रवणमय, भोजन सेवी लोग ।
मानें जाते सुरसदृश, करते हवि का भोग ।।

414. साध्य नहीं अध्ययन यदि, पावें श्रुति से ज्ञान ।
वही सहायक खेद में, हो करयष्टिसमान ।।

415. सदाचारयुत मनुज की, वाणी लोकसहाय ।
कीचडगामी को यथा, हो करयष्टिसहाय ।।

416. ज्ञान तत्व सुनना हमें, जब कि समय मिल जाय ।
सुनकर अकसर ज्ञान वह पूर्ण रूप बन जाय ।।

417. संत बहुश्रुत भी कहीं, भ्रम से तत्वविहीन ।
होकर भी वच नहि कहें, भ्रमकर असमीचीन ।।

418. सुनने से ही शास्त्र सब, सार्थक होवे कान ।
औ सुनकर हो ही श्रवण, बहरापनयुत कान ।।

419. जो श्रावक हैं शास्त्र के, मृदु भाषी वे नम्र ।
बाकीमृदुभाषी नहीं, तथैव नहि हैं नम्र ।।

420. षड्रस का जो स्वाद कर नव रस भोगविहीन ।
जीवित होकर भी उसे समझो-प्राणविहीन ।।

42. கேள்வி

செல்வத்துள் செல்வஞ் செவிச்செல்வம் அச்செல்வம்
செல்வத்து ளெல்லாந் தலை. **411**

செவிக்குண வில்லாத போழ்து சிறிது
வயிற்றுக்கும் ஈயப் படும். **412**

செவியுணவிற் கேள்வி யுடையார் அவியுணவின்
ஆன்றாரோ டொப்பர் நிலத்து. **413**

கற்றில னாயினும் கேட்க அஃதொருவற்கு
ஒற்கத்தின் ஊற்றாந் துணை. **414**

இழுக்கல் உடையுழி ஊற்றுக்கோல் அற்றே
ஒழுக்க முடையார்வாய்ச் சொல். **415**

எனைத்தானும் நல்லவை கேட்க அனைத்தானும்
ஆன்ற பெருமை தரும். **416**

பிழைத்துணர்ந்தும் பேதைமை சொல்லார் இழைத்துணர்ந்
தீண்டிய கேள்வி யவர். **417**

கேட்பினுங் கேளாத் தகையவே கேள்வியால்
தோட்கப் படாத செவி. **418**

நுணங்கிய கேள்விய ரல்லார் வணங்கிய
வாயின ராதல் அரிது. **419**

செவியிற் சுவையுணரா வாயுணர்வின் மாக்கள்
அவியினும் வாழினும் என். **420**

सच्चा ज्ञानी बनना

421. अहित नाश का मूल ही ज्ञान कहाया जाय ।
रिपुसे अगम्य दुर्गसम, वह पालित हो जाय ।।

422. ज्ञान-लब्धि का लाभ है, अघ से चित्तनिवृत्ति ।
और कृत्य के करण में, मन की सदा प्रवृत्ति ।।

423. है बहु बातें श्रवणकर, उन में जो हितवान ।
यों निर्णय में जो मदद, देता वह हो ज्ञान ।।

424. ज्ञानी बनता है वही, जो बोलें वच साफ ।
और दुरूह भी विषय को, अवगत करता साफ ।।

425. ज्ञानी सुख औं विपद में रखता है समभाव ।
पाता तथैव ज्ञान से, गुरुजन मैत्रीभाव ।।

426. जैसा जगदाचार है, वैसा उसके साथ ।
चलना ही मतिमान का, निशान है विख्यात ।।

427. भावीवेत्ता जगत में, सुविदित है धीमान ।
भावीवेत्ता जो नहीं, विदित न वह धीमान ।।

428. पाप भीतिकर काम से, नहि डरते मतिहीन ।
पर डरते हैं लोग बुध, कृति से सुपुण्यहीन ।।

429. भाविशोक का नाशकर, निज पालक धीमान ।
भोगेगा नहीं शोककटु, बुध का यही निशान ।।

430. ज्ञान मात्र से सहित जो, बनता है संपन्न ।
बिना ज्ञान औं सर्वयुत, नहि बनता संपन्न ।।

43. அறிவுடைமை

அறிவற்றங் காக்குங் கருவி செறுவார்க்கும்
உள்ளழிக்க லாகா அரண். 421

சென்ற இடத்தால் செலவிடா தீதொரீஇ
நன்றின்பால் உய்ப்ப தறிவு. 422

எப்பொருள் யார்யார்வாய்க் கேட்பினும் அப்பொருள்
மெய்ப்பொருள் காண்ப தறிவு. 423

எண்பொருள வாகச் செலச்சொல்லித் தான்பிறர்வாய்
நுண்பொருள் காண்ப தறிவு. 424

உலகம் தழீஇயது ஒட்பம் மலர்தலும்
கூம்பலும் இல்லது அறிவு. 425

எவ்வ துறைவது உலகம் உலகத்தோடு
அவ்வ துறைவது அறிவு. 426

அறிவுடையார் ஆவ தறிவார் அறிவிலார்
அஃதறி கல்லா தவர். 427

அஞ்சுவ தஞ்சாமை பேதைமை அஞ்சுவது
அஞ்சல் அறிவார் தொழில். 428

எதிரதாக் காக்கும் அறிவினார்க் கில்லை
அதிர வருவதோர் நோய். 429

அறிவுடையார் எல்லாம் உடையார் அறிவிலார்
என்னுடைய ரேனும் இலர். 430

दोष दूर करना

431. जो नर रहता है सदा, गर्व-कोप-मदहीन ।
उसकी विभूति श्रेष्ठ है, तथैव लघुताहीन ।।

432. उचित पात्र को दान नहि, मिथ्याभिमान शील ।
अनर्ह थल पर अमित मृदु, नृप के ये दुश्शील ।।

433. तिल भर के अपराध को, ताड सदृश सुमहान ।
स्वीकृत कर हो लोग बड, अघ से विमुक्तिमान ।।

434. नाशकरी रिपु-सदृश हो, जनता को ही दोष ।
जीना है अपराध बिनु, सद्गुण है निरदोष ।।

435. कसूर होने के प्रथम, जो न करें निज त्राण ।
पावक सम्मुख तृण, यथा मिटता उसका प्राण ।।

436. निरसन कर के दोष निज, और दोष का दूर ।
करने जो उत्सुक कभी, वह नहि सदोष क्रूर ।।

437. व्यय धार्मिक करता नहीं, भुक्त हि नहीं निजार्थ ।
है धनपालक कृपण को, नहि तीनों पुरुषार्थ ।।

438. धनलोलुपता लोभ का, अपर नाम है, जान ।
षट दोषों से प्रमुख यह, साधारण नहि, जान ।।

439. अवसर पाकर भी कभी, करें न निज गुण-गान ।
व्यर्थ कार्य को सोचना, हित का नहीं निशान ।।

440. प्राप्त चीज का भोग भी, कर लो खुद एकान्त ।
गुप्त-भंग से लक्ष्य का, करते हैं रिपु अंत ।।

44. ESCHEWING OF FAULTS

44. குற்றங்கடிதல்

செருக்குஞ் சினமும் சிறுமையும் இல்லார்
பெருக்கம் பெருமித நீர்த்து. **431**

இவறலும் மாண்பிறந்த மானமும் மாணா
உவகையும் ஏதம் இறைக்கு. **432**

தினைத்துணையாங் குற்றம் வரினும் பனைத்துணையாக்
கொள்வர் பழிநாணு வார். **433**

குற்றமே காக்க பொருளாகக் குற்றமே
அற்றம் தரூஉம் பகை. **434**

வருமுன்னர்க் காவாதான் வாழ்க்கை எரிமுன்னர்
வைத்தூறு போலக் கெடும். **435**

தன்குற்றம் நீக்கிப் பிறர்குற்றம் காண்கிற்பின்
என்குற்ற மாகும் இறைக்கு. **436**

செயற்பால செய்யா திவறியான் செல்வம்
உயற்பால தன்றிக் கெடும். **437**

பற்றுள்ளம் என்னும் இவறன்மை எற்றுள்ளும்
எண்ணப் படுவதொன் றன்று. **438**

வியவற்க எஞ்ஞான்றும் தன்னை நயவற்க
நன்றி பயவா வினை. **439**

காதல காதல் அறியாமை உய்க்கிற்பின்
ஏதில ஏதிலார் நூல். **440**

महान पुरुषों की सहायता संतो का सहायक बनाना

441. ज्ञान वृद्ध धर्मज्ञ औ, बुध की दोस्ती खूब ।
सोच सोच कर बार बहु, कर लें घनिष्ट भूप ।।

442. प्राप्त शोक को दूर कर, भावीशोकनिरोध ।
करने सतर्क व्यक्ति की, मैत्री हो अविरोध ।।

443. वही भाग्य है श्रेष्ठतम, जिसका हो सत्संग ।
और संत का बंधु बन, रहना ही निश्शंक ।।

444. निज से महान पुरुष का, अनुवर्तन हो जाय ।
नृप को यह चतुरंग मे, बलिष्ट समझा जाय ।।

445. विचार कर ही भूप से, दृगसम सचिवनियुक्ति ।
जिससे शासन भार बहु, ढोकर दें नृप-युक्ति ।।

446. निज मति से औ संत की, सलाह से जो राज ।
करता है कुछ नहि उसे, करता शत्रु-समाज ।।

447. ऐसे नृप को शत्रुगण, पहुंचाता नहिं हानि ।
जिसका सचिव हि भूल में, कहता नहि कटु वाणि ।।

448. नृप रिपुबाधाहीन भी, तब पाता खुद नाश ।
कटु आलोचक से रहित, जब हो सुबंधु-नाश ।।

449. पूँजी बिनु व्यापार में, नहि मिलता है लाभ ।
बिना बडों की मदद नृप, नहि पाता दृढलाभ ।।

450. जो नृप खोता संत की, संगति खुद ही प्राप्त ।
सो रिपु से दसवाँ गुणा, क्षति करता है प्राप्त ।।

45. SEEKING THE COUNSEL OF THE GREAT

45. பெரியாரைத் துணைக்கோடல்

அறனறிந்து மூத்த அறிவுடையார் கேண்மை
திறனறிந்து தேர்ந்து கொளல். 441

உற்றநோய் நீக்கி உறாஅமை முற்காக்கும்
பெற்றியார்ப் பேணிக் கொளல். 442

அரியவற்று ளெல்லாம் அரிதே பெரியாரைப்
பேணித் தமராக் கொளல். 443

தம்மிற் பெரியார் தமரா ஒழுகுதல்
வன்மையு ளெல்லாந் தலை. 444

சூழ்வார்கண் ணாக ஒழுகலான் மன்னவன்
சூழ்வாரைச் சூழ்ந்து கொளல். 445

தக்கா ரினத்தனாய்த் தானொழுக வல்லானைச்
செற்றார் செயக்கிடந்த தில். 446

இடிக்குந் துணையாரை ஆள்வாரை யாரே
கெடுக்குந் தகைமை யவர். 447

இடிப்பாரை இல்லாத ஏமரா மன்னன்
கெடுப்பா ரிலானுங் கெடும். 448

முதலிலார்க்கு ஊதியம் இல்லை மதலையாஞ்
சார்பிலார்க்கு இல்லை நிலை. 449

பல்லார் பகைகொளலிற் பத்தடுத்த தீமைத்தே
நல்லார் தொடர்கை விடல். 450

दुर्जन-संग को त्यागना

451. दुष्ट संग से भीत हो, अलग रहें बड लोग ।
बंधु मानते दुष्ट को, हर्षित नीच हि लोग ।।

452. भूमि भेद से भिन्न रस, ज्यों पाता है पानि ।
त्यों नर संगति-भेद से, रखता बहु मति वाणि ।।

453. साधारण मय ज्ञान का, मन होता है मूल ।
भले बुरे के ज्ञान का, संगति ही है मूल ।।

454. विवेक भी मन में उदित, होता है तू जान ।
पर उसका भी मूल है, संगति तू पहचान ।।

455. चित्तशुद्धि कृति शुद्धि का, क्या हो सकता मूल ।
सत्संगति हो मनुज के, दोनों का ही मूल ।।

456. जैसे नर है पूतमति, वैसी हो सन्तान ।
सत्संगतियुत मनुज को सब कुछ शुभशुचिमान ।।

457. चित्तशुद्धि से जीव को, मिलती धनाभिवृद्धि ।
सत्संगति दें जींव को शुचियुत यशोभिवृद्धि ।।

458. कुछ में अच्छे कर्म से, चित्तशुद्धि हो आप ।
चित्तशुद्धि की वृद्धिकर, सत्संगति का लाभ ।।

459. चित्तशुद्धि मे लोग कुछ, पाते ऐहिक भोग ।
भोग-विघ्न का नाशकर, संतों का हो योग ।।

460. सत्संगतिसम और नहि, आमोदकरी मित्र ।
दुस्संगतिसम और नहि, पीडाकरी अमित्र ।।

46. சிற்றினம் சேராமை

சிற்றினம் அஞ்சும் பெருமை சிறுமைதான்
சுற்றமாச் சூழ்ந்து விடும். 451

நிலத்தியல்பால் நீர்திரிந்து அற்றாகும் மாந்தர்க்கு
இனத்தியல்பது ஆகும் அறிவு. 452

மனத்தான்ஆம் மாந்தர்க்கு உணர்ச்சி இனத்தானாம்
இன்னான் எனப்படுஞ் சொல். 453

மனத்துளது போலக் காட்டி ஒருவற்கு
இனத்துளது ஆகும் அறிவு. 454

மனந்தூய்மை செய்வினை தூய்மை இரண்டும்
இனந்தூய்மை தூவா வரும். 455

மனந்தூயார்க் கெச்சம்நன் றாகும் இனந்தூயார்க்கு
இல்லைநன் றாகா வினை. 456

மனநலம் மன்னுயிர்க் காக்கம் இனநலம்
எல்லாப் புகழும் தரும். 457

மனநலம் நன்குடைய ராயினும் சான்றோர்க்கு
இனநலம் ஏமாப் புடைத்து. 458

மனநலத்தின் ஆகும் மறுமைமற் றஃதும்
இனநலத்தின் ஏமாப் புடைத்து. 459

நல்லினத்தி னூங்குந் துணையில்லை தீயினத்தின்
அல்லற் படுப்பதூஉம் இல். 460

विमर्शनकारिता

खूब सोच विचार कर काम करने की रीति

461. पहले व्यय फिर लाभ की, चर्चा नित की जाय।
फिर ही ज्ञानी काम में, तत्पर हो लग जाय ।।

462. विमर्शकर पटु मित्र से, फिर खुद सोच विचार।
जो करता है कृति उसे, कठिन न कारोबार ।।

463. भावि लाभ की चाह से, करगत पूँजी माल।
बुद्धिमान करते कभी, नहि हैं इस्तेमाल ।।

464. बिना किये ही लाभ की, सीमा का सुविचार।
मानभीरू सहसा नहीं, करते कारोबार ।।

465. देश काल औ शत्रुबल, समझे बिना हि भूप।
यदि रणरत हो जो उसे, रिपुहित नष्ट अनूप ।।

466. अकृत्य करना कृत्य का, तजना दोनों काम।
निधनमूल जन के लिए, नहि मिलता आराम ।।

467. कार्यसिद्धि पहचानकर, अपनाओ निजकाम।
कृत में उपाय सोचना, असफलता का काम ।।

468. मिलने पर भी बहु मदद, चारों ही पुरुषार्थ।
जो लाता नहि काम में, वह कृति में असमर्थ ।।

469. जो पर गुण समझे बिना, बनता है कृतिमान।
उसका प्रयास हो सभी, दोषों से युत जान ।।

470. अपनी सीमा जानकर, करना सब कुछ काम।
नहि तो निन्दा लोक की, औ होगा बदनाम ।।

47. ON ACTING WITH FORE THOUGHT

47. தெரிந்து செயல்வகை

அழிவதூஉம் ஆவதூஉம் ஆகி வழிபயக்கும்
ஊதியமும் சூழ்ந்து செயல். 461

தெரிந்த இனத்தோடு தேர்ந்தெண்ணிச் செய்வார்க்கு
அரும்பொருள் யாதொன்றும் இல். 462

ஆக்கம் கருதி முதலிழக்கும் செய்வினை
ஊக்கார் அறிவுடை யார். 463

தெளிவி லதனைத் தொடங்கார் இளிவென்னும்
ஏதப்பாடு அஞ்சு பவர். 464

வகையறச் சூழா தெழுதல் பகைவரைப்
பாத்திப் படுப்பதோ ராறு. 465

செய்தக்க அல்ல செயக்கெடும் செய்தக்க
செய்யாமை யானும் கெடும். 466

எண்ணித் துணிக கருமம் துணிந்தபின்
எண்ணுவம் என்பது இழுக்கு. 467

ஆற்றின் வருந்தா வருத்தம் பலர்நின்று
போற்றினும் பொத்துப் படும். 468

நன்றாற்ற லுள்ளுந் தவறுண்டு அவரவர்
பண்பறிந் தாற்றாக் கடை 469

எள்ளாத எண்ணிச் செயல்வேண்டும் தம்மொடு
கொள்ளாத கொள்ளாது உலகு. 470

बल का बोध ताकत जानना

471\. स्वीकृत कृति की प्रबलता, रिपु औ निज की शक्ति ।
लग जा कृति में जाँचकर दोनों दल की शक्ति ।।

472\. कार्य-सिद्धि युत शक्ति की, खूब जाँच की जाय ।
ऐसे साधक को सभी, कार्य सरल हो जाय ।।

473\. निज बल थोडा भूलकर, सिर्फ जोश से कार्य ।
जो करते हैं बीच में, होते विघ्नित कार्य ।।

474\. निजबल जाने बिना, किये बिनु च पर-नेह ।
आत्मश्लाघा शील की, मिटती सशीघ्र देह ।।

475\. पंखसदृश लघु वजन से, नही शकट की हानि ।
अधिक भार के वहन से, अक्ष भंग की हानि ।।

476\. पेड़-शिखर पहुँचकर भी, फिर आगे बढ़ जाय ।
डाल भग्न हो जीव भी गिरकर मृत हो जाय ।।

477\. यथाशक्ति जो धर्म से, करता है धन-दान ।
उसका धन सदैव नहीं, पावेगा अवसान ।।

478\. अगर आय कम हो सदा, तो भी वह नहि दोष ।
व्यय बहुहो यदि आय से, संभव हो बहु दोष ।।

479\. अर्जित से जो अधिक धन, करता है नित खर्च ।
उसका धन थिर है नहीं, मोहसमान विवर्ज ।।

480\. जो रत परोपकार में, बिनु सोचे ही आय ।
उसका धन तो शीघ्रही, कम होता रह जाय ।।

48. வலியறிதல்

வினைவலியும் தன்வலியும் மாற்றான் வலியும்
துணைவலியும் தூக்கிச் செயல். **471**

ஒல்வ தறிவது அறிந்ததன் கண்தங்கிச்
செல்வார்க்குச் செல்லாதது இல். **472**

உடைத்தம் வலியறியார் ஊக்கத்தின் ஊக்கி
இடைக்கண் முரிந்தார் பலர். **473**

அமைந்தாங் கொழுகான் அளவறியான் தன்னை
வியந்தான் விரைந்து கெடும். **474**

பீலிபெய் சாகாடும் அச்சிறும் அப்பண்டம்
சால மிகுத்துப் பெயின். **475**

நுனிக்கொம்பர் ஏறினார் அஃதிறந் தூக்கின்
உயிர்க்கிறுதி யாகி விடும். **476**

ஆற்றின் அளவறிந்து ஈக அதுபொருள்
போற்றி வழங்கும் நெறி. **477**

ஆகாறு அளவிட்டி தாயினுங் கேடில்லை
போகாறு அகலாக் கடை **478**

அளவறிந்து வாழாதான் வாழ்க்கை உளபோல
இல்லாகித் தோன்றாக் கெடும். **479**

உளவரை தூக்காத ஒப்புர வாண்மை
வளவரை வல்லைக் கெடும். **480**

काल का बोध - समयोचित कार्य जानना

481. पा लेता है दिवस में, उलूक पर जय काक ।
उचित काल की ताक में, रहता नृप जय-भाक ।।

482. सोचकर बार बहु, उचित काल में काम ।
शुरु किया जो वह करें, अस्थिर को थिर दाम ।।

483. उचित काल में युक्तियुत, जो करता है काम ।
उसको कुछ भी कठिन नहि, साध्य सभी हैं काम ।।

484. जो लगता है काम में, कालस्थलानुसार ।
कर सकता है राज्य वह, वशकर सब संसार ।।

485. जग-शासन की चाह यदि, हो तो फिक्र न लाभ ।
उचित काल की ताक में, रह निष्क्रिय चुपचाप ।।

486. जयरत अज का पृष्ठ तक, गमन-नीति है ठीक ।
रणविमुखी नृप समय ही, ताकें चुप हो ठीक ।।

447. हैं बुध रिपु के सामने, नहीं दिखाते कोप ।
कार्य साधते काल में, अन्दर ही रख कोप ।।

448. नाशकाल होते समय, रिपु-सिर-गिरता आप ।
तब तक जिगीषु मनुज को, रहना है चुपचाप ।।

489. सही काल मिलते समय, फिरनहि मिलना साध्य ।
ऐसा कृतिकर सोचकर, लखना समय असाध्य ।।

490. कार्यकाल तक बकसदृश, रहना निष्क्रिय मौन ।
कार्यकाल में कार्य को, सफल करो बिनू मौन ।।

49. ON SEIZING THE OPPORTUNE MOMENT

49. காலம் அறிதல்

பகல்வெல்லும் கூகையைக் காக்கை இகல்வெல்லும்
வேந்தர்க்கு வேண்டும் பொழுது. 481

பருவத்தோடு ஒட்ட ஒழுகல் திருவினைத்
தீராமை ஆர்க்கும் கயிறு. 482

அருவினை என்ப உளவோ கருவியான்
காலம் அறிந்து செயின். 483

ஞாலம் கருதினுங் கைகூடும் காலம்
கருதி இடத்தாற் செயின். 484

காலம் கருதி இருப்பர் கலங்காது
ஞாலம் கருது பவர். 485

ஊக்க முடையான் ஒடுக்கம் பொருதகர்
தாக்கற்குப் பேருந் தகைத்து. 486

பொள்ளென ஆங்கே புறம்வேரார் காலம்பார்த்து
உள்வேர்ப்பர் ஒள்ளி யவர். 487

செறுநரைக் காணின் சுமக்க இறுவரை
காணின் கிழக்காம் தலை. 488

எய்தற் கரியது இயைந்தக்கால் அந்நிலையே
செய்தற் கரிய செயல். 489

கொக்கொக்க கூம்பும் பருவத்து மற்றதன்
குத்தொக்க சீர்த்த இடத்து. 490

स्थल का बोध - कार्य - पूर्ति के लिए उचित जगह जानना

491. शुरू न करे कोई करम, रिपु निन्दा तजनीय ।
जब तक सैनिक दुर्ग की संस्था न स्थापनीप ।।

492. दृढपालित थल पहुँचकर, विशिष्ट जल संपन्न ।
नृप को लखकर शत्रुजन, हो जाते भय भग्न ।।

493. पाकर पालित जगह को, निज पालन में लीन ।
रणरत दुर्बल भूप भी, बनता प्रबलाधीन ।।

494. उचित जगह पहँचानकर, उस थल से रणमग्न ।
नृप को लखकर शत्रुजन, हो जाते भय भग्न ।।

495. गहरे जल में मगर की होती नहिं है हार ।
वही किनारे दिख पडे, बनता निजल-शिकार ।।

496. सबलचक्रयुत रथ बडा, न सिन्धु पर गमनीय ।
जलगामी नावें सभी, भू पर नहिं गमनीय ।।

497 यदि नृप समुंचित देश पर, रहकर बारंवार ।
कर विचार कृति में लगें, तो निश्चित जयकार ।।

498. अल्पसैन्ययुत भूप यदि, गुप्तस्थलसमवेत ।
हो, ना पायेगा निधन, रिपुबहुबलसमवेत ।।

499. दुर्गस्थल विहीन तथा, असररहित नरनाथ ।
है अजेय यदि रह रहें, निज थल पर दिनरात ।।

500. शूलपाणियुत वीर का, वधकर दंतसमेत ।
हो गज यदि पंकगत तो सियार जीतसमेत ।।

50. ON CHOOSING THE RIGHT PLACE

50. இடன் அறிதல்

தொடங்கற்க எவ்வினையும் எள்ளற்க முற்றும்
இடங்கண்ட பின்அல் லது. **491**

முரண்சேர்ந்த மொய்ம்பி னவர்க்கும் அரண்சேர்ந்தாம்
ஆக்கம் பலவுந் தரும். **492**

ஆற்றாரும் ஆற்றி அடுப இடனறிந்து
போற்றார்கண் போற்றிச் செயின். **493**

எண்ணியார் எண்ணம் இழப்பர் இடனறிந்து
துன்னியார் துன்னிச் செயின். **494**

நெடும்புனலுள் வெல்லும் முதலை அடும்புனலின்
நீங்கின் அதனைப் பிற. **495**

கடலோடா கால்வல் நெடுந்தேர் கடலோடும்
நாவாயும் ஓடா நிலத்து. **496**

அஞ்சாமை அல்லால் துணைவேண்டா எஞ்சாமை
எண்ணி இடத்தாற் செயின். **497**

சிறுபடையான் செல்லிடம் சேரின் உறுபடையான்
ஊக்கம் அழிந்து விடும். **498**

சிறைநலனும் சீரும் இலரெனினும் மாந்தர்
உறைநிலத்தோடு ஒட்டல் அரிது. **499**

காலாழ் களரில் நரியடும் கண்அஞ்சா
வேலாள் முகத்த களிறு. **500**

जाँचकर भरोसा करना-सोच विचार कर उम्मीद करना

501. धर्म अर्थ इच्छा तथा प्राणभीरूता चार।
युक्ति जांचकर दूत पर सौंपो कारोबार॥

502. जिसमें है निर्दोषिता, पाप भीरूता लाज।
औ कुलीनता है वही, नृप का प्रत्यय-भाज॥

503. दोषरहित बहुग्रंथ के, वेत्ता है धीमान्।
असकृत उनकी जाँच से, दिखता है अज्ञान॥

504. गुणावगुण को जानकर करो गुणी स्वीकार।
अवगुणवाले को सदा नहीं करो स्वीकार॥

505. गुरूता-लघुता व्यक्ति की, तत्कृतकृति की जाँच।
करके जाहिर है यथा, बनें कसौटी साँच॥

506. बंधुहीन जन पर कभी, नहि रखना विश्वास।
बंधनविहीन धैर्य से, रखता है सब आस॥

507. प्रत्यय करके अज्ञ पर, उनका कार्य-नियोग।
फलदायक होगा न औ, हो नृपबुद्धि-वियोग॥

508. जो कृति पर अज्ञात का, करता है तैनात।
वह खुद पाता है निधन, औ संतति-आघात॥

509. प्रत्यय करना चाहिए, जन पर सोच-विचार।
आशा सह विश्वस्त का, कृतिनियोग सत्कार॥

510. आशा रखना नफर पर, सोचे बिना न ठीक।
निराश रखना नफर पर, सोचकर भी न ठीक।

51. தெரிந்து தெளிதல்

அறம்பொருள் இன்பம் உயிரச்சம் நான்கின்
திறந்தெரிந்து தேறப் படும். 501

குடிப்பிறந்து குற்றத்தின் நீங்கி வடுப்பரியும்
நாணுடையான் கட்டே தெளிவு. 502

அரியகற்று ஆசற்றார் கண்ணும் தெரியுங்கால்
இன்மை அரிதே வெளிறு. 503

குணம்நாடிக் குற்றமும் நாடி அவற்றுள்
மிகைநாடி மிக்க கொளல். 504

பெருமைக்கும் ஏனைச் சிறுமைக்கும் தத்தம்
கருமமே கட்டளைக் கல். 505

அற்றாரைத் தேறுதல் ஓம்புக மற்றவர்
பற்றிலர் நாணார் பழி. 506

காதன்மை கந்தா அறிவறியார்த் தேறுதல்
பேதைமை எல்லாம் தரும். 507

தேரான் பிறனைத் தெளிந்தான் வழிமுறை
தீரா இடும்பை தரும். 508

தேறற்க யாரையும் தேராது தேர்ந்தபின்
தேறுக தேறும் பொருள். 509

தேரான் தெளிவும் தெளிந்தான்கண் ஐயுறவும்
தீரா இடும்பை தரும். 510

जाँचकर कार्य करना योग्य व्यक्ति पर कार्य सौंपदेना

511. बुरा भला जी जाँचकर, भला चाहता रोज ।
काम-काज है सौंपना, करके उसकी खोज ।।

512. आय-तरीका जाँचकर, जो बनता धनवान ।
राजकाज पर शक बिना, नियुक्त हो वह, ज्ञान ।।

513. ज्ञान नेह निर्माल्य औ, लोभ शून्य ये चार ।
जिसमें रहतें वह करें, राजकीय व्यापार ।।

514. शील जाँच में विजित कुछ, पद पर विराजमान ।
आखिर पद के मोह से, बनते कुबुद्धिमान ।।

515. राजकीय कृति पर नियत, करना उसे कसूर ।
जो कृति करने चतुर नहि, कठिनाई कर दूर ।।

516. नृप से नियुक्त है वही, जो तो कर्त्ता-शील ।
क्रिया-तत्व औ समयका, करता है परिशील ।।

517. अमुक हेतु से अमुक कृति, करने जो है योग्य ।
ऐसा विचार कर वही, राजकाजपर योग्य ।।

518. समर्थ पर कृति भार दें, फिर करने अधिकार ।
उसको देना चाहिए, यह है राजाचार ।।

519. बधुसदृश स्वीकृत करम, जो करता सप्रेम ।
निकालनेवाला उसे, खोता लक्ष्मीप्रेम ।।

520. यदि खुश हो मजदूर सब, तो हो खुश संसार ।
मजदूरों को नृप करें, चिन्तामुक्त अपार ।।

52. ON SELECTING AND EMPLOYING MEN

52. தெரிந்து வினையாடல்

நன்மையும் தீமையும் நாடி நலம்புரிந்த
தன்மையான் ஆளப் படும். 511

வாரி பெருக்கி வளம்படுத்து உற்றவை
ஆராய்வான் செய்க வினை. 512

அன்பறிவு தேற்றம் அவாவின்மை இந்நான்கும்
நன்குடையான் கட்டே தெளிவு. 513

